सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 20 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 167, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स 36 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड पर

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंच गया। } 14

## प्रधानमंत्री 20-21 जून को जम्मू एवं कश्मीर का दौरा करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 और 21 जून को जम्मू कश्मीर का दौरा करेंगे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की जम्मू कश्मीर की यह पहली यात्रा है। } 16

## संक्षेप

### कल्लाकुरिची में शराब पीने से 10 लोगों की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में शराब पीने से 10 लोगों की मौत होने की सूचना है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मामले में सीबी-सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं।

जिला कलेक्टर श्रवणकुमार जाटवथ का तबादला कर दिया गया है। एमएस प्रशांत को कल्लाकुरिची जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। कल्लाकुरिची के एसपी समयसिंह मीना को निलंबित कर दिया गया है। रजत चतुर्वेदी को नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। कई पुलिस अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है।

### सीएम केजरीवाल की हिरासत 3 तक बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल को, उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। अदालत में सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका विरोध करते हुए कहा कि उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है। न्यायाधीश ने इस मामले में केजरीवाल द्वारा दिये गये जमानत आवेदन पर भी दलीलें सुनीं। न्यायाधीश बृहस्पतिवार को भी इस आवेदन पर दलीलें सुनेंगे। अदालत में जिरह के दौरान केजरीवाल के वकील ने अदालत से कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ पूरा मामला बयानों पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों के मारे जाने की आशंका है, जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह बारामूला जिले के वाटरगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर दो शव देखे गए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें बरामद नहीं किया जा सका है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी - एक पुलिसकर्मी और सेना का एक जवान - घायल हो गए।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- वर्षा का जल अमृत सरोवरों तक हर हाल में पहुंचे : मौर्य (पृष्ठ-02)
- लखनऊ-हरदोई के बीच जल्द निर्मित होगा टेक्सटाइल्स पार्क (पृष्ठ-02)
- ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 63वें स्थान पर (पृष्ठ-14)
- कोयला भंडार 32 प्रतिशत बढ़कर 4.5 करोड़ टन (पृष्ठ-14)
- बिजली की मांग रिकॉर्ड 8,656 मेगावाट पर (पृष्ठ-14)


## हिमाचल उपचुनाव में मध्यम उंगली पर लगेगी स्याही

एजेंसी




हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश के देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं की तर्जनी के बजाय मध्यम उंगली पर स्याही लगाई जाएगी।

हिमाचल प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग ने यह जानकारी दी। हाल में सात चरणों में हुए लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में भी मतदान हुआ था, इस दौरान मतदाताओं के हाथों की तर्जनी अंगुली पर स्याही लगाई गई थी और अभी तक कई क्षेत्रों के मतदाताओं की उंगली से इसकी स्याही नहीं मिट पाई है। इसको देखते हुए चुनाव आयोग ने उपचुनाव के लिए मध्यम उंगली पर स्याही लगाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि एक अधिसूचना में हिमाचल प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग ने हमीरपुर, कांगड़ा और सोलन जिलों के जिला चुनाव आयुक्तों को बाएं हाथ की तर्जनी के बजाय मध्यम उंगली पर स्याही लगाने का निर्देश दिया है। अधिसूचना पत्र में यह कहा गया है कि यदि वर्तमान चुनाव की तिथि से दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द, सीबीआई करेगी जांच

### गृह मंत्रालय की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का लिया फैसला

एजेंसी




नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के तहत काम करने वाली स्वायत्त एजेंसी एनटीए ने मंगलवार को हुई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया।

मेडिकल इंट्रेंस परीक्षा रिजल्ट का विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा है कि शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को भी रद्द करने का एलान किया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। सरकार के मुताबिक परीक्षा में गड़बड़ी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा रही है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एनटीए ने यूजीसी-नेट परीक्षा 18 जून, 2024 को देश के विभिन्न शहरों में दो चरणों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित की थी। 19 जून यानी आज यूजीसी को परीक्षा के लिए गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट मिले। इन जानकारियों से प्रथम दृष्टया संकेत मिला कि परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता किया गया होगा। बयान में कहा गया कि परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने फैसला लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द की जाए। एक नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। इसके साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामलों को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से कई तीखे सवाल किए। अदालत ने कहा कि अगर नीट परीक्षा में 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है तो उससे निपटा जाना चाहिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। मेडिकल की इस परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं की मेहनत पर बात करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका को विरोधात्मक भाव से नहीं देखा जाना चाहिए।

# भीषण गर्मी से हाहाकार, दर्जनों की मौत

### अभी तक कई प्रदेशों में लोगों ने हीटवेव के चलते गवायी जान

एजेंसी





नई दिल्ली। देश में गर्मी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लगातार लोग हीटवेव का शिकार हो रहे है, जिसके कारण लोगों की जान पर बन आयी है और अभी तक कई प्रदेशों में काफी संख्या में लोगों ने हीटवेव के चलते जान गवां दी हैं। हालांकि इस बाबत अभी तक सरकार की ओर से कोई आकड़ा जारी नहीं किया गया है।

दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 24 घंटे में 13 मृत मरीज को लाया गया। वहीं सफदरजंग में पांच लोगों की भी जान चली गई। बढ़ती गर्मी के बाद एक दिन में अभी तक सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। राजधानी दिल्ली, एनसीआर समेत पूरे देश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। नोएडा के बाद दिल्ली में 13 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि यूपी में भी मौत का आकड़ा काफी बढ़ चुका है। 13 मृत शव आरएमएल में लाए गए और सफदरजंग में पांच की मौत हुई है। वहीं नोएडा में गर्मी से बुधवार को 14 लोगों की जान चली गई। दिल्ली में बीती रात 12 साल की सबसे गर्म रही और न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भी मौत के आंकड़े सामने आए हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आज 15 लोगों को भर्ती किया गया। जिसमें से पांच की मौत हो चुकी है। अब तक 27 को भर्ती किया गया है। जिसमें से चार की मौत हुई। जिसके बाद कुल मामले 45 पहुंच गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हीटवेव की स्थिति और केंद्र सरकार के अस्पतालों में तैयारी को लेकर समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने सभी अस्पतालों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विशेष हीटवेव यूनिट को केंद्रीय सरकार के अस्पतालों को निर्देश दिया है। नोएडा में अलग-अलग इलाकों में 14 लोगों की संदिग्ध मौत हो गई है। इन सब की मौत के पीछे लू और हीट स्ट्रोक की आशंका जताई जा रही है। लेकिन इसकी अभी तक पुष्टि नहीं की जा सकी है। पुलिस का दावा है कि इनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। संबंधित कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के गेट नंबर पांच के पास कूड़ा बीनने वाले युवक का शव मिला।

उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सेक्टर एक स्थित टकसाल के पास शाम को करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। आसपास के लोगों ने बुजुर्ग की भीषण गर्मी के कारण मौत होने की आशंका जताई। मौसम कार्यालय ने कहा कि शहर में पिछली सबसे गर्म रात जून 2012 में दर्ज की गई थी जब न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मंगलवार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मक्का में गर्मी का कहर, 68 भारतीयों समेत 645 हज यात्रियों की गयी जान

एजेंसी

एएफपी, यरुशलम। सऊदी अरब के मक्का मदीना में हज यात्रा के लिए लाखों हज यात्री इकट्ठा हुए हैं। इस बीच यात्रियों को भीषण गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि मक्का में गर्मी से कुल 600 हज यात्रियों की मौत हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा 323 तो मिस्र के हैं। वहीं, 68 भारतीय नागरिक शामिल है। इन सभी यात्रियों की मौत के लिए भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को जिम्मेदार बताया गया है।

सऊदी अरब में एक राजनयिक ने बताया कि 'हमने करीब 68 लोगों की मौत की पुष्टि की है... कुछ की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है और हमारे साथ कई बुजुर्ग तीर्थयात्री भी थे। कुछ की मौत मौसम की वजह से हुई है, ऐसा हमारा अनुमान है।' वहीं, एक राजनयिक ने इन सभी की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि मिस्र के 323 हज यात्रियों में सिवाय एक को छोड़कर सभी की मौत गर्मी की वजह से हुई है। वहीं एक हज यात्री भीड़ के दौरान घायल हो गया। यह आंकड़ा मक्का के पास अल-मुआइसम में अस्पताल के मुर्दाघर से आया है। राजनयिकों के मुताबिक कम से कम 60 जॉर्डन के लोगों की भी मौत हुई है, जबकि मंगलवार को अम्मान द्वारा आधिकारिक तौर पर 41 लोगों की मौत की जानकारी दी गई थी।

## यूपी में राजनीति को मोहब्बत की दुकान बनायेंगे : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को जन्मदिन की बधाई देने के लिए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया और कहा कि यूपी के दो लड़के हिंदुस्तान की राजनीति को मोहब्बत की दुकान खटाखट खटाखट बनाएंगे।

राहुल गांधी बुधवार को 54 साल के हो गए और इस मौके पर कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यादव के पोस्ट को फिर से साझा करते हुए राहुल गांधी ने कहा, आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद अखिलेश यादव जी। यूपी के दो लड़के हिंदुस्तान की राजनीति को मोहब्बत की दुकान बनाएंगे - खटाखट खटाखट। हाल ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन किया। सपा ने उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीट में से 37 और कांग्रेस ने छह सीट जीतीं। उत्तर प्रदेश में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 14 खरीफ फसलों की एमएसपी को मंजूरी

### धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य को 117 रुपये बढ़ाया, अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

एजेंसी



नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने खरीफ फसल सीजन 2024-25 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 117 रुपये बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति क्विंटल करने को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने तीसरे कार्यकाल की दूसरी कैबिनेट मीटिंग बुलाई। मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट के फैसलों के बारे में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास समेत खरीफ की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। अश्विनी वैष्णव ने कहा ह्यआज कैबिनेट में किसान कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। खरीफ फसल के लिए 14 फसलों पर कैबिनेट ने एमएसपी को मंजूरी दी है। धान का नया एमएसपी 2,300 रुपये किया गया है, जो पिछले एमएसपी से 117 रुपए अधिक है। खरीफ की फसलों के नए एमएसपी पर अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आज के फैसले से किसानों को एमएसपी के तौर पर करीब दो लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह पिछले सीजन से 35000 करोड़ रुपये अधिक है।

### केंद्रीय कैबिनेट के अहम फैसले

कपास का एमएसपी 501 रुपये बढ़ा, कैबिनेट ने 2024-25 खरीफ फसल सीजन के लिए धान के एमएसपी में 117 रुपये से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी, कैबिनेट ने धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास सहित 14 खरीफ सीजन की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है, सरकार की ओर से 2 लाख गोदाम बनाने का काम किया जा रहा है, कैबिनेट ने 2024-25 खरीफ फसल सीजन के लिए धान के एमएसपी में 117 रुपये से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी। महापालगर-बधावन बंदरगाह परियोजना को मंजूरी कैबिनेट ने महाराष्ट्र में 76,000 करोड़ रुपये की वधावन बंदरगाह परियोजना को मंजूरी दी, पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह किसानों के कल्याण के लिए कई निर्णयों के माध्यम से बदलाव के साथ निरंतरता पर केंद्रित है। 76,200 करोड़ रुपये के पूरा होने पर पोर्ट दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा। मंत्रिमंडल ने गुजरात, तमिलनाडु में 7,453 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 1 गीगावॉट अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास के लिए 2,869.65 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें नया टर्मिनल, रनवे विस्तार, नया रनवे और अंडरपास राजमार्ग शामिल है।

विशेष खबर

### सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है : प्रधानमंत्री मोदी

## प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में फिर से भारत की बने पहचान

एजेंसी



राजगीर, (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है और उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने। मोदी ने यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा विहार के परिसर का भ्रमण करने और उसके अवशेषों का अवलोकन करने के बाद नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नालंदा उस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना, भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा का विकास होता है तो अर्थव्यवस्था और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत होती हैं। हम विकसित देशों को देखें तो पाएंगे कि वे अर्थ, सांस्कृतिक लीडर तब बने जब एजुकेशनल लीडर हुए। मोदी ने कहा कि आज दुनिया भर के छात्र उन देशों में जाकर पढ़ना चाहते हैं। कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे स्थानों में हुआ करती थी। इसलिए यह केवल सहयोग नहीं है कि जब भारत शिक्षा में आगे था तब उसकी आर्थिक सामर्थ्य भी नयी ऊंचाई पर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह किसी भी राज्य के विकास के लिए बुनियादी रोड मैप है, इसलिए 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा भारत, शिक्षा के क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने। इसके लिए भारत आज बहुत कम उम्र से ही अपने छात्रों को नयी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ठगों पर हुई बड़ी कार्रवाई, 30 हजार मोबाइल नंबर होंगे बंद

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने ऐसे ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 हजार से अधिक मोबाइल नंबर को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा जिन मोबाइल में इन नंबरों का इस्तेमाल किया गया है उन्हें भी ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है।

सरकार स्कैमर्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने जा रही है। आपने देखा होगा कि कई लोगों के पास आजकल बिजल कनेक्शन काटने के मैसेज खूब आ रहे हैं। इसके अलावा लोगों को केवाईसी के भी मैसेज आ रहे हैं। ये दोनों फर्जी मैसेज हैं और इन मैसेज के जरिए लोगों को जाल में फंसाकर चूना लगाया जा रहा है। अब सरकार ने ऐसे ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 हजार से अधिक मोबाइल नंबर को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा जिन मोबाइल में इन नंबरों का इस्तेमाल किया गया है उन्हें भी ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है। दूरसंचार विभाग ने करीब 30 हजार नंबर और 400 मोबाइल को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। दरअसल ये सभी मोबाइल नंबर और मोबाइल स्कैम में शामिल थे। इन नंबर से लोगों को फर्जी मैसेज किए जाते थे और फिर उनके साथ ठगी होती थी। दूरसंचार विभाग ने चक्षु पोर्टल पर मिली शिकायतें के आधार पर यह कार्रवाई की है। यदि आपके पास भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## समाजवादी छात्रसभा ने नीट की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान के नेतृत्व में समाजवादी छात्रसभा मध्य प्रदेश की प्रदेश, जिला एवं महानगर इकाईयों जिसमें छतरपुर, रीवा, टीकमगढ़, पन्ना, दतिया, निवाड़ी, अशोकनगर और शिवपुरी में नीट-यूजी 2024 परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। समाजवादी छात्रसभा के प्रतिनिधिमण्डलों ने ज्ञापन में कहा कि मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसमें यह भी स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं। इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## पर्यटन विभाग को दी जायेगी 6.8590 हेक्टेयर भूमि

**लखनऊ।** मथुरा के अंतर्गत तहसील सदर में स्थित ग्राम जचौंदा में प्रस्तावित कुल क्षेत्रफल 6.8590 हेक्टेयर भूमि को जनसुविधाओं, पड़ाव एवं शिल्पग्राम की स्थापना के लिए ग्राम समाज की इस भूमि को पर्यटन विभाग के निवर्तन पर निःशुल्क हस्तान्तरित की जायेगी। इस मामले में आवश्यकतानुसार अग्रेतर निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। इस भूमि के संबंध में कतिपय शर्त एवं प्रतिबंधों का अनुपालन अनिवार्य रूप से करना होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस भूमि के हस्तान्तरण संबंधी प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। भूमि के स्वामित्व के बिन्दु पर पर्यटन निदेशालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित भूमि जिस प्रयोजन के लिए निःशुल्क हस्तान्तरित की जानी है उसके लिए सक्षम संस्था द्वारा निर्धारित मानक से अधिक न हो। इसके अलावा भूमि विवाद रहित हो।

# वर्षा का जल अमृत सरोवरों तक हर हाल में पहुंचे : केशव मौर्य

## अमृत सरोवरों के मेंटिनेंस पर ग्राम्य विकास विभाग का विशेष फोकस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश में सभी वर्षा जल संचयन संबंधी संरचनाओं एवं अमृत सरोवर के कैचमेन्ट क्षेत्र का विकास करने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने

- अमृत सरोवरों के कैचमेंट क्षेत्र का विकास कर पुनरुद्धार करने के दिये गये निर्देश

अमृत सरोवरों के पुनरुद्धार एवं वर्षा ऋतु से पहले उनका जीर्णोद्धार किये जाने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं, जिससे वर्षा का जल संचयन आसानी से हो सके। उप मुख्यमंत्री के निदेशों के क्रम में इस दृष्टिगत जिलाधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग की मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए गये अमृत सरोवरों के रख-रखाव व उसके मेंटिनेंस पर विशेष बल दिया बल दिया जा रहा है। भीषण गर्मी में अमृत सरोवरों के पुनरुद्धार के लिए ग्राम्य विकास विभाग मुख्यालय स्तर से जनपदों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। अमृत सरोवरों के कैचमेंट क्षेत्र को विकसित करने के निर्देश दिये गए हैं।



कैचमेंट एरिया विकसित होने से आने वाली वर्षा ऋतु में बारिश का पानी आसानी से संरक्षित हो सकेगा, इसके साथ ही सरोवरों में आने वाली पानी के श्रोत भी बरकरार रह सकेंगे एवं जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे और सरोवरों में पर्याप्त मात्रा में जल संचयन बना रहेंगा। गांवों में बनाए गये अमृत सरोवरों में पानी साफ और स्वच्छ रहे, इसका भी ख्याल रखा गया है, इस हेतु गांव का गंदा पानी सरोवर में न जाए इसके लिए फिल्टरिंग चौंबर का प्राविधान सुनिश्चित करने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। जिन तालाबों में सिल्ट आदि जमा हो गई है, उसके पुनरुद्धार हेतु योजना के अंतर्गत प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। जिससे बारिश का पानी सरोवर में अधिक से अधिक संरक्षित हो सके।

जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि जल स्त्रोत को बचाने के दृष्टिगत आवश्यक है कि वर्षा जल संचयन रिचार्जिंग तकनीकी से भूगर्भ जल स्तर को ठीक रखा जाए। मनरेगा योजनान्तर्गत पारम्परिक जल स्त्रोतों के जल संरक्षण हेतु चेकडैम, रिचार्ज पिट, डगवेल कुँआ तालाबों के निर्माण/जीर्णोद्धार के कार्य, ट्रेन्च, रिचार्ज पिट के कार्य अनुमन्यता की श्रेणी में सम्मिलित है। निर्देश दिए गए हैं कि अमृत सरोवर का कैचमेन्ट इम्प्रूवमेन्ट सुनिश्चित किया जाये, जिससे पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल अमृत सरोवर में पहुंच सके। गांव का गंदा पानी अमृत सरोवर में न जाए, इसके लिए फिल्टरिंग चौम्बर का प्राविधान सुनिश्चित किया जाए। तालाब के चारो तरफ बंधो के निर्माण में सतहवा सुनिश्चित किया जाए, जिससे बंधों का कटान न हो। जिन तालाबो में सिल्ट आदि जमा हो गई है, उसके पुनरूद्धार हेतु योजना के अन्तर्गत प्राविधानो के अनुरुप कायार्वाही की जाये, जिससे वर्षा ऋतु में जल का संचयन अधिकाधिक मात्रा में हो सके।

ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश निर्गत किये गये कि वर्षा जल संचयन संबंधी संरचनाओं एवं अमृत सरोवरों के कैचमेंट क्षेत्र का वर्षा जल संचयन हेतु मनरेगा योजनांतर्गत अथवा राज्य वित्त/15वां वित्त के मध्य कंवर्जेंस करते हुए निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

# मातृ वंदना योजना लाभ पोर्टल में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण के बाद मिलेगा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य एवं महिला एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में योजना भवन सभागार लखनऊ में प्रारम्भ किया गया।

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओ एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवहार में सुधार लाना एवं उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना ताकि गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान व बच्चे के प्रसव के पश्चात पर्याप्त स्वास्थ्य लाभ मिल सके। योजना अंतर्गत लाभार्थी को पहले जीवित बच्चे (बालक या बालिका) के जन्म पर रुपए 5000 दो किस्तों में (प्रथम किस्त रुपए 3000, द्वितीय किस्त रुपए 2000) तथा दूसरे जीवित बच्चे (केवल बालिका) के जन्म पर रुपए 6000 एक किस्त में प्रदान किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिलाओं का पंजीकरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहायता से पोर्टल पर किया जायेगा। आवेदन प्रक्रिया केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जायेगी। च्डडटल के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थी का बैंक/डाकघर खाता आधार से जुड़ा होना अनिवार्य है। योजना के लाभार्थियों को लाभ की किस्त डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरित की जायेगी। आज आयोजित प्रशिक्षण में प्रदेश के समस्त जिला कार्यकम अधिकारी, यूनिसेफ तथा यू.पी.टी.एस.यू. के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं एन.आई.सी. भारत सरकार से आये कटेंट राइटर/साइंटिफिक इंजीनियर द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निपसिड के सहयोग से कराया गया तथा अभी 20, 24, 25 एवं 26 जून 2024 को प्रदेश के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों का प्रशिक्षण कराया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश, अपर निदेशक, वित्त एवं विभाग के समस्त उपनिदेशक आदि उपस्थित हुये।

# भाजपा के टास्कफोर्स की रिपोर्ट का इंतजार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी भाजपा की लोकसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद आंतरिक रिपोर्ट तीन स्तरों पर तैयार की जा रही है। मंडल स्तर के बाद अब हारे हुए सभी प्रत्याशियो ने अपनी रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंप दी है। इसमें सारा दोष पार्टी के भीतर गुटबाजी पर मढ़

- प्रत्याशियों की रिपोर्ट में सारा दोष पार्टी के भीतर गुटबाजी

दिया है। सूत्रों का कहना है कि हारे हुए प्रत्याशियो की रिपोर्ट में ज्यादातर भीतरघात की बात कही गई है। अब सबका इंतजार जिलो में भेजे गए भाजपा के टास्कफोर्स की रिपोर्ट पर है, जिसके बाद आलाकमान बड़े फैसले ले सकता है। तीनों रिपोर्ट के मिलान के बाद ही केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

इससे पहले पिछले हफ्ते मंडल स्तर की रिपोर्ट प्रदेश भाजपा नेतृत्व को सौंपी गई थी। इसमें गुटबाजी का जिक्र तो था ही, साथ ही संगठन और सांसदों के बीच प्रचार में समन्वय न होने की बात कही गई थी। चुनाव में उतरे सांसद प्रत्याशी सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम मोदी की लोकप्रियता के भरोसे




बैठे रहे। प्रचार में वो जमीनी स्तर पर उतरे ही नहीं, भयंकर गर्मी के बीच वो सिर्फ बड़ी जगहों पर जनसभा और रैलियों से ही माहौल बनाते रहे। जबकि विपक्षी उम्मीदवारों ने सीधे जनता के साथ जुड़कर जनता के मुद्दों पर चुनाव प्रचार पर फोकस किया। हालांकि सबको इंतजार भाजपा की तीसरी सबसे अहम रिपोर्ट का है, जिसके लिए 80 सदस्यों की स्पेशल टॉस्क फोर्स द्वारा बनाई गई है। इसमें दूसरे जिलों के नेताओं को शामिल किया गया है, जो स्वतंत्र तौर पर यह आकलन करेगी कि किस जिले की किस लोकसभा सीट पर क्या चूक रही। हर जिले में इसको लेकर टीम भेजी जा रही है। इसमें स्थानीय सांसदों, विधायकों के अलावा संगठन स्तर के तमाम नेताओं से राय मशविरा किया जा रहा है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में भाजपा महज 33 सीटों पर सिमट कर रह गई। समाजवादी पार्टी ने 37 और कांग्रेस ने छह सीटें जीतकर सबको चौंका दिया। भाजपा की कई जीती सीटों पर अंतर 20 हजार से भी कम रहा है। अगर विधानसभा वार देखें तो सपा ने करीब 188 सीटों पर बढ़त बनाई, जबकि भाजपा 133 पर ही अटक गई। ये नतीजे 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकते हैं।

# पैक्स सोसाइटियों को सशक्त बनायेगी कॉमन सर्विस सेंटर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता एकता सिंह ने बताया कि सरकार पैक्स सोसाइटियों को सशक्त बनाने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर की सेवाएं उपलब्ध कराने और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर आप सभी के व्यवसाय वृद्धि के लिए प्रयासरत है।

सहकारिता मंत्रालय ने

- पैक्स के माध्यम से कॉमन सर्विस सेवाओं को उपलब्ध कराने के क्रम में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का बुधवार को शुभारंभ किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य



पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में सक्षम बनाना है ताकि ग्रामीण नागरिकों और किसानों को बैंकिंग, बीमा, पीएम स्किम्स, स्वास्थ्य सेवाएं, कानूनी सेवाएं, पैन कार्ड, रेल, बस और फ्लाइट टिकट जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। प्रधानमंत्री के 'साहकार से समृद्धि' दृष्टिकोण को साकार करने के लिए यह पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में 5120 पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर में परिवर्तित किया जा चुका है। इस क्रम में, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से राज्य के समस्त पैक्स सोसाइटी के अधिकृत सचिवों/आपरेटरों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया है। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती एकता सिंह आईएएस, अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि दीपक सिंह, संयुक्त आयुक्त पैक्स लखनऊ मंडल तथा सीएससी-एसपीवी के स्टेट हेड राजेश मिश्रा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में लखनऊ जिले के 58 पैक्स सचिवों/आपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सीएससी स्टेट हेड राजेश मिश्रा ने सीएससी पोर्टल पर उपलब्ध विशेष सेवाओं के बारे में जानकारी दी, जिससे पैक्स की आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। सीएससी-एसपीवी के विभिन्न विभागों के हेड द्वारा प्रशिक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन से पैक्स सोसाइटियों को भविष्य में और भी बेहतर सेवा प्रदान करने की उम्मीद है।

# अयोध्या धाम के संतों से मिले सांसद अवधेश प्रसाद और तेज नारायण पांडे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम के मां सरयू के पावन तट पर स्थित सिद्धपीठ करतलिया बाबा आश्रम में, आश्रम के पीठाधीश्वर महंत बाल योगी रामदास

- महंत रामदास के नेतृत्व में महंत अंगद दास के साथ दर्जनों संत-महंतो ने 101 किलो के पुष्प की माला पहनाया और रामनामी ओढ़ाकर किया स्वागत सम्मान

महाराज के संयोजन में फैजाबाद लोकसभा से नवनिर्वाचित समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद और पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन का संतो महंतों ने भव्य स्वागत किया। बाल



योगी महंत रामदास के नेतृत्व में महंत अंगद दास के साथ दर्जनों संत-महंतो ने 101 किलो के पुष्प की माला पहनाया और रामनामी ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता बलराम यादव ने किया। इस अवसर पर महंत अनिल मिश्रा, महंत अंगद दास, महंत कन्हैया दास, महंत मनोज दास, महंत किशोरी दास, महंत हरीश दास, महंत रामचरण दास, महंत राधेश्याम दास, शिवम शास्त्री, सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अमित प्रसाद, पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव सोनू, पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद महेंद्र शुक्ला, शशांक शुक्ल, अखिलेश पांडे मौजूद रहे।

# तीन जिलों में विकसित की जा रही प्रेशर सिंचाई प्रणाली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि लगातार नवीन तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा सिद्धार्थनगर, महराजगंज एवं गोरखपुर में प्रेशर सिंचाई प्रणाली विकसित किया जा रहा है, यह नई सिंचाई पद्धति है। प्रदेश में प्रथम बार प्रेशर सिंचाई प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है।

स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रेशर सिंचाई प्रणाली में सेडिमेंटेशन टैंक, पम्प हाउस तथा पीसीसी पाइप एवं डीआई पाइप का उपयोग किया जा रहा है। प्रेशर सिंचाई प्रणाली में पाइप (800 मिमी तथा 200 मिमी) लाइन जमीन से लगभग 1.5 मीटर नीचे विछाया जा रहा है, जिससे कृषकों की जमीन पर खेती पूर्व की भांति होती रहेगी। इस सिंचाई प्रणाली में लगभग प्रत्येक 200 मीटर पर आउटलेट का प्राविधान है। पाइप में पानी का बहाव दबाव के होने के कारण ग्रेविटी फ्लो तथा पाइप लगाकर कृषक अपने खेत की सिंचाई कर सकता है। यदि कृषक अपने खेत में स्प्रींकलर प्रणाली विकसित कर रखा है तो उसे सिर्फ आउटलेट से अपने स्प्रींकलर प्रणाली को जोड़ कर सिंचाई कर सकता है। स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रेशर सिंचाई प्रणाली की 7 नग परियोजना के अंतर्गत 11 स्थानों पर 31 किमी लम्बाई में पाइप लेईंग का कार्य प्रगति में है। 7 नग परियोजनाओं के द्वारा 57 ग्रामों के लगभग 18000 कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

# प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी बुधवार को कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। मौसम की मार और लू लगने से लोगों की लगातार मौते हो रही है। बुखार और संक्रामक बीमारियां बढ़ रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पतालों में दवा, इलाज नहीं मिल रहा है। बड़ी संख्या में मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर मजबूर हैं जहां उनके पैसों की लूट हो जाती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि राजधानी लखनऊ, गाजियाबाद समेत तमाम जिलों में लोगों की गर्मी लू से मरने की खबरें आ रही है। सरकार का लोगों के दवा इलाज और स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने पर कोई ध्यान ही नहीं है। भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार में शुरू की गयी 108 और 102 एम्बुलेंस सेवा को बर्बाद कर दिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में मेडिकल



कॉलेज के नाम पर सिर्फ अधूरी बिल्डिंग खड़ी है। वहां न डॉक्टर है और न पैरा मेडिकल स्टाफ और न कोई सुविधा।

उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा सरकार ने लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। उसे आम जनता की कोई चिंता नहीं है। प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेज सरकार की उदासीनता के शिकार हो गये है। बदायूं में समाजवादी सरकार में निर्मित बदायूं मेडिकल कॉलेज बीजेपी सरकार की उदासीनता और बेरुखी के चलते बदहाल हो गया है। यहां मासूम नवजातों की मौतों का सिलसिला जारी है, इलाज की कोई सुचारू व्यवस्था नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा विकास नहीं विध्वंस करती है। समाजवादियों ने जो काम किये थे उनको बिगाड़ना ही भाजपा का मुख्य काम हो गया है। भाजपा सरकार से जनता का भरोसा खत्म हो गया है। भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है।

# लखनऊ-हरदोई के बीच जल्द निर्मित होगा टेक्सटाइल्स पार्क

## पीएम मित्र टैक्सटाइल्स पार्क से प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के एमएसएमई, रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम मित्र योजनांतर्गत लखनऊ, हरदोई के मध्य टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना के लिए भूमि से संबंधित समस्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाए, जल्द ही इस पार्क का शिलान्यास होना है। पीएम मित्र टैक्सटाइल्स पार्क से प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग को बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इच्छानुसार उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने की दिशा में तेजी से जरूरी कदम उठाए जाएं। प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने के लिए भविष्य में गोरखपुर और वाराणसी में भी पीएम मित्र पार्क को स्थापित किए जाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए। उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग की बहुत संभावनाएं हैं। इससे प्रदेश में काफी संख्या में रोजगार भी सृजित होगा।

राकेश सचान ने यह निर्देश बुधवार को खादी भवन सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा के अवसर पर दिया। उन्होंने इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभागीय योजनाओं के लिए आवंटित बजट के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य निर्धारित कर विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का धरातल स्तर पर क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाए। योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें किसी प्रकार की अल्पावधि नहीं मिलनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के मंडलों, जिलों



में आयोजित होने विभागीय प्रदर्शनियों का आयोजन शहर के प्रमुख स्थलों पर कराने के साथ ही प्रदर्शनी के उद्घाटन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनपद के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाये। प्रदर्शनी का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए जिससे दूर दराज से आए उद्यमियों के उत्पादों की अच्छी बिक्री हो सके। सचान में वस्त्र उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के तहत लोगो को प्रोत्साहित करते हुए लाभान्वित करायें। जो उद्यमी वस्त्र नीति 2022 के तहत अपना उत्पादन प्रारम्भ कर चुके हैं उनको विभागीय पोर्टल पर आवेदन कराकर अणुमन्य सुविधाओं का लाभ प्रदान कराया जाए। झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना तथा मुख्यमंत्री हैण्डलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना के तहत समस्त प्रस्तावों को यथाशीघ्र निदेशालय प्रेषित किया जाए तथा द्वितीय किस्त की धनराशि की भी माँग यथाशीघ्र कर ली जाए।

उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि खड़ी के उत्पादों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से स्थापित होने वाली इकाइयों, लाभार्थियों को बैंको से समन्वय स्थापित करते हुए ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। खादी के उत्पादों वृद्धि लाए जाने की दिशा में और अधिक प्रयास किए जाने की करियर है। उन्होंने इस संबंध में कंपनियों अधिकारियों से भी सुझाव लिया।

# इजहार अहमद शाह ने रालोद का थामा दामन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के मुस्लिम नेता इजहार अहमद शाह ने बुधवार को बसपा से इस्तीफा देते हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के दिल्ली कार्यालय पर केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथों पार्टी की प्राथमिक सदस्यता

- इजहार अहमद शाह ने बसपा छोड़ा

ग्रहण करते हुए मायावती तथा उनकी पार्टी को सदा के लिए अलविदा कह दिया। इजहार अहमद शाह का परिवार कई दशकों से बहराइच व देवीपाटन मंडल की राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है। इजहार अहमद शाह वर्ष 2006 से सक्रिय राजनीति में हैं और बसपा के टिकट से मटेरा-विधानसभा, बहराइच से चुनाव भी लड़ चुके हैं। साथ ही बहुजन समाज पार्टी में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनका उस क्षेत्र में न केवल जनाधार है बल्कि वह उस क्षेत्र में बसपा को भारी नुकसान भी पहुंचा



सकते हैं। राष्ट्रीय लोक दल को इस क्षेत्र में एक मजबूत चेहरे की काफी लंबे समय से तलाश थी, इजहार अहमद वह चेहरा बन सकते हैं। बता दें कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने यह सदस्यता कराई है जो कि भारी राजनैतिक फेरबदल के संकेत देती हैं। अनुपम मिश्रा पिछले कई माह से पार्टी को संगठनात्मक मजबूती देने के साथ साथ विभिन्न दलों के नेताओं की पार्टी में ताबड़-तोड़ ज्वाइनिंग भी करा रहे हैं। अनुपम मिश्रा ने कहा कि वह पार्टी को पूर्वांचल व देवीपाटन मंडल के क्षेत्र में मजबूत करने पर फि लहाल ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उन्हें ऐसे चेहरों की तलाश है जो साफ सुथरे व बेहतर राजनीति के पक्षधर हो। बसपा नेता इजहार अहमद शाह को सदस्यता ग्रहण कराते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह साथ में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी व राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा शामिल रहे।

# मलबे में दफन हुआ अकबरनगर, कुकरैल नदी के पुनर्जीवन को मिलेगी गति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कुकरैल नदी किनारे एक अकबर नगर नाम से मोहल्ला हुआ करता था। मंगलवार की रात 5 मंजिला दो मस्जिदों और एक मदरसे को ढहा देने के बाद अब अकबर नगर का असितत्व मलबे में ढेर हो गया है। अकबरनगर द्वितीय की इन मस्जिदों को ढहाने का काम रात 12.30 से 3.30 बजे तक चला। इसके लिए 8 बुलडोजर लगे थे। पहले मस्जिदों के ग्राउंड फ्लोर की दीवारों को खोखला किया गया। धीरे-धीरे दीवारों को क्षतिग्रस्त तक पूरी मस्जिद एक साथ ढह गई। इसे ढहाने की कार्रवाई की

- **अब रहीम नगर व अबरार नगर के अवैध निर्माणों पर चलेगा बुलडोजर**

पूरी वीडियो बनाई गई। एक धार्मिक स्थल को गिराने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली गई।

अकबरनगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद बुलडोजर की रफ्तार अभी थमी नहीं है। अभी राजधानी में कई और अवैध कॉलोनियां गिराई जाएंगी। कुकरैल नदी के किनारे बसाई गई रहीम नगर के अवैध हिस्से को भी गिराया जाना है। इसके साथ ही अबरार नगर में भी बुलडोजर चलेगा। कुकरैल नदी के किनारे यानी सिंचाई विभाग की जमीन पर बने अवैध मकानों पर जल्द ही बुलडोजर चलेंगे। कुकरेल नदी को जीणोद्धार करने की प्रक्रिया में नदी के आसपास के सभी अतिक्रमण को हटाने के योगी सरकार के सख्त निर्देश हैं। अकबर नगर में बुलडोजर चलने के साथ ही बीते कई दिनों से सिंचाई विभाग की टीम रहीम नगर और अबरार नगर में सर्वे कर रही है। सर्वे का काम लगभग पूरा हो गया है। एक-दो दिन के अंदर अवैध निर्माणों की पूरी सूची एलडीए को सौंप देगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि सिंचाई विभाग से सूची मिलने के बाद जिनके मकान पर बुल्डोजर चलने हैं, यानी जो अवैध रूप से बने हुए हैं पहले अवैध मकान के मालिकों से बातचीत करेंगे। पीएम आवास योजना के तहत मकान देने को लेकर उनसे बात होगी और फिर करवाई की जाएगी।

**दिसंबर 2023 से शुरू हुआ था ध्वस्तीकरण अभियान :** अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में सभी 1321 अवैध निर्माण ढहा दिए गए हैं। इस दौरान कहीं कोई विवाद नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों को स्थानीय लोगों की सहमति से ढहाया गया है। इससे पहले मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं को दूसरे मंदिर में स्थापित किया गया था। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में सबसे पहले भीखमपुर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई थी। इस दौरान 48 मकानों पर बुलडोजर चला था। इसके बाद अकबरनगर में लोगों को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया। अवैध कब्जेदारों ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की शरण ली, उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। कोर्ट के आदेश के बाद 10 जून से अकबरनगर द्वितीय में अवैध कब्जा हटाना शुरू हुआ था।

**मलबा निस्तारण के लिए निकाला गया टेंडर :** मकानों को गिराने के बाद मलबा निस्तारण का काम प्राधिकरण करेगा। इसके लिए टेण्डर कराया गया है। टेण्डर में एलडीए को इसका पैसा भी मिलेगा। जो भी इसे लेगा निर्धारित रकम एलडीए में जमा करनी होगी। इसके बाद वह मलबा हटाएगा। एलडीए मकानों को तोड़ने का खर्च इसी से निकालेगा।

**कुकरैल नदी किनारे बनेगा रिवर फ्रंट, ईको टूरिज्म का हब बनाएगी सरकार :**

लखनऊ। कुकरैल नदी के क्षेत्र को अब इको टूरिज्म के हब के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी हो रही है। रिवर फ्रंट के साथ ही देश की पहली नाइट सफारी के अलावा सरकार ने इस क्षेत्र को चमकाने का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। इस पर जल्द अमल शुरू होगा। योगी सरकार के प्रयासों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से इस पूरे क्षेत्र को भूमाफिया, घुसपैठियों, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के कब्जे से खाली करा लिया गया है। यहां कब्जा कर बनाए गए एक-एक अवैध मकान और बड़े-बड़े वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जमींदोज कर दिया गया है। 10 जून से शुरू हुई कार्रवाई के खत्म होने के बाद अब योगी सरकार इस क्षेत्र के चहुंमुखी विकास पर ध्यान देने जा रही है। पिछली सरकारों और भूमाफिया की सांठगांठ के चलते कुकरैल नदी की जमीन पर कब्जा कर यहां अवैध निर्माण कर लिए गए थे। सीएम योगी ने प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद इस ओर ध्यान दिया। शासन के निर्देश पर



सर्वे के दौरान नदी की जमीन पर बड़ी संख्या में अवैध निर्माण की बात सामने आई थी, जिसके बाद सीएम योगी ने इस अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर चलाने का निर्णय लिया। यहां अवैध रूप से बने 1169 मकानों और 101 कॉमर्शियल निर्माण को जमींदोज कर दिया। इस अभियान में करीब 24.5 एकड़ जमीन पर बने 1800 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए हैं। इस दौरान कई अड़चनें भी आईं, लेकिन कुकरेल नदी को पुनर्जीवित करने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए सीएम योगी ने हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। कोर्ट ने भी योगी सरकार की कार्रवाई को सही माना।

**नए सिरे से विकसित होगा क्षेत्र :** कुकरैल नदी का क्षेत्र खाली होने के बाद अब यहां रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। बख्शी के तालाब के पास दशौली गांव को इसका उद्गम स्थल माना जाता है, इसलिए वहीं से इसका विकास किया जाएगा। साथ ही सभी यहां मौजूद सभी तालाबों को इंटरलिंक करके क्षेत्र को संवारा जाएगा। इसके अलावा भी नगर विकास विभाग के अंतर्गत कई अन्य परियोजनाओं को यहां मूर्त रूप दिया जाएगा। यही नहीं, कई अन्य विभागों को भी इस क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन परियोजनाओं का लेआउट प्लान तैयार किया जा रहा है और जल्द ही सीएम योगी की मंजूरी के बाद इसकी घोषणा की जाएगी। वहीं, योगी सरकार कुकरैल वन क्षेत्र को ईको टूरिज्म का हब बनाने जा रही है। यहां देश की पहली नाइट सफारी विकसित होने जा रही है। कुकरैल नाइट सफारी पार्क देश की पहली नाइट सफारी होगी। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे। नाइट सफारी में कुल 42 इनक्लोजर में 54 प्रजातियों के जानवरों को रखा जाएगा। पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क का अवलोकन 5.5 किमी ट्राम-वे तथा 1.92 किमी का पाथ-वे के माध्यम से किया जाएगा। नाइट सफारी में एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेंदुआ, हायना आदि आकर्षण का केंद्र होंगे। कुकरैल नदी के दोनों तरफ सुंदर पार्क विकसित किए जाएंगे। एडवेंचर एक्टिविटी भी होंगी।

**सोशल मीडिया पर भी अकबर के ध्वस्तीकरण की चर्चा :** सीएम योगी के इस एक्शन की चर्चा सोशल मीडिया में भी हो रही है। लोग अंतिम इमारत ढहाए जाने के वीडियो पोस्ट कर इस क्षेत्र को अराजकता से मुक्ति दिलाने के लिए सीएम योगी की प्रशंसा कर रहे हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स पहले और अब की तस्वीरें पोस्ट कर बता रहे हैं कि कैसे इस क्षेत्र का अतिक्रमण किया गया था। लोगों का दावा है कि घुसपैठियों ने यहां सरकारी जमीन पर कब्जा कर अराजकता फैला रखी थी। यहां से कानून व्यवस्था को खराब करने की साजिश रची जाती थी। एक यूजर ने लिखा कि 18 जून, 1576 को अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हल्दीघाटी का युद्ध लड़ा गया था। संयोग देखिए कि महाराणा प्रताप के उपासक पूज्य महाराज जी के नेतृत्व में कल ही (युद्ध वाले दिन) अकबर नगर का इतिहास के पन्नों में दफन हो गया।

## कुकरैल नदी के 4.30 किलोमीटर में विकसित होगी हरियाली

**लखनऊ।** कुकरैल नदी के 4.30 किलोमीटर की दूरी तक बड़े स्तर पर पौधरोपण होगा। शासन की मंशानुरूप रिवर साइट पर पौधारोपण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है। शहर में बड़ी संख्या में पौधे लगाने के लिए कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई।



कमिश्नर ने कहा कि पेड़ों पर प्रकृति निर्भर करती है। पेड़ लगाना प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन है और प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन ईश्वर की श्रेष्ठ आराधना है। एक पेड़ लगाने से असंख्य जीव-जन्तुओं के जीवन का उद्धार होता है। कमिश्नर ने कुकरैल नदी किनारे पौधरोपण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम व सिंचाई विभाग आदि विभिन्न विभागों को पद्धति बनाते हुए संयुक्त रूप से वृहद स्तर पर पौधारोपण कराये जाने के निर्देश दिए। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जाए। डीएफओ अच्छे गुणवत्ता के पौधे संबंधित

- **शासन की मंशानुरूप रिवर साइट पर कराया जायेगा पौधारोपण**

विभागों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि संबंधित समस्त विभाग लक्ष्य के सापेक्ष ससमय गड्ढा खुदाई करने के उपरांत पौधरोपण कराएं। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की पेड़ लगाए जाने के साथ ही साथ उनको सुरक्षित रखने की भी उतनी ही आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक रेनु सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, डीएफओ व सिंचाई विभाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लखनऊ में हीट वेव का रेड अलर्ट, 23 से मिलेगी राहत

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। अभी तेज धूप से राहत मिलने की संभावना नहीं है। बुधवार को भी तेज हवा और गर्मी ने लोगों को परेशान किया। हालांकि इस दौरान पारे में गिरावट दर्ज की गई, कहीं-कहीं छिटपुट बारिश भी हुई। कानपुर 45.1 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। इस भीषण गर्मी के बीच 23 से 25 जून के बीच प्रदेश में तेज बारिश के आसार हैं, जो मानसून के आने का भी संकेत दे रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग की ओर से 48 घंटे बाद मानसून के आने की तस्दीक की जाएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, अरब सागर से आ रही नमी के प्रभाव से प्रदेश

- **बादलों की आवाजाही व आंधी के साथ हुई छिटपुट बारिशगर्म हवा की रफ्तार ने किया परेशान**

के दक्षिणी हिस्सों में बादलों की आवाजाही एवं आंधी के साथ हुई छिटपुट बारिश हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में आ रही उत्तरी पश्चिमी हवाओं के कारण बुधवार को दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कानपुर और आगरा को छोड़कर ज्यादातर हिस्सों में तापमान 42 डिग्री से 44.6 डिग्री के बीच रहा। हालांकि यह सामान्य से अभी 6.5 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। वहीं रात का पारा भी सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक दर्ज हुआ और ज्यादातर हिस्सों में 29 से 32 डिग्री के बीच रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान में गिरावट रही। यह 43.1 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पिछले कई दिनों से प्रदेश भर में चल रही भीषण लू की परिस्थितियों में सुधार हुआ। आगामी 24 घंटों के दौरान तापमान में और गिरावट के परिणामस्वरूप प्रदेश में लू के क्षेत्रफल में और कमी आने के आसार हैं। प्रदेश में कहीं-कहीं हो रही छिटपुट बारिश का दौर आगे भी जारी रहेगा। 21 जून से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान में आ रही गिरावट थमेगी और 23 जून तक पारे में वृद्धि दर्ज की जा सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में आ रही गिरावट 21 जून के बाद भी जारी रह सकती है। 22 जून के बाद लू से निजात मिलने की सम्भावना है। प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। लोगों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। अभी अगले चार दिनों तक कोई राहत के आसार नहीं हैं। ज्यादातर जिलों में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ में सोमवार को दिन का तापमान 46 डिग्री पार कर गया। मंगलवार को अधिकतम पारा 7.3 डिग्री वृद्धि के साथ 45.3 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। मौसम विभाग की मानें तो 22 की रात से लेकर 23 को लखनऊ में बारिश के आसार बन रहे हैं। इस दौरान कई जिलों को राहत की फुहार मिल सकती है, लेकिन तब तक गर्मी की तपिश झुलसाती रहेगी।

**लखनऊ में 25 तक पहुंचेगा मानसून :** 22 जून को पश्चिमी यूपी अलग-अलग स्थानों में हल्की से मध्यम बरसात के आसार बन रहे हैं। आगामी 2-3 दिनों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी कुछ इलाकों, बिहार, झारखंड के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल हैं। इसके बाद ही उत्तर प्रदेश का नंबर आता है। लखनऊ में मानसून की बारिश 25 जून से शुरू होने की संभावना है।

**बारिश से पहले इंडस्ट्रीयल इलाके में होगा पैच वर्क :** लखनऊ। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क नम्बर एक, चार और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क नम्बर तीन पर बारिश आने से पहले पैच वर्क का कार्य करा लें। यह निर्देश बुधवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने दिए। डीएम जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने गोयला औद्योगिक क्षेत्र में बनी अधूरी सड़क को पूर्ण कराने के संबंध में लोक निर्माण विभाग को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि सड़क के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में गली नंबर सात की रोड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उद्यमियों की ओर से बताया गया कि सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बनाए जा रहे नाले तथा औद्योगिक क्षेत्र में पूर्व से बने नालों को अभी तक आपस में जोड़ा नहीं गया है। जिस पर डीएम ने नगर निगम को निर्देश दिया कि अगली बैठक तक इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रिपोर्ट दें। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पोर्टल पर विभागों के स्तर पर लंबित प्रकरणों को अगले तीन दिवसों में निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए।

**एलडीए में आज जनता अदालत :** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को जन सामान्य की समस्याओं की सुनवाई व निराकरण के लिए गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण भवन में जनता अदालत का आयोजन होगा। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक इस आयोजन में कोई भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

## राज्य सरकार ने की मेरी बस, मेरी सड़क पहल की शुरूआत

**लखनऊ।** आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के साथ ही आने-जाने के लिए एक सुगम परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, प्रदेश सरकार के नगरीय परिवहन निदेशालय ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ मिलकर बुधवार को मेरी बस, मेरी सड़क पहल की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य राज्य में एक सतत नगरीय परिवहन को प्रोत्साहित करना है। इस पहल के अंतर्गत, यूएसएआईडी समर्थित क्लीनर एयर एंड बेटर हेल्थ (सीएबीएच) परियोजना के तहत नगरीय परिवहन निदेशालय के मार्गदर्शन में तीन स्वतंत्र शोध अध्ययनों को भी प्रकाशित किया गया है। इकास अध्ययनों में, सीईईडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के 26 प्रमुख शहरों में 2031 तक आवश्यक बसों की संख्या, बस स्टॉप और फुटपाथ जैसे आधारभूत ढांचे और निवेश संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ एक उन्नत सार्वजनिक परिवहन के लाभों का आकलन किया है। मेरी बस, मेरी सड़क कार्यक्रम में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2031 तक प्रतिदिन कम से कम 60 लाख यात्रियों को सेवाएं देने के लिए उत्तर प्रदेश में 12,000 से अधिक नगरीय बसों की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, अध्ययनों ने अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने से होने वाले लाभों को भी रेखांकित किया है। सीएनजी बसों की तुलना में ई-बसें 23 से 32 प्रतिशत तक सस्ती होंगी और वाहनों से होने वाले प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाएंगी, जिससे समग्र वायु गुणवत्ता (एयर क्वालिटी) में सुधार होगा। रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि उन्नत बस सेवाएं आने पर 40 लाख लोग दोपहिया और तिपहिया वाहनों की जगह पर बसों को अपना सकते हैं।

# रेरा के न्यायनिर्णायक अधिकारी ने आवंटी को दिलाया कब्जा

## आवास की चाबी मिलने से आवंटी का पूरा हुआ सपना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के न्यायनिर्णायक अधिकारी आरपी सिंह ने एक मामले की सुनवाई करते हुए नियम-24 के प्रावधानों के तहत एक आवंटी को उसकी इकाई का कब्जा दिलवाया। यह मामला मेसर्स उत्तम स्टीलस एंड एसोसिएट्स (कंसोर्टियम) के खिलाफ था, जिसमें आवंटी मेराज अंसारी ने वर्ष 2010 में एक इकाई बुक की थी, लेकिन उसे कब्जा नहीं मिला था।

आवंटी ने वर्ष 2019 में प्रोमोटर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। सुनवाई करते हुए पीठ ने आवंटी को कब्जा देने का आदेश दिया था, लेकिन प्रोमोटर ने इस आदेश का पालन नहीं किया। इसके बाद आवंटी ने रेरा से कब्जा दिलाने की मांग की। न्यायनिर्णायक अधिकारी ने प्रोमोटर के प्रतिनिधि को पीठ में बुलाया और आदेश का उल्लंघन करने पर उसे फटकार लगाई। इसके बाद प्रोमोटर के प्रतिनिधि ने न्यायनिर्णायक अधिकारी के सामने ही आवंटी को उसकी इकाई की चाबी सौंप दी। प्रतिनिधि ने जल्द ही देनदारी संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र और कब्जा प्रमाण पत्र की प्रति पीठ में जमा करने का भी आश्वासन दिया। अपनी इकाई की चाबी मिलने पर आवंटी संतुष्ट हुआ और रेरा के प्रयासों की सराहना की। न्यायनिर्णायक अधिकारी ने बताया कि प्रोमोटर ने टावर तो तैयार कर लिया था लेकिन कब्जा नहीं दिया जा रहा था, जो रेरा अधिनियम का उल्लंघन है। नियम-24 के तहत ऐसे मामलों में पीठ का आदेश डिक्री की तरह लागू किया जाता है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया (लेसा) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, पुरनिया अलीगंज, लखनऊ :** **अल्पकालिक ई-निविदा सूचना** अधो-हस्ताक्षरी द्वारा विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया, लेसा, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में, प्रतिष्ठित व अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग पोर्टल **"https://etender.up.nic.in"** के माध्यम से ई-निविदा दो भागों में आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) ई-टेण्डरिंग पोर्टल से डाउनलोड कर दिनांक **03.07.2024 को 14.00** बजे तक अपलोड किये जा सकते है। निविदा दिनांक **03.07.2024 को 17.00** बजे या उसके बाद खोली जायेगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार/परिवर्तन/संशोधन/विस्तार/ शुद्धिपत्र केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे जिसे उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देखा जा सकता हैं। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्रों को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित ह, विवरण निम्नवत है -: क्र. सं. 1 ई-निविदा संख्या-24EUDC-PU-RANIA/2024-25 धरोहर धनराशि(रू.) 25000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.)-3000+540=3540 (Inclusive GST) कार्य का विवरण : विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-डालीगंज लेसा, लखनऊ के उपखण्ड-अहिबरनपुर व पुरनिया के कार्यक्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के परिवर्तकों के क्षतिग्रस्त हो जाने पर उनकी डी.टी.सी. हेतु सेन्ट्रल स्टोर/परिवर्तक कार्यशाला पहुँचाने एवं वहाँ से स्वस्थ परिवर्तकों की ढुलाई कर क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के स्थान पर 12 माह के लिए अनुरक्षण एवं मरम्मत मद में लगाने का कार्य। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया लेसा, लखनऊ ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' (पत्रांक : 4591, दिनांक : 19.06.2024)**

# आरटीओ-एआरटीओ सुबह 10 से 12 कार्यालय में बैठे : मंत्री

## प्रवर्तन से जुड़े अधिकारी कम से कम 2 घंटा फील्ड में अवश्य जायें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री ने सभी डीटीसी, आरटीओ, एआरटीओ (प्रशासन) को निर्देश दिये कि सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अवश्य बैठें। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण किये जाने पर यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारी अब सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करें। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग की मण्डल स्तरीय एवं मुख्यालय स्तरीय अधिकारियों के साथ राजस्व प्राप्ति, प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन अधिकारी जीरो प्वाइंट पर भी ओवरलोडिंग को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रवर्तन अधिकारी दो घंटा कम से कम प्रवर्तन के लिए निकाले और फील्ड में जाकर इन्टरसेप्टर वाहनों का इस्तेमाल करते हुए वाहनों की चेकिंग करें। उन्होंने अप्रैल-मई माह में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले प्रवर्तन अधिकारियों को बधाई दी एवं लक्ष्य प्राप्ति से कम रहने वाले जनपदों के प्रवर्तन अधिकारियों को और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस पर मुख्यतः अधिकारियों का फोकस होना चाहिए। ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस की शिकायतों पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने राजस्व प्राप्ति में रजिस्ट्रेशन से प्राप्त होने वाले आय को प्रवर्तन की कार्यवाही से प्राप्त होने वाले आय को अलग करते हुए डेटा तैयार करने के निर्देश दिये और प्रति सप्ताह रिपोर्ट मुख्यालय भेजने को कहा। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। सड़क सुरक्षा पर विभाग द्वारा किये गये कार्यों की मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली के प्रयोग से अधिक मौत होने की रिपोर्ट मिलती है। अभियान चलाकर ट्रैक्टर-ट्राली के ड्राइवर को जागरूक किया जाए। प्रवर्तन टीम जॉच कर सुनिश्चित करे कि बिना डीएल कोई भी ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर न चलाये। उन्होंने इसके अलावा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर खासकर ब्लैक स्पाट, अवैध कट्स, सवारी वाहनों में अनुमन्य संख्या से ज्यादा सवारियों को बैठाया जाना, ढ़ाबों, सड़क किनारे वाहनों का अवैध रूप से खड़ा किया जाना, को ठीक कराते हुए सड़क दुर्घटना में होने वाले मौतों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारी वाहन डीलरों को अपनी एजेंसी पर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन संबंधी होर्डिंग, बैनर अवश्य लगवायें। अन्यथा की स्थिति में डीलरशिप निरस्त करने की कार्यवाही मुख्यालय द्वारा की जायेगी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड बच्चों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक न कराने वाले जनपदों के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सितम्बर तक विभागीय प्रमोशन की कार्यवाही करा लें, जिससे कि विभागीय कार्यों को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने में असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने आयोग को भेजे गये रिक्त पदों के अधियाचन के बारे में जानकारी ली। भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, अपर महानिदेशक टैफ्रिक डीडी पॉल्सन, परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, विशेष सचिव केपी सिंह, अपर आयुक्त प्रवर्तन पुष्प सेन सत्यार्थी व अपर आयुक्त राजस्व सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# बिजली गुल, व्यापारियों में आक्रोश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि सुबह 9 बजे यहियागंज की लाइट चली गयी जो की नादान महल रोड के फीडर की लाइन मकबरे के आगे फॉल्ट थी जिसकी जांच मशीन की उपलब्धता न होने के कारण लगभग 1 बजे मशीन आने के बाद फॉल्ट पकड़ में आयी जिसको बनाने में लगभग 4-6 घंटे जिससे का व्यापार पूरी तरह से चौपट रहा यही हाल लगभग 15 दिन से चल रहा है जो की फॉल्ट होने पर दो से तीन घंटे बिजली बाधित रहती है। नादान महल रोड जेई एसडीओ अपनी जिम्मेदारी से कार्य नहीं कर रहे है। बाधित लाइट को 3 से 4 घंटे का समय मांगा गया फिर भी शाम 5 बजे तक बिजली बहाल नही पाई। इससे प्रतीत होता है कि विभाग जान बूझ कर व्यापारियों परेशान करने की योजना बनाई है। विभाग के द्वारा सही जानकारी नहीं दी जाती है छोटी छोटी फॉल्ट पर उच्चाधिकारी के सज्ञान लाने पर ही फॉल्ट सही होती है। पहले से मेंटिनेश की तय्यारी नहीं की जाती है जिससे बड़ी दिक़्कत बन जाती है। एक फाल्ट पर 10 घण्टे में भी बिजली बहाल नहीं हो सकी यहियागंज के व्यापारी अपनी अपनी दुकान की चाभी बिजली विभाग को सौंप देगा फिर बिजली दे या ना दे बिजली विभाग यदि अपनी रवैया को नहीं बदला तो व्यापार मंडल अपनी दुकान की चाभी नादान महल रोड पर जमा कर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

**इन फीडरो पर नही 5 से अधिक घण्टे की बिजली कटौती :** सेस दो के खुर्मनगर के लोहिया फीडर पर 5 घण्टे 31 मिनट की बिजली कटौती रही। सेसे-3 के मोहनलालगंज ओल्ड उपकेन्द्र के यूपीएएल 1 फीडर का 4 घण्टा 43 मिनट की बिजली कटौती रही। सेस 4 में मलिहाबाद तहसील में फीडर तहशील में 3 घण्टा 34 मिनट की बिजली कटौती रही। सेस 4 के काकोरी उपकेन्द्र के रहमान खेड़ा में 3 घण्टा 30 मिनट की बिजली कटौती रही। सेस 1 के उतरठिया उपकेन्द्र के नीलमथा में 2 घण्टा 56 मिनट बिजली कटौती रही। सेस 1 के अम्बेडकर उपकेन्द्र के मिलेनियम फीडर पर 2 घण्टा 53 मिनट की बिजली कटौती रही।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# कमरे में मरणासन्न मिले युवक की ट्रामा में मौत

- युवक के सर से निकल रहा था खून
- सुशान्त गोल्फ सिटी का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के मांढर मऊ में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालात में अपने कमरे में मरणासन्न मिला। जिसे इलाज के लिए ट्रामा ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के सर से खून निकल रहा था। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा के मुताबिक सुशांत गोल सिटी स्थित मांढर मऊ कला का रहने वाला रंजीत (35) एक होटल में नौकरी करता था। जिसे कुछ दिन पहले छोड़ दी थी। ममेरे भाई कृष्णा ने बताया कि रंजीत के पिता एवं माता की मौत हो चुकी है। वह अकेले रहता था। जो नशे का लती हो गया था। मंगलवार दोपहर उसकी बुआ बेलपति अपने बेटे सतीश को लेकर रंजीत के घर गई तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। दरवाजे की कुंडी कई बार खटखटाने पर दरवाजा नहीं खुला। जब धक्का देकर दरवाजा खोलकर अंदर घुसे तो रंजीत फर्श पर मरणासन्न हालत में पड़ा हुआ था। उसके सर से खून निकल रहा था। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। भाई ने फिलहाल जांच की मांग की है। मृतक अविवाहित था।

**पिता की डांट से छुब्ध होकर खाया जहर, मौत:** बंथरा इलाके में पिता की डांट से क्षुब्ध होकर बी फार्मा की एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ पी लिया। जिससे बुधवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के बनी गांव में रहने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश कुमार कश्यप की 20 वर्षीय बेटी रोशनी बंथरा क्षेत्र के ही एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बी फार्मा की ट्रेनिंग कर रही थी। सोमवार रात रोशनी का उसकी बहन से कुछ विवाद हो गया। इस पर राकेश ने दोनों बेटियों को डांट दिया। पिता की डांट से नाराज रोशनी ने मंगलवार सुबह घर में रखी जहरीली दवा पी ली। उसके मुंह से तेज झाग निकलने के साथ उल्टियां होते देख जब परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान रोशनी की मौत हो गई।

**सड़क किनारे मिला युवक का शव:** बिजनौर इलाके में मंगलवार शाम बेहोशी की हालत में मिले युवक को लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार बिजनौर कस्बे में मंगलवार शाम करीब 40 वर्षीय व्यक्ति पड़ा मिला। जिसने नीले रंग की टी शर्ट और हाफ पैंट पहन रखी थी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसे लोक बंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में उसकी हीटवेव से मौत होना लग रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**पत्नी से झगड़े के बाद मजदूर ने दी जान:** खरगापुर में पत्नी से झगड़े के बाद मजदूर ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। खरगापुर निवासी मजदूर आशीष कुमार (38) मंगलवार दोपहर घर में बैठ कर शराब पी रहा था। पत्नी रुबी ने टोका। इस बात को लेकर कलह हुई। विवाद के दौरान आशीष ने पत्नी को तमाचा जड़ दिया। पति से हुए झगड़े के बाद रुबी काम पर चली गई। कुछ देर बाद वापस घर लौटने पर कमरे का दरवाजा बंद मिला। रुबी ने गोमतीनगर विस्तार पुलिस को फोन कर सूचना दी। दरवाजा तोड़े जाने पर आशीष का शव पंखे के हुक में गमछे से लटकता मिला।

**संदिग्ध परिस्थिति में मजदूर की मौत:** आशियाना थाना क्षेत्र के शारदा नगर में रहने वाले एक मजदूर की मंगलवार शाम अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गयी। मूलरूप से जनपद रायबरेली शिवगढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाला प्रेम कुमार (35) शारदा नगर योजना रजनी खंड में किराये के मकान में रहकर मजदूरी करता था। मृतक के भाई के मुताबिक सोमवार शाम जब युवक अपने कमरे में वापस लौटा तो उसे उल्टियां होने लगा। जिससे वह बेहोश हो गया। हालत गंभीर देख उसे लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया गया। जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कृष्णा नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक के परिवार में एक पुत्री मोहिनी है जो गाँव में अपने चाचा के साथ रहती है। मृतक की पत्नी उसे काफी समय पहले छोड़ कर चली गई है।

**कमरे मे मिला कारीगर का शव:** गोमतीनगर में किराये के मकान में रह रहे टाइल्स कारीगर का कई दिन पुरान शक बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दारोगा मनोज कुमार सिंह ने अतुल कुमार निवासी छोटी जुगौली के मकान में छत पर बने टीन शेड के रूम में रामबहादुर निवासी ढेकवा सैदपुर लेडुआडीह जनपद अम्बेडकर नगर किराये पर रहता था। बुधवार की सुबह बदबू आने पर जब अतुल ने किरायेदार के कमरे में जाकर देखा तो रामबहादुर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसका शव फूला हुआ था और तेज बदबू आ रही थी। मृतक टाइल्स लगाने का काम करता था।

## नवजात बच्चे को ले जाने से दुखी महिला की सदमे से मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में नवजात पुत्र को पिता अपने साथ लेकर चला गया। इससे सदमे में आयी मां की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतका के भाई ने ससुराल के लोगों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अहमदखेडा गांव के रामस्वरूप ने अपनी बेटी बेबी (28) का विवाह दो वर्ष पूर्व अतरौली के सौरभ से किया था। बीती 10 जून को प्रसव पीड़ा होने पर प्रसूता को ससुराल के लोगों ने एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहां पर महिला ने बेटे को जन्म दिया। मृतका के भाई दीपक ने बताया कि बेटे को पिता सौरभ अपने साथ घर ले आया और उसकी बहन को अस्पताल में अकेले छोड़ दिया और इसकी सूचना मायके के लोगों को नहीं दी। अचानक अपने बेटे को अपने साथ न पाकर बेबी बदहवास हो गई। जिसे संभालने वाला कोई नहीं था। अस्पताल के लोगों को अपने पैसे की चिन्ता थी। जिसके कारण अस्पताल के लोगों ने इलाज नहीं किया। सदमे से बदहवास इलाज न मिलने के कारण महिला की मौत मंगलवार को हो गई। मौत की सूचना पाकर मायके के लोग अस्पताल पहुंचे और शव को अहमदखेड़ा उठा लाए। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी राधा रमण सिंह के मुताबिक प्रसूता की मौत के मामले में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

## नव निर्मित टर्मिनल तीन से सभी उड़ानों का संचालन शुरू

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल-3 से बुधवार को सभी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू हो गयी। टर्मिनल-3 से यात्री 21 अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के माध्यम से 08 देशों की यात्रा कर सकेगें। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गये टर्मिनल-3 पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाए मिलेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां डेढ दर्जन से अधिक टिकट काउंटर व सभी एयरलाइंस ने अपने-अपने बोर्डिंग काउंटर भी बनाए हैं। एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट की तर्ज पर डीजी सेवा भी मिलेगी। मालूम हो कि चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीते 10 मार्च को वर्चुअल रूप से किया गया था। जिसके बाद यहां से घरेलू उड़ानों का संचालन शुरू किया गया। जबकि अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन टर्मिनल-1 से स्थानांतरित कर टर्मिनल-3 से किये जाने के लिए पहले आठ व फिर इसे बढ़ाकर 12 जून कर दिया गया था। लेकिन 12 जून को भी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन टर्मिनल-3 से नहीं शुरू हो सका। इसके लिए एयरपोर्ट प्रशासन ने मंगलवार रात 12 बजे से यह व्यवस्था लागू की थी। करीब 2400 करोड रुपए की लागत से बनाए गये टर्मिनल-3 से हर साल 80 लाख यात्री उड़ान भर सकते हैं। एयरपोर्ट का टर्मिनल-3 शुरू हो जाने से करीब 13 हजार लोगों को रोजगार भी मिलने का दावा किया जा रहा है। टर्मिनल-3 पर यात्रियों को टिकट खरीदने के लिए लाइन में न खड़ा होना पड़े, इसके लिए यहां 20 टिकट बिक्री काउंटर बनाए गए हैं। इन काउंटर्स पर हर समय कर्मचारी मौजूद होंगे। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग कंपनियों ने अपने बोर्डिंग काउंटर भी बनाए हैं। इसमें इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सऊदी एयरलाइंस, ओमान एयर, थाई एयर एशिया, फ्लाईनास, सलाम एयर प्रमुख हैं। इन कंपनियों ने अपने बोर्डिंग काउंटर के साथ ही इमिग्रेशन और कस्टम ऑफिस भी शिफ्ट कर लिए हैं।

## छेड़छाड़ से तंग आकर मां बेटे पर केस दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली में युवती ने अपने पड़ोसी युवक की छेड़छाड़ की हरकतों से तंग आकर युवक एवं उसकी माँ के खिलाफ नामजद शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह ने बताया कि युवती के अनुसार उसके पडोस में रहने वाला युवक कौशलेन्द्र बाजपेई उसे लम्बे समय से परेशान कर रहा है। उसका मोबाईल फोन हैक कर उसकी फोटो निकाल ली। जिसे एडिट कर न्यूड फोटो बनाकर वायरल करने लगा। जब उसकी शादी सगाई हुई तो आरोपी युवक ने उसकी न्यूड फोटो उसके ससुराल वालों को भेजकर शादी तुड़वा दी। युवक के इस कृत्य में उसकी माँ संतोष बाजपेई भी साथ देती है।

## विरोध करने पर नशेड़ियों ने युवक को पीटा, आरोपियों की तलाश शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र में नशेबाजी का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बचाव में आए मोहल्ले वालों को भी जमकर पीटा। इस दौरान एक महिला से चेन छीन ली। हमले में गंभीर रूप से घायल एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मड़ियांव इलाके के पलटन छावनी निवासी कमल यादव ने बताया कि बीती 16 जून की रात वह खाना खाकर टहल रहे थे। गली में विद्यासागर गुप्ता और प्रियांशु गुप्ता अपने 30-35 साथियों के साथ नशेबाजी कर रहा था। जिसका विरोध करने पर उन्होंने गाड़ी में रखे धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के आकाश राजपूत, विकास राजपूत, अनुज द्विवेदी, आमिर, साबिर व राज एवं अनुज द्विवेदी की मां शुभावती द्विवेदी ने विरोध किया। जिसपर आरोपियों ने सभी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान दो लड़कों ने शुभावती द्विवेदी की गले की चैन छीन ली। हमले में आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**शादी से इनकार करने पर दी धमकी:** गुडम्बा थाना क्षेत्र के अतरौली में युवती द्वारा शादी के प्रस्ताव को इंकार करने पर युवक ने पीड़िता को धमकी दी है। प्रभारी नीतीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अतरौली निवासी पीड़िता ने गांव के ही अनुज रावत पर आरोप लगाया है कि वह रास्ते में रोककर उससे बत्तमीजी करता है। अश्लील शब्द बोलता है। एक दिन बीच रास्ते में हाथ पकड़कर शादी करने की बात कही। इंकार करने पर जबरन उठा ले जाने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि रविवार को आरोपी ने उसके मोबाइल पर गालियां और घर वालों को जान से मारने की धमकी का मैसेज भेजा। पीड़िता ने भी आरोपी के मैसेज का पलट कर जवाब दिया। इससे नाराज होकर शनिवार को आरोपी अनुज लाठी डंडो के साथ अपने साथी रजनीश और अभिषेक को लेकर घर आ गया और दरवाजे को पीटने लगा। घर वालों के विरोध करने पर सभी धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर गुड़म्बा ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपितो की तलाश की जा रही है।

## दिव्यांग को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मोहनलालगंज।** मस्तीपुर में अपने घर के बाहर कुर्सी पर बैठे एक दिव्यांग को तेज रफ्तार कार रौंदते हुए मौरंग के ढेर में जा घुसी। घटना में दिव्यांग गभीर रूप से घायल हो गया। परिवारीजन उसे ट्रामा सेंटर ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव निवासी अधिवक्ता खजान सिंह यादव ने बताया कि उनके बड़े भाई रणजीत सिंह यादव (48) जो दोनो आंखों से दिव्यांग थे। मंगलवार रात करीब 10 बजे उनका दिव्यांग भाई घर के बाहर बरामदे में कुर्सी डालकर बैठे हुए थे। इसी दौरान गोमतीनगर विस्तार निवासी रविशंकर अपने पिता रामनरेश के साथ डिजायर कार से प्रयागराज से लखनऊ जा रहे थे। मस्तीपुर गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर नाला पटरी पर चढ़ते हुए बरामदे के बैठे दिव्यांग रणजीत सिंह यादव को रौंद दिया और पड़ोसी घर के बरामदे में लगी मौरंग में जा घुसी। घटना में दिव्यांग गभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी अस्पताल में मौत हो गयी। वहीं कार में सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पहुंची पुलिस ने घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी ममता यादव व दो बेटे हार्शित (17) व वंश (8) है।

**टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार घायल:** इंस्पेक्टर ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईंगंज खुरखुन्दापुर गांव निवासी रमेश कुमार (30) बाइक से गोसाईंगंज आ रहा था तभी गोसाईंगंज के गैरिया मोड़ पर एक टेम्पो ने टक्कर मार दी जिससे वह घालय हो गई। टक्कर मारने के बाद टेम्पो चालक टेम्पो के साथ फरार हो गया।

## पाइप लाइन में रिसाव को नियंत्रित करने के लिए किया गया मॉकड्रिल

**सरोजनीनगर।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बरौनी से आपात प्रक्रिया एवम आपदा प्रबंधन के तहत ऑफ साइड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान तेल रिसाव की सूचना मिलने पर कार्यालय से खोजी दस्ता भेजा गया। जिसमे तेल रिसाव की पुष्टि की। इसके बाद अनुरक्षण दल एवम सहायक दल घटना स्थल पर पहुंचे और रिसाव को नियंत्रित कर लीक क्लैंप लगाया। वही तेल में आग लगने के बाद आईओसी आपदा प्रबंधन के कर्मियों एवम अग्नि शमन दल के सहयोग से आग पर काबू पाया। ईआरपी लखनऊ के स्टेशन प्रभारी राकेश कुमार उपमहाप्रबंधक ने कहा कि मॉकड्रिल हमारी मुस्तैदी और तैयारी की दशार्ता है। जिससे हम मेनलाइन के आपदा को सही समय पर शकुशल नियंत्रित कर सके। ईआरपीएल उत्तर प्रदेश बेस के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मॉकड्रिल हमारी आपात की बॉन्ड को दशार्ता है।

## घर से नकदी व ज्वैलरी लेकर निकली किशोरी लापता

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में दो दिन पहले घर से नकदी व कीमती ज्वैलरी ले कर निकली किशोरी लापता हो गयी। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि शारदा नगर योजना रशिम खण्ड में रहने वाली बरखा के मुताबिक वह किराये के मकान में रहती है। उसके साथ में छोटी बहन शगुन भी रहती थी। मंगलवार सुबह शगुन घर से खाना खरीदने बंगला बाजार गयी थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी।

## अधिवक्ता ने बैंक मैनेजर पर दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ। अधिवक्ता ने बैंक ऑफ इण्डिया के ब्रांच मैनेजर समेत बैंक कर्मियों पर कोर्ट की शरण में जाकर मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि पेशे से अधिवक्ता सिंधु नगर निवासी देवेंद्र गुप्ता के मुताबिक उनका बैंक खाता बैंक ऑफ इण्डिया के एलडीए शाखा में कई वर्षो से है। उन्होंने दिसम्बर माह में अर्जुनगंज बैंक शाखा द्वारा अपने खाते में 11 लाख रुपये का चेक जमा किया था। लेकिन शाखा के ब्रांच मैनेजर और उनकी सहकर्मियों दीपमाला शर्मा, गुंजन, बौद्ध और रुपाली ने योजनाबद्ध तरीके से उनके साथ धोखाधड़ी करते हुए उनके बैंक खाते में रुपए का आहरण नहीं किया।

## डीजीपी की सोशल मीडिया सेल ने बचाई 457 लोगों की जान

- सभी लोग जा रहे थे आत्महत्या करने, यूपी पुलिस और यूपी 112 ने किया अहम सहयोग
- फेसबुक और इंस्ट्राग्राम पर डाली थी आत्महत्या करने की पोस्ट, एक्शन में आई पुलिस



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार की सोशल मीडिया सेल की सतर्कता से यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में आत्महत्या का प्रयास करने वाले 457 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा कर उन्हे नया जीवन दिया है। यह बड़ा कार्य मेटा कंपनी के सहयोग से संभव हो सका है। यह आंकड़ा यूपी के डीजीपी की सोशल मीडिया सेल ने एक जनवरी 2023 से 15 जून 2024 तक उपलब्ध कराया है। जिसमे सोशल मीडिया पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट करने वाले 457 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा की गयी। डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के.गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट करने वाले अलर्ट का संज्ञान लेकर स्थानीय पुलिस द्वारा पीड़ित एवं उसके परिजन से वार्ता कर 457 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि फेसबुक अथवा इंस्टाग्राम पर किसी भी व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किये जाने से सम्बन्धित पोस्ट किया जाता है तो मेटा कम्पनी के मुख्यालय से पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया सेन्टर को तत्काल फोन एवं ई-मेल के माध्यम से अलर्ट प्रेषित किया जाता है। डीजीपी मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेन्टर में मेटा कम्पनी से प्राप्त अलर्ट का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई से लोगो के प्राणों की रक्षा हुई है। यह डेस्क अलग से चौबीसों घंटे कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस डेस्क से यूपी एसटीएफ के सर्वर का इन्टीग्रेशन किया गया है जिसकी मदद से ऐसी पोस्ट करने वाले की तत्काल लोकेशन पता कर यूपी-112 के साथ-साथ संबंधित जिले की पुलिस को प्रकरण भेज कर त्वरित कार्रवाई करवाई जाती है। इसके अतिरिक्त डीजीपी मुख्यालय द्वारा पीड़ित के मोबाइल की उपलब्ध करायी गयी लोकेशन पर यूपी-112 की पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर पीड़ित एवं उसके परिजनों से सम्पर्क किया जाता है। डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के.गौतम ने बताते है कि माह 01 जनवरी 2023 से 15 जून 2024 तक की अवधि में मेटा कंपनी से लगभग 740 अलर्ट प्राप्त हुए। इनमे से 457 लोगों के प्राणों की रक्षा की गयी है। शेष प्रकरणों में मेटा द्वारा उपलब्ध कराये गए विवरण के आधार पर लोकेशन ज्ञात नहीं हो पाने के प्रकरण अन्य राज्य का होने के साथ-साथ कई ऐसे प्रकरण भी रहे जिनमे प्राप्त लोकेशन अस्पष्ट और घनी बस्ती मे होने व फोन स्विच ऑफ होने के कारण स्थानीय पुलिस, पीड़ित तक नहीं पहुँच सकी।

डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के.गौतम ने बताया कि विगत छह माह मे प्राप्त प्रकरणों में बीती बारह जून को प्रदेश के मेरठ निवासी असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की गयी जिसमें उनके द्वारा रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या करने की बात कही गई थी। इसका मेटा कंपनी ने यूपी पुलिस को अलर्ट भेजा। जिसका डीजीपी की सोशल मीडिया सेल ने संज्ञान लेकर मोबाइल नम्बर के आधार पर पोस्ट किये जाने वाले व्यक्ति की लोकेशन की जानकारी कर पीड़ित को रेलवे ट्रैक से बरामद कर चौकी प्रभारी ने प्रोफेसर की काउंसलिंग की गई तो असिस्टेंट प्रोफेसर ने बताया कि वह अपनी पत्नी एवं ससुरालीजनों से नाराज होकर आत्महत्या करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन पर गए थे। क्रोधवश वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया है। चौकी प्रभारी को युवक ने भविष्य में इस प्रकार की पोस्ट न करने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा बीती ग्यारह जून को कमिश्नरेट वाराणसी निवासी 19 वर्षीय बी-काम फर्स्ट ईयर के छात्र ने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने की पोस्ट की गयीं। अलर्ट मैसेज का पुलिस ने संज्ञान लेकर उसकी लोकेशन की जानकारी कर कमिश्नरेट वाराणसी को कार्रवाई के लिए कहा गया।

कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस ने पीड़ित से सम्पर्क कर उसकी काउंसलिंग की गई तो छात्र ने बताया कि उसके माता पिता द्वारा मोबाइल के प्रयोग को लेकर डांटा था। जिससे क्षुब्ध होकर छात्र ने आत्महत्या की पोस्ट की गई थी। पुलिस को काउंसलिंग के उपरांत छात्र ने भविष्य में इस प्रकार की पोस्ट न करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा बीती छब्बीस मार्च को सोनभद्र निवासी 15 वर्षीय छात्र द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। इसके बाद डीजीपी को सोशल मीडिया सेल ने एक्शन ले सोनभद्र पुलिस से संपर्क कर उसके प्राण बचाए। इसके अलावा बीती सात जनवरी को कमिश्नरेट लखनऊ निवासी 20 वर्षीय दुग्ध व्यवसायी ने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने की पोस्ट की। डीजीपी की सोशल मीडिया सेल ने लखनऊ पुलिस से संपर्क कर युवक की जान बचाई। इसके अलावा बीती चार जनवरी को बरेली निवासी 19 वर्षीय बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा द्वारा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या सम्बन्धी पोस्ट की थी। पुलिस ने उसकी लोकेशन पता कर जान बचाई। डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी बताते है कि यूपी पुलिस लगातार लोगो की प्राणों की रक्षा कर रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नगवा विकास खंड पिपरौली गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत नगवा विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 25-06-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 25-06-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**भगवान सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नगवा**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**अजय कुमार जायसवाल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत नगवा**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत देईपार विकास खंड पिपरौली गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत देईपार विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 28-06-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 28-06-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती मिथलेश पाण्डेय**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत देईपार**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**प्रतिभा सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत देईपार**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खानिमपुर विकास खंड पिपरौली गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत खानिमपुर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 25-06-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 25-06-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**सर्वजीत साहनी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत खानिमपुर**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**अजय कुमार जायसवाल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत खानिमपुर**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत छपिया विकास खंड पिपरौली गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत छपिया विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 25-06-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 25-06-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती विमला सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत छपिया**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**अजय कुमार जायसवाल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत छपिया**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

# मुझे फिल्म का कॉन्सेप्ट बहुत पसंद आया : नवाजुद्दीन सिद्दीकी

- नवाजुद्दीन सिद्दकी ने राजधानी में फिल्म 'रौतू का राज' का किया प्रमोशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आने वाले हैं। नवाजुद्दीन की यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। फिलहाल वे इसके प्रमोशन में व्यस्त है। अपनी इसी फिल्म को प्रमोट करने नवाजुद्दीन सिद्दकी नवाबों के शहर लखनऊ पहुंचे।

फिल्म 'रौतू का राज' उत्तराखंड के सुरम्य गांव रौतू की बेली पर बेस्ड है। इसमें नवाजुद्दीन एक पुलिसकर्मी के रोल में देखने को मिलेंगे, उनके किरदार का नाम दीपक नेगी है। नवाज ने बताया कि, मुझे फिल्म का कॉन्सेप्ट पसंद आया और शांत माहौल में शूटिंग करने में मजा आया। नवाजुद्दीन ने आगे बताया कि उन पर शूटिंग के दौरान कोई दबाव नहीं था। उनके मुताबिक, 'कोई दबाव लेने की जरूरत नहीं है। काम को सीरियस करो, खुद को सीरियस लेने की जरूरत नहीं है। जब आप कोई सीन कर रहे होते हैं, तो आपको एक अभिनेता की कैपिसिटी का पता चलता है। नवाजुद्दीन ने अपने को-एक्टर राजेश कुमार की तारीफ भी की। एक्टर ने कहा कि, 'टीवी पर उनकी इमेज एक कॉमेडी एक्टर की थी लेकिन उनके अंदर एक अलग तरह का इंसान है, उनके अंदर सहजता है। वह किरदार में रहते हुए ही सब कुछ करते हैं।

**रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती है कहानी:** यह फिल्म एक शांत शहर, रौतू की बेली में नेत्रहीनों के एक स्कूल में वार्डन की रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती है, जहाँ पिछले पंद्रह सालों से ज्यादा वक़्त से कोई हत्या नहीं हुई है। यहीं पर दीपक नेगी उर्फ नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी टीम आती है और इस दुर्लभ और हाई-प्रोफाइल कत्ल की जाँच को सुलझाने का काम करती है। इस फिल्म में रलड दीपक नेगी (नवाजुद्दीन के किरदार) और सब इंस्पेक्टर डिमरी (राजेश कुमार द्वारा अभिनीत) के बीच एक अनोखी और खुशमिजाज दोस्ताना दिखाया गया है, जिन्हें इस हत्या की जाँच को लेकर अपने आलसीपन से मजबूरन बाहर निकलना पड़ता है।

**फैमिली की तरह सेलिब्रेट की दीवाली:** 'रौतू के राज' को लेजी मिस्ट्री थ्रिलर करार दिया गया है। ये फिल्म डराएगी, तो बैलेंस बनाने के लिए हंसाएगी भी। नवाजुद्दीन ने कहा कि शूटिंग के दौरान उन्होंने काफी मस्ती की। वहां दीवाली भी ऐसे सेलिब्रेट की जैसे सब एक परिवार की तरह हों। शूटिंग के 4-5 दिन बाद ही दीवाली थी और हमने अपनी मौज मस्ती से जंगल का माहौल खराब कर दिया।

### लखनऊ में बार-बार आना अच्छा लगता है

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इस फिल्म की रिलीज और अपने लखनऊ आने के बारे में अपनी खुशी प्रकट करते हुए कहा, मैं अपनी अगली फिल्म रौतू का राज का प्रचार करने के लिए लखनऊ आकर बेहद खुश हूँ। लखनऊ के लोग बहुत खुले दिल वाले हैं और इसलिए, इस शहर में बार-बार लौटना अच्छा लगता है। मैं लखनऊ के लोगों से आग्रह करता हूँ कि वे रौतू का राज को भी वैसा ही प्यार दें जैसा उन्होंने मुझे दिया है। इस फिल्म में, मैं पुलिस अधिकारी दीपक नेगी का किरदार निभाते हुए नजर आऊँगा, जो रौतू की बेली के एक सोए-सोए से और शांत शहर में एक दुर्लभ और हाई-प्रोफाइल हत्या की जाँच का काम सौंपा गया है। इस फिल्म की गति इस छोटे से शहर से प्रेरित है और इसलिए यह एक हत्या की आलसी जाँच में एक चालाक पुलिस वाले की कहानी है।

**खुद को सीरियस लेने की जरूरत नहीं:** नवाजुद्दीन ने कहा कि काम को लेकर प्रेशर लेने की जरूरत नहीं। "काम को सीरियस करो, खुद को सीरियस लेने की जरूरत नहीं है। जब आप कोई सीन कर रहे होते हैं, तो आपके सामने वाले एक्टर की कैपेबिलिटी के बारे में पता चलता है।" अपने को-स्टार राजेश शर्मा की तारीफ करते हुए नवाजुद्दीन ने कहा कि टीवी पर इनकी इमेज कॉमेडी एक्टर की रही है, लेकिन इनके अंदर अलग इंसान है।

**मेरी बेटी अभी ट्रेनिंग ले रही है:** नवाजुद्दीन ने कहा, मेरी बेटी अभी ट्रेनिंग ले रही है। उसने खुद जाकर परफॉर्मिंग आर्ट फैकल्टी में जाकर एडमिशनल ले लिया, हाथ जोड़कर टीचर के सामने उसने कहा, 'मैं एक्टिंग सीखना चाहती हूं।'₹ नवाज ने अपनी बेटी के ट्रेनिंग सिलेबस के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह अपने आखिरी साल में एक प्ले करेगी।

उन्होंने कहा, वे आखिरी साल में एक प्ले करेंगी और इसके लिए उन्हें अपने आउटफिट्स खुद ही सिलनी होंगी। जो भी प्रॉप्स इस्तेमाल किए जाएंगे, उन्हें खुद ही बनाने होंगे। उन्हें लाइटिंग का भी ध्यान रखना होगा और आखिर में एक शो होगा जिसके लिए टिकट बुक किए जाएंगे। इस तरह की कड़ी ट्रेनिंग वो ले रही है। वह यह सब खुद ही कर रही है। इंटरव्यू के दौरान उनसे यह भी पूछा गया कि क्या वह अपनी बेटी को एक्टिंग सिखा रहे हैं या कोई टिप्स दे रहे हैं, जिस पर उन्होंने कहा, नहीं, घर की मुर्गी दाल बराबर होती है ना, वैसा ही है। वह बहुत सारी फिल्में देखती है, वर्ल्ड सिनेमा देखती है। वह 14 साल की है और वह हर दिन एक फिल्म देखती है। उसने एक बार मुझे दिखाने के लिए एक नाटक किया था, मैंने उससे पूछा कि उसने यह कैसे किया और उसने कहा, 'पापा, मैं पूरी तैयारी कर रही हूं। फिल्में देखती हूं मैं।' तो यह ऐसा ही है, यह उसका जुनून है, तो मैं क्या कह सकता हूं? नवाजुद्दीन ने कहा कि वह अपनी बेटी के सपने का सपोर्ट करते हैं और उन्होंने कभी भी उन्हें एक्टिंग करने के लिए नहीं कहा। यह उनकी पसंद है और दूसरे माता-पिता की तरह, वह भी उनके सपने को सपोर्ट करते है।

### लखनऊ में पुलिस अधिकारियों से की मुलाकात



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जाने-माने अदाकार नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी सबसे नई जी 5 ओरिजिनल फिल्म, 'रौतू का राज' के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लखनऊ में पुलिस मुख्यालय की अपनी यात्रा के दौरान, स्क्रीन पर एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने वाले नवाजुद्दीन ने वास्तविक जीवन के पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, पीआरओ और निरीक्षकों के साथ बातचीत की और एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाने पर अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की। जी स्टूडियोज और फैट फिश रिकॉर्ड्स द्वारा प्रोड्यूस की गई और आनंद सुरापुर द्वारा निर्देशित, रौतू का राज में राजेश कुमार, अतुल तिवारी और नारायणी शास्त्री भी सहायक भूमिकाओं में हैं और यह फिल्म उत्तराखंड के रौतू की बेली के हसीन गाँव पर आधारित है। पिछले साल 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में इस फिल्म का शानदार प्रीमियर हुआ था, जहाँ इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था और अब यह 28 जून को अपने ओ.टी.टी. प्रीमियर के लिए तैयार है।

# कथक को आकर्षक रंग, लोक कला के साथ दिखा संगम

## संगीत नाटक अकादमी में आयोजित दो दिवसीय अनंत कला महोत्सव का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कथक के आकर्षक रंग के साथ पारम्परिक कथक के भाव-भंगिमाओं को बेहद की सुन्दरता के साथ प्रदर्शित किया गया। अल्पिका संस्था की ओर दो दिवसीय अनंत कला महोत्सव का समापन बुधवार को कथक की सौन्दर्य को दशार्ती प्रस्तुतियों के साथ हुआ। बौद्ध शोध संस्थान में हुए कार्यक्रम में नृत्य की नामी हस्तियों ने अपने प्रदर्शन और कथक की बारिकियों से परिचित कराया। महोत्सव का उद्घाटन डॉ पूर्णिमा पांडे, डा करुणा पांडे, मीनू ठाकुर, डा रुचि खरे, अल्पिका अध्यक्ष उमा त्रिगुणायत, सचिव रेणु शर्मा ने किया। वहीं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ मांडवी सिंह ने स्मारिका का विमोचन किया।

महोत्सव में नई दिल्ली, मुम्बई, बंग्लुरु, नासिक, पुणे के कलाकारों ने पारम्परिक कथक के साथ फ्यूजन के असर को अपनी प्रस्तुतियों में ढाला। वहीं पंडित राम मोहन महाराज ने लखनऊ के पारम्परिक कथक को अपने अंदाज में कला प्रेमियों के साथ पेश किया। साथ ही बैठकी के भावों को बेहद ही सुन्दरता के साथ मंच पर साकार कर युवा कलाकारों को सीखने का अवसर दिया। इससे पूर्व नई दिल्ली की असवारी पवार ने गणेश वन्दना राग यमन में प्रस्तुत की। वहीं शिव स्तुति बाजत मृदंग को राग शंकरा में लखनवी दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। मुम्बई की जयश्री कुलकर्णी ने थाट, आमद, परन, लड़ी, तराना के सटीक प्रदर्शन से तालियां अपने नाम की। वहीं वीना भट्ट और समूह ने रूबाई और सरगम राग मालकौस में प्रस्तुत कर दर्शकों को सुखद अनुभव कराया। इसके अलावा तीन ताल में तराना राग यमन में प्रस्तुत किया। वीना के साथ रुचिका भट्ट और निकक्षिता भट्ट शामिल रहीं। मुम्बई की आरती जोशी राग देस में चतुरंग देखने को मिला। वोकल पर हेमांगी भगत और तबले पर अर्थव कुलकर्णी ने संगत की।

**भाव देखने को मिले:** कथक में भावों को प्रदर्शन बेहद की महत्वपूर्ण होता है। महोत्सव की प्रस्तुति में भाव प्रदर्शन ने सभी को मोहा मुम्बई की भावना लेले और पल्लवी लेले ने लोकप्रिय भजन चाहे कृष्ण कहो या राम के माध्यम भावों को प्रदर्शन किया। दिल्ली की शुभी जौहरी ने राग देश तीन ताल में अभिसारिका, पुणे की कांतिका ने कृष्ण लीला, मुम्बई की केका सिन्हा ने ठुमरी कथक मिलाप में बाबुल मेरा नयहर छूटो जाए पर बेजाड़ नृत्य की प्रस्तुति दी। मुम्बई की डा. परीणिता शाह ने पंडित बिरजू महाराज की कोरियाग्राफ रचना तराना जनसम्मोहिनी से परिचित कराया। वहीं रंजना फड़के ने तीन ताल में चैती नइहर से केऊ नही आईले रामा, आदिति पनसे, ध्रुवकाशी पाटिल ने कृष्ण वंदना को प्रस्तुत किया।

# पाक कला प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया हुनर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत में मिठाइयों का खास सांस्कृतिक महत्व है। भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न तीज त्यौहार, धार्मिक अनुष्ठान मिठाइयों बिना अधूरे हैं।शादी हो या अन्य कोई उत्सव हो माना जाता है कि मिठाइयों व्यक्ति और उनके प्रियजनों के लिए सौभाग्य लाती है। भारतीय मिठाइयां आमतौर पर दूध, चीनी व अन्य प्राकृतिक सामग्री से बनाई जाती हैं।

आज के बदलते परिवेश में पाक कला के शौकीन मिठाइयों में कुछ अलग कुछ अनोखा परिवर्तन कर उसके स्वाद को और अधिक स्वादिष्ट बना रहें हैं।इसी को दृष्टिगत रखते हुए सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से आओ पकाए कुछ खास कुकिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत कुछ मीठा हो जाए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गुरुवार 13 जून से 27 जून 15 दिवसीय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता में शहर की महिलाओं अपने अनोखे अंदाज में मिठाइयां बनाकर उसकी वीडियो और फोटो भेज रहीं हैं।अभी तक की प्राप्त स्वीट डिश में दौदा खेड़ा से बंदना ने लौकी के पेड़े, मानक नगर से अर्चना शुक्ला ने कद्दू की बर्फी, आजाद नगर से पूजा गुप्ता ने मल्टीगैन पव, जय प्रकाश नगर से आरती शुक्ला ने कलाकंद ,चित्रगुप्त नगर से सुरभि कौर ने सिंगाड़ा के आटे के लड्डू ,मधुवन नगर से अलका श्रीवास्तव ने सूजी नट्स केक, चंदर नगर से गरिमा चौरसिया ने शुगर फ्री ओट्स डेट्स नट्स आइसक्रीम, कनौसी ओशो नगर से साधना कुशवाहा ने बेसन का पेड़ा, मधुबन नगर से अलका श्रीवास्तव ने लौकी की बर्फी, चंदर नगर से अंजली शर्मा ने नरियाल बर्फी, राजाजीपुरम से उपासना गुप्ता ने चना दाल बर्फी स्वीट डिश बनाकर भेजी। संस्था के संयोजक शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि विजेताओं का चयन और पुरस्कार वितरण रविवार 7 जुलाई को होगा।

## 21 को गोमती आरती के संग योग शिक्षकों का होगा सम्मान

लखनऊ। सनातन महासभा द्वारा इस माह की पूर्णिमा 21 जून को ज्येष्ठ महीने की 126वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती व सनातन समागम के संग 11 सदस्यों, जिनका जन्मदिन/विवाह वर्षगाठ है, सनातन परंपरा के अनुसार धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन 21 जून को शाम 6:30 बजे झूलेलाल घाट पर होगा। सनातन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि इस अवसर पर सभी 11 सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण भी कराया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रतिमाह किया जाएगा। इस माह 21 जून को योग दिवस है, अतः 11 योग शिक्षकों को संगठन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा एवं योग क्रिया भी की जाएगी।

# अहिंसा धर्म का सम्यक स्वरूप है जो मोक्ष की ओर अग्रसर करता है: अभय जैन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से इन्दिरानगर जैन मन्दिर चल रही कार्यशाला जैन श्रावक संस्कार नवें दिन छः ढाला के द्वितीय ढाल (द्वितीय अध्याय) की 06 से 11वीं गाधा को चन्द्र प्रकाश ने शिवार्थियों को समझाया कि आत्म कल्याण के लिये सात तत्वों (क्रमशः जीव, अजीव, आश्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष) यथार्थज्ञान आव्शयक है। उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि रागात्मक भाव से अनायास हिंसा होती है। हिंसा अधर्म है जो जीवात्मा को अनन्त काल तक चौरासी लाख योनियों में भ्रमण कराती है। अहिंसा धर्म का सम्यक्स्वरूप है जो मोक्ष की ओर अग्रसर करता है। शिविर के संयोजक समिति अध्यक्ष ई. पी.के. जैन और मंत्री अभिषेक जैन ने प्रेक्टिकल के साथ आज बच्चों को पूजन विधि के अभिषेक अंग को सिखाया। प्रतिभागी पूर्ण मनोयोग से शिविर में धर्म और संस्कार की शिक्षा ले रहे हैं।

# गरीब किसान की दिल छू लेने वाली कहानी है 'सवा सेर गेहूं'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** देश की आजादी से पहले लिखी गई कहानी सवा सेर गेहूं का मंचन बुधवार शाम एसएनए सभागार में हुआ। कहानी की विषयवस्तु ने न सिर्फ यह आभास कराया कि गरीबी में जीने वाले किसान किन कठोर परिस्थितियों का सामना करने को मजबूर है, बल्कि यह सीख दी कि शोषक समाज लगभग स्थायी रूप से हमारे इर्द-गिर्द मौजूद रहा है। कहानी का मुख्य किरदार शंकर अपनी जान की कीमत पर भी सवा सेर आटे की उधारी चुका नहीं पाता और उसके बेटे को भी बंधुआ मजदूर बनना पड़ता है।

नाटक एक गरीब किसान शंकर की कथा कहता है, जिसके घर एक साधु पधारते हैं और रात का भोजन मांग बैठते हैं। शंकर के घर में केवल जौ का आटा था। कमला उसे पास-पड़ोस से गेहूं का आटा मांग लाने को कहती है। गांव के महाजन, पंडित विप्र महाराज शंकर को सवा सेर गेहूं उधार देने का प्रस्ताव देते हैं। कालांतर में उस पर ब्याज लगा कर उस गेहूं के एवज में साढ़े पांच मन गेहूं अदा करने को बाध्य कर देते हैं। शंकर बंधुआ मजदूरी करने पर विवश हो जाता है और कुछ वर्षों मे भूख, अवसाद और लाचारी से दम तोड़ देता है। अंत में पंडित विप्र महाराज अपने सेवक से शंकर के पुत्र बुधवा को बुलावा भेजता है। नाटक इस मोड़ पर समाप्त होता है कि बुधवा भी बंधुआ मजदूरी कर बाप का लिया कर्ज उतारने को जुट जाता है और कष्ट पाता है।

# मोती महल लान में सजी योग की शानदार महफिल, बनाया विश्व रिकॉर्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मोती महल वाटिका लखनऊ में योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल के तत्वाधान में जश्ने आजादी ट्रस्ट व भारतीय आदर्श योग संस्थान द्वारा आमंत्रित 10 प्रतिभागियों ने अपने-अपने आसनों में एकल रूप से 10 विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल का अभ्यास कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर डॉ आनंदेश्वर पांडे, चेयरमैन योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल, यूएई अध्यक्ष सैय्यद रफत जुबेर रिजवी, काउंसिल के सीईओ आचार्यश्री डॉ यश पाराशर, चीफ एडिटर मालविका वाजपेई ने सभी 10 विश्व कीर्तिमान घोषित किए।लखनऊ से आरना खुराना ने सुप्त तितिभासन 33 मिनट 06 सै. पदम चक्रासन में 02 मिनट 31 सै. विश्व रिकॉर्ड बनाया।उन्नाव से भूमि तिवारी ने तीन आसनों में रामदूतासन 35 मिनट 27 सै. कमरमरोड़ आसन मे 12 मिनट 35 सै. व राजकपोतासन 05 मिनट 26 सै. तक रुक कर रिकॉर्ड अपने नाम किया।सौम्या ओझा कानपुर ने परिवर्तित जानू शीर्षासन मे 23 मिनट 34 सै. और तिम्यासन में 07 मिनट 15 सै. रुक कर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किए।

रायबरेली से सृष्टि सोनकर ने पदपुत्र परिवर्तित जानू शीर्षासन में 33 मिनट 06 सै. कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।कानपुर से डॉ भावना श्रीवास्तव ने वज्रआसन में 45 मिनट 03 सै. करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। गाजियाबाद से अंजलि भारद्वाज ने शशांकासन में 39 मिनट 11 सेकंड तक रुककर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लखनऊ की दिया आहूजा ने 9 महीने की गर्भावस्था में चार कठिन आसनों जिसमें वॉरियर पोज, टाइगर पोज, सेतुबंध आसन और वृक्षासन में विश्व रिकॉर्ड बनाएं। मालविका के निर्देशन में बने ये चारों आसन के लिए मालविका ने बताया की ऐसी परिस्थिति में ये कारनामा करने वाली दिया पहली योगिनी है और पूरी महिला वर्ग के लिए एक प्रेरणा है। अतिथियों द्वारा सभी चारों रिकॉर्ड से दिया को सम्मानित किया गया।दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण को सार्थक करते हुए सभी विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सभी प्रतिभागी महिलाएं थी।इस कार्यक्रम के आयोजक मुरलीधर आहूजा व कृष्ण दत्त मिश्रा जी ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई प्रेषित की व मीडिया का भी आभार प्रकट किया साथ ही प्रोटोकॉल के लिए शहर से आए सभी योगाभ्यासियों को 21 जून की शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर समाजसेवी अब्दुल वहीद, अजीज सिद्दीकी, डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी, डॉक्टर राधेश्याम, मुतुर्जा अली, शहजादे कलीम, कुदरत उल्ला खान, साकेत शर्मा, परवेज अख्तर, आरिफ मुकीम, शालू सिंह के साथ ही भारतीय आदर्श योग संस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे जिनमें अध्यक्ष एवं योगाचार्य श्री कृष्ण दत्त मिश्र, सचिव श्री राजकुमार राज, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, राधेश्याम चौरसिया, डॉक्टर एल.के. राय, विनोद कुमार यादव, कर्नल डॉ आलोक सिन्हा, कमलेश कुमार पाठक, मगन मिश्र, डॉ डीके सिंह, आरबी सिंह, संगीता सिंह, संगीता सिंह, शोभना द्विवेदी, रीता पांडे, कल्पना भद्रा, शशि मणि त्रिपाठी, इसरार खान, राकेश साहू, ऋषभ मिश्रा, मधु पांडे, आनंद पांडे, शिव शंकर सोनवाल, शिवकुमार, गौरव जाजू, रुखसाना, उमा शर्मा, मीनू आहूजा, बीना यादव, आदि मौजूद थे।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 405/EE-1/नि. दिनांक : 19/6/2024

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि० 26/06/2024 अपराह्न 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 26/06/2024 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी । सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है । निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-1 के अन्तर्गत कुल 04 स्थानों (1. प्रकाश कुल्फी अमीनाबाद चौराहा, आर0एल0बी0-84, 2. लाटूश रोड रोड पी.एन.बी. बैंक के सामने आर0 एल0बी0-118, 3. निकट कानपुर गन हाउस टूधियाना लाटूश रोड, आर0 एल0बी0-47, 4. निकट नामधारी गुरुद्वारा पंजाबी मोहल्ला न्यू गणेश गंज एल.के.-57) पर 1.5 एच. पी सबमरसिबुल की मोटर मरम्मत का कार्य। | रु. 150/- | रु. 3000/- | 7 दिवस |
| 2. | जोन-1 के अन्तर्गत 06 स्थानों (1. बालू अड्डा ढ़ाल निकट हिन्दू मन्दिर, 2. रविदास नगर, 3. निकट के. डी. सिंह बाबू पुलिस चौकी परिवर्तन चौक, 4. उंचवा मोहल्ला राजा राम मोहन राय वार्ड, 5. म0नं0 - 7 डालीबाग कालोनी निकट बटलर पैलेस, 6. योजना भवन गेट नं0-2 के किनारे) पर 1.5 एच.पी सबमरसिबुल की मरम्मत का कार्य। | रु. 200/- | रु. 3700/- | 7 दिवस |
| 3. | जोन-1 के अन्तर्गत 09 स्थानों (1. महात्मा गांधी वार्ड मोहल्ला बर्फखाना में, 2. माधव गुप्ता के भवन सं0-64 / 65 के निकट लालकुंआ लखनऊ, 3. छितवापुर प्राईमरी स्कूल के पीछे लालकुंआ, 4. पीपल वाला हाता कमिश्नर आफिस के पास, 5. बख्शी दीदी (पूर्व मंत्री) के घर के पास, 6. भूसामण्डी कसाईबाड़ा रोड मस्जिद / आमिर घोसी के घर के पास, 7. राजेन्द्र कुमार के घर के पास कटरा मकबूलगंज, 8. नजरबाग वार्ड के अन्तर्गत फूलबाग खटिकाना में काली जी मन्दिर के पास, 9. स्टेशन रोड स्थित हुण्डई शोरुम के पीछे हाता रसूल खां, लालकुंआ) पर 1.5 एच.पी सबमरसिबुल की मरम्मत का कार्य । | रु. 250/- | रु. 4800/- | 7 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# आठ ट्रेनें हुईं निरस्त, बारह के मार्ग बदले

- विभिन्न रेलखंड पर कार्यों के कारण रेलवे कर रहा ट्रेनों को निरस्त
- भीषण गर्मी में यात्रियों को हो रही भारी दिक्कत, नियमित ट्रेनों पर बढ़ रहा बोझ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी खण्ड के दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में मालखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशनों के मध्य प्री-नान इण्टरलॉकिंग एवं नान इण्टरलॉकिंग कार्य होने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

जिन ट्रेनो को निरस्त किया गया है उनमें अहमदाबाद से 23, 30 जून एवं 07 जुलाई को चलने वाली 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पटना से 18, 25 जून, 02 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अहमदाबाद से 05, 06, 07 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 06, 07, 08 एवं 10 जुलाई को चलने वाली 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से 01 एवं 08 जुलाई को चलने वाली 19091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 02 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। दरभंगा से 03 जुलाई को चलने वाली 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अहमदाबाद से 05 जुलाई को चलने वाली 15560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

जिन ट्रेनो के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें गोरखपुर से 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29, 30 जून, 01, 03, 04 एवं 05 जुलाई को चलने वाली 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 29, 30 जून, 02, 03 एवं 04 जुलाई को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 25 जून से 09 जुलाई तक चलने वाली 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी।

बलिया से 25 जून से 10 जुलाई तक चलने वाली 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 26 जून को चलने वाली 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 28 जून को चलने वाली 15560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 19, 21, 23, 26, 28, 30 जून, 03, 05 एवं 07 जुलाई को चलने वाली 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मक्सी-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना के रास्ते चलाई जायेगी।

दरभंगा से 19, 22, 24, 26, 29 जून, 01, 03, 06 एवं 08 जुलाई को चलने वाली 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-मक्सी के रास्ते चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 जून, 01, 02, 04, 06, 08 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19167 अहमदाबाद-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मक्सी-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना के रास्ते चलाई जायेगी। वाराणसी सिटी से 18, 20, 21, 23, 25, 27, 28, 30 जून, 02, 04, 05, 07 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-मक्सी के रास्ते चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 21, 28 जून एवं 05 जुलाई को चलने वाली 09465 अहमदाबाद-दरभंगा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग मक्सी-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 24 जून, 01 एवं 08 जुलाई को चलने वाली 09466 दरभंगा-अहमदाबाद विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-मक्सी के रास्ते चलाई जायेगी।

## लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी सहित 10 ट्रेनों में बढ़ाये गये कोच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल से शुरू होने वाली /गुजरने वाली गाड़ियों में ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे जिसका विवरण है।

14207 मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस में 22 से 30 जून तक स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। जबकि 14208 दिल्ली-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़पद्मावत एक्सप्रेस में 25 जून से 3 जुलाई तक स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। 14205 अयोध्या कैंट-दिल्लीएक्सप्रेस में 24 जून से 2 जुलाई तक स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। 14206 दिल्ली- अयोध्या कैंटएक्सप्रेस में 23 जून से 30 जून तक स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। 14235 वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस में 20 जून से 30 जून तक थर्ड एसी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 14236 बरेली- वाराणसी एक्सप्रेस में 21 जून से 1 जुलाई तक थर्ड एसी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 22467 वाराणसी-गांधीनगर कैपिटल सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस में 24 जून को स्लीपर के दो अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे। 22468 गांधीनगर कैपिटल-वाराणसी सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस में 27 जून को स्लीपर के दो अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे। 20401 वाराणसी-लखनऊ सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस में 20 से 30 जून तक थर्ड एसी के दो एवं द्वितीय श्रेणी के कुर्सीयान का अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे। 20402 लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस में 20 से 30 जून तक थर्ड एसी के दो एवं द्वितीय श्रेणी के कुर्सीयान का अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में रूद्रेश पटेल ने अर्जित की विश्व में प्रथम रैंक



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-4 के मेधावी छात्र रूद्रेश पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में 100 परसेंटाइल के साथ विश्व में प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता इण्टरनेशनल बेंचमार्क टेस्ट (आईबीटी) के अंतर्गत आयोजित हुई। यह जानकारी सीएमएस के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (एसीईआर) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इण्टरनेशनल बेंचमार्क टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमें कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान व प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में सीएमएस अलीगंज द्वितीय कैम्पस के छात्र रूद्रेश पटेल ने पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधावता का परचम लहराया है। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कल 13.15 घंटे का होगा दिन

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को ग्रीष्म संक्रांति है। यह पूरे वर्ष का सबसे लम्बा दिन होगा। 21 जून को सूर्योदय सुबह 5.15 पर और सूर्यास्त शाम 7.02 बजे पर होगा। शुक्रवार को करीब 13 घंटे 15 मिनट का दिन होगा। शुक्रवार को खास बात यह है कि इस रोज एक पल ऐसा भी आता है, जब व्यक्ति को परछाई भी नहीं दिखाई देती है। 21 जून उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। वहीं, दक्षिणी गोलार्द्ध में ये सबसे छोटा दिन होता है। इस दिन सूर्य से पृथ्वी के कई हिस्से को मिलने वाली ऊर्जा 30 प्रतिशत तक ज्यादा हो जाती है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी की चाल के कारण 21 जून के बाद से दिन की अवधि घटने लगती है यानी दिन छोटे होने लगते हैं और रात की अवधि धीरे-धीरे बढ़ने लगती है। 21 सितंबर को दिन और रात बराबर हो जाते हैं। पृथ्वी पर ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूरज है और 21 जून ऐसा दिन होता है, जिस दिन सबसे अधिक समय तक सूरज का प्रकाश पृथ्वी पर मौजूद रहता है। इसलिए इस दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

# 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस पर दिए जायेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

इन पुरस्कारों के लिए दिव्यांगजन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 प्रचलित है, जिसमें 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि नियमावली के अनुसार इन पुरस्कारों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्था सबंधित जनपद के दिव्यांगजन अधिकारी कार्यालय से संपर्क निर्धारित प्रारूप में 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के अंतर्गत पुरस्कार के लिए श्रेणियां निर्धारित की गयी है जिनमे दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता और सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति और सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणास्त्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्ति और सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण के लिए कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी योग्य उम्मीदवारों और संस्थाओं से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया गया है ताकि उनकी सेवाओं को सम्मानित किया जा सके।


### कार्यालय ग्राम पंचायत भिलोरा खुर्द विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत भिलोरा खुर्द विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 24-06-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 24-06-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**मिथलेश**, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत भिलोरा खुर्द, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर
**समीर यादव**, सचिव, ग्राम पंचायत भिलोरा खुर्द, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत भगवानपुर विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत भगवानपुर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16-06-2024 से 22-06-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 22-06-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 1 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती ममता सिंह**, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत भगवानपुर, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर
**समीर यादव**, सचिव, ग्राम पंचायत भगवानपुर, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत कोलिया विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कोलिया विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 05-07-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 05-07-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 2 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**राजेन्द्र निषाद**, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत कोलिया, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर
**रोहित यादव**, सचिव, ग्राम पंचायत कोलिया, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत जोत मामापार विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जोत मामापार विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20-06-2024 से 05-07-2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 05-07-2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 3 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**किरन देवी**, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जोत मामापार, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर
**सुनील कुमार शुक्ला**, सचिव, ग्राम पंचायत जोत मामापार, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर


# तनाव में पालक की महत्वपूर्ण भूमिका

- लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी के नेतृत्व में एक शोध दल ने पाया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बायोइंजीनियर्ड गोल्ड नैनोपार्टिकल्स के उपचार से पालक की नमक तनाव के प्रति सहनशीलता में वृद्धि पर शोध- लवणीय मिट्टी के लिए नई उम्मीद जगायी है।

नैनोपार्टिकल्स का उपयोग विज्ञान में नई खोजों के लिए महत्वपूर्ण हो रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी के नेतृत्व में एक शोध दल ने पाया है कि गोल्ड नैनोपार्टिकल्स का उपयोग करके पालक के पौधों को नमक के उच्च स्तर के तनाव में भी बेहतर वृद्धि और सहनशीलता मिलती है। यह शोध जून 2024 में फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस (स्विट्जरलैंड) में प्रकाशित हुआ है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि गोल्ड नैनोपार्टिकल्स के अनुप्रयोग से पालक में क्लोरोफिल के स्तर में वृद्धि हुई, जिससे प्रकाश अवशोषण में सुधार हुआ और फोटोसिंथेट्स बढ़ा। इसके परिणामस्वरूप पौधों की वृद्धि में सुधार हुआ और पौधे उच्च नमक के तनाव को पार करने में सक्षम रहे।

इन नैनोपार्टिकल्स ने पौधों के स्टोमेटा (पत्तियों पर छोटे छिद्र) को फिर से खोलने में मदद की, जिससे जलयोजन और गैस विनिमय बेहतर हुआ। पोटैशियम आयनों की मात्रा बढ़ने से एब्सिसिक एसिड (एबीए) का स्तर कम हुआ, जो तनाव प्रतिक्रिया से जुड़ा हार्मोन है। प्रोलीन और फ्लेवोनोइड्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स के स्तर में वृद्धि हुई, जिससे पौधे ऑक्सीडेटिव तनाव से बच सके। पालक पोषण, उत्पादन और खपत के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण सब्जी है। इसके अलावा, इसमें अन्य खाद्य पदार्थों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक गाबा होता है। गाबा पौधों, विशेष रूप से पत्तेदार सब्जियों के विकास और तनाव प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रो. अंसारी ने बताया कि गोल्ड नैनोपार्टिकल्स विषैले नहीं होते और नैनो मात्रा में उपयोग से फसलों को प्रतिकूल परिस्थितियों में पनपने में मदद मिलती है, जिससे खाद्य सुरक्षा और बेहतर कृषि उपज सुनिश्चित होती है। यह शोध किसानों और वैज्ञानिकों के लिए नई संभावनाएं खोलता है, जिससे फसलों को नमक जैसी समस्याओं के बावजूद स्वस्थ रखा जा सके। प्रो. एमआई अंसारी और उनके समूह द्वारा पहले किए गए शोध, जो साउथ अफ्रीकन जर्नल ऑफ बोटनी में प्रकाशित हुआ था, ने दिखाया कि गोल्ड और सिल्वर नैनोपार्टिकल्स पालक के पौधों की वृद्धि के पैरामीटर को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकते हैं। अपने वर्तमान शोध में, जो फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस में प्रकाशित हुआ है, उन्होंने गोल्ड नैनोपार्टिकल्स का उपयोग पालक के पौधों में नमक तनाव को सुधारने के लिए किया है।

# धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी का जन्मदिन हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया। साथ ही उनके दीघार्यु होने की कामना की गयी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में हुए इन कार्यक्रमों की शुरूआत यूथ कांग्रेस के कार्यालय में 101 पौधों का पौधरोपण किया। राहुल गांधी के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी पौधरोपण अभियान की शुरूआत की।

इस अभियान के तहत कांग्रेसजनों द्वारा यह संकल्प लिया गया है कि प्रदेश के सभी 1 लाख 62 हजार बूथों के अध्यक्षों द्वारा एक-एक पौधा रोपित किया जायेगा। एक बूथ एक पेड़ को मिशन के तौर पर लेते हुए पहली बारिश के बाद यह अभियान पूरे प्रदेश में जोर शोर से शुरू हो जायेगा। इसी क्रम में कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केक भी काटा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस देश की उम्मीद हैं। पूरे भारत के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे, अपने अदम्य साहस से भाजपा के हर अन्याय का सामना कर रहे राहुल दीघार्यु हो, स्वस्थ रहे यही हम सब की कामना है। कार्यक्रम का अगला पड़ाव वृंदावन लखनऊ स्थित पॉल मर्शी होम रहा जहां मानसिक रूप से कमजोर लड़कियों के बीच जाकर प्रदेश अध्यक्ष ने उनका कुशल क्षेम जाना और फल, मिठाइयां और उनकी जरूरत की अन्य वस्तुएं वितरित की। इसी क्रम में राजधानी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी एवं प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान ने मरीजों को फल भी वितरित किया। इस मौके पर योगेश्वर सिंह, रविन्द्र गिरि, रविन्द्र वर्मा, इस्लाम अली प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## लविवि कुलपति ने किया योग स्पेक्ट्रम का विमोचन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-आर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव की लिखित पुस्तक योग स्पेक्ट्रम का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने किया। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में 32 अध्याय हैं। पुस्तक में योग की वैज्ञानिकता, समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा, स्वास्थ्य का नियम तथा आधुनिक जीवन शैली के कारण होने वाले रोगों का योगिक उपचार का वर्णन है। इसके अतिरिक्त आसनों प्राणायामों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन किया गया है। यह पुस्तक अंग्रेजी माध्यम में है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर, डॉ रामनरेश उपस्थित थे।

# कलाकृतियों एवं पाण्डुलिपियों के संरक्षण के लिए बनेगा पाठ्यक्रम

- पुनर्वास विवि में ललित कला विभाग आगामी योजनाओं को लेकर मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा बुधवार को हुई। साथ ही आगामी योजनायें भी तय की गयी।

वर्तमान में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स, मॉस्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स एवं पीएचडी पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। इस विभाग में तीन अनुशासनों में प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें अलग-अलग प्रकार के रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। जैसे चित्रकला में म्यूरल एवं फ्रेस्को पेंटिंग डिजाइन, पोट्रेट पेंटिंग, सेट डिजाइन, पारंपरिक एवं लोकचित्रण, लैण्ड स्केप/सिटी स्केप चित्रण आदि है। वहीं मूर्तिकला में लैण्ड स्केपिंग/पार्क डेवलपमेंट डिजाइन, फाउंटेन, पोट्रेट-स्टेचू में विभिन्न माध्यमों में ब्रांज, फाइबर ग्लास, स्टोन एवं अन्य माध्यम में, रिलीफ एवं राउण्ड स्कल्पचर भवनों के अनुरूप विभिन्न माध्यमों में (ब्रांज कास्टिंग, स्टोन कार्विंग, टेराकोटा, वुड कार्विंग, फाइबर ग्लास कास्टिंग एवं अन्य मिश्रित माध्यम) आदि है। इसी तरह व्यावहारिक कला में प्रिंट मीडिया, विज्ञापन, कैम्पेन डिजाइन, बुक कवर डिजाइन, पैकेजिंग डिजाइन, पोस्टर, फोटोग्राफी इत्यादि है। इस विभाग में शोध के लिए विभिन्न क्षेत्र हैं जिससे समाज में प्रभावी अवदान दिया जा सकता है, जैसे भारतीय संस्कृति में कला का योगदान, भारतीय कला परम्पराओं का संरक्षण, समकालीन कला परम्पराओं का डॉक्यूमेंटेशन, लोक कलाओं का डॉक्यूमेंटेशन, दिव्यांग कलाकारों के कला अवदान का डॉक्यूमेंटेशन एवं प्रोत्साहन, विभिन्न सरकारी योजनाओं या विकास कार्यों में कला की भूमिका सुनिश्चित किया जाना, ललित कला दृश्य भाषा होने के कारण शोध कार्यों में इस पर विशेष जोर देते हुए दिव्यांग छात्रों को इस विषय से जोड़ा जायेगा एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को दृश्य भाषा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा।

**ललित कला विभाग की शैक्षणिक एवं अनुसंधान सम्बन्धी 01 वर्षीय कार्ययोजना :** विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की नियमित कला प्रदर्शनी पहल एवं परिचय, वाह्य विशेषज्ञ के निर्देशन में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (चित्रकला, मूर्तिकला एवं व्यावहारिक कला) के विद्यार्थियों की एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन, वाह्य विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यानमाला का आयोजन, देश एवं विदेश के प्रख्यात कलाविद को आमंत्रित कर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन आदि है।

**तीन वर्षीय कार्य योजना :** ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय के अन्तर्गत संचालित ललित कला विभाग के तीन पाठ्यक्रमों- चित्रकला, मूर्तिकला एवं व्यावहारिक कला को पृथक विभागों के रूप में स्थापित एवं विकसित करना (यूजीसी द्वारा दिये गये दिशानिदेर्शों के अनुरूप पदों के सृजन एवं विभाग सृजन का प्रस्ताव विभागीय अध्ययन मण्डल एवं विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित) है। व्यावसायिक रूप से विद्यार्थियों को अद्यतन बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) उपलब्ध कराया जाना, विभाग में व्यावसायिक साफ्टवेयर को शिक्षण में सम्मिलित करना एवं विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से इस माध्यम से सशक्त करना, विभाग में दिव्यांग (श्रवणबाधित) विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में विजुअल्स के माध्यम से शिक्षण कार्य का संचालन करना, विभागीय पुस्तकालय (ऑनलाइन/ऑफलाइन) उपलब्ध कराना, प्रिंटमेकिंग स्टूडियो को अपग्रेड कराना, फोटोग्राफी स्टूडियो को अपग्रेड कराना है।

**पांच वर्षीय कार्ययोजना :** अर्न एवं लर्न पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को व्यावसायिक कार्यों- स्टेचू मेकिंग, लैण्डस्केपिंग, उद्यान विकास जैसे कार्यों से जोड़ना, सिरेमिक एवं मूर्तिकला में आधुनिक तकनीक के अनुरूप ब्रांज कास्टिंग की व्यावसायिक शिक्षा के लिए सक्षम व्यावसायिक कलाकारों को सम्बद्ध करना, विभाग द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से उन्नत बनाने के लिए विभिन्न सरकारी एव गैर-सरकारी संस्थानों से जोड़कर व्यावसायिक अनुभव प्राप्त कराना, विभाग की भौतिक आवश्यकताओं को विस्तारित करने के लिए कंसलटेंसी के माध्यम से कला कार्य सम्पादित करना एवं आय उपार्जित करना, कलाकृतियों, चित्र, मूर्ति एवं अन्य समस्त कलाकृतियों एवं पाण्डुलिपियों के संरक्षण के लिए एक पाठ्यक्रम तैयार किये जाने की योजना है। इंटेक एवं एनआरएलसी जैसी संस्थाओं से सम्पर्क भी किया गया है। इस संस्थाओं की तकनीकी विशेषज्ञता एवं विभागीय कौशल का संयुक्त रूप इस दिशा में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

संक्षेप

## चौकी के पास खड़ी मोटर साइकिल चोरी

महमूदाबाद/सीतापुर। सदरपुर थाना इलाके के गोडैचा चौराहे के पुलिस चौकी के समीप एटीएम स्थल से एक बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। युवक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तो वहीं थानाध्यक्ष इस वारदात से अनजान हैं। बता दें कि बुधवार सुबह रेउसा थाना इलाके के खानपुर निवासी निजामुद्दीन पुत्र अख्तर ने थाना सदरपुर में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपने निजी कार्य से सुबह लगभग साढ़े 10 बजे गोडैचा चैराहा आया था, और उसने अपनी बाइक गोडैचा स्थित एटीएम के पास खड़ी की थी, इसी बीच उसकी टीवीएस स्पोर्ट बाइक अज्ञात चोरो ने गायब कर दी, विदित हो कि जिस एटीएम के पास से बाइक गायब हुई है उसी एटीएम को अभी कुछ दिन पूर्व नकाबपोश हथियारों से लैस बदमाशों ने एटीएम तोड़कर उसे ले जाने का प्रयास किया था, जिसका खुलासा सदरपुर पुलिस अभी तक नही कर पाई है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं आया है। फिर भी चौकी इंचार्ज से पता करवाता हूँ।

## संदिग्ध हालात में किसान की मौत

सीतापुर। मछरेहटा थाना इलाके में संदिग्ध हालात में एक किसान की मौत हो गई। किसान के पुत्र ने हत्या का संदेह जताया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना मछरेहटा इलाके के भिठौरा गांव निवासी सरवन पुत्र फकीरे उम्र 45 किसान थे। उनके खेत क्षेत्र के ग्राम हेतपुर के निकट मौजूद थे। मंगलवार की रात सरवन खेत के लिए घर से निकले थे। जिसके बाद वे वापस घर नहीं पहुंचे। इधर बुधवार की सुबह लोगों ने हेतपुर गांव के निकट एक खेत में सरवन का शव संदिग्ध हालात में पड़ा देखा। खबर फैलते ही ग्रामीण जुट गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इस मामले में हत्या का संदेह जताया है। सरवन के पुत्र उदयराम ने हत्या का संदेह जताते हुए मछरेहटा थाने में तहरीर दी है। पुत्र का कहना है कि अज्ञात हत्यारों ने सरवन की हत्या की है। इधर पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर हत्या जैसे कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। घटना की जांच की जा रही है। मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम आने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत

सीतापुर। थाना मछरेहटा इलाके के यारपुर भदेभर गांव निवासी विनोद की पत्नी सुषमा देवी की मंगलवार की रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों का कहना है कि सुषमा घर की छत पर सो रही थी। रात को आंधी आई। जिसकी वजह से आपाधापी में वह छत से गिर गई। छत से गिरने की वजह से सुषमा देवी की मौत हो गई। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में मृतका की मां नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर ऐनी निवासी गोमती पत्नी जागेश्वर ने सुषमा के पति विनोद आदि के खिलाफ मछरेहटा थाना में तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि पति ने ही सुषमा देवी की हत्या कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

महमूदाबाद/सीतापुर। कसरत कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने व का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया। महमूदाबाद थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा माजरा डफरा निवासी मंगलेश (26) बुधवार सुबह करीब 4 बजे घर से कसरत करने के लिए निकले थे। बताते हैं कि महमूदाबाद-रेउसा मार्ग स्थित गड़रियन पुरवा गांव के समीप ब्रह्मचारी बाबा के स्थान के पास कसरत कर रहे थे, तभी महमूदाबाद की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मंगलेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए मुख्यालय भेजा है। मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के सम्बन्ध में सभी विभागों द्वारा रणनीति का प्रस्तुतीकरण किया गया।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि निवेशों की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि खरीफ हेतु आवश्यक खाद एवं बीज सहित सभी कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। शासन द्वारा इस बार धान की उत्पादकता का लक्ष्य 30.50 कु0/हे0 निर्धारित किया गया है जिसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। श्री अन्नों के विषय में जानकारी देते हुये जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 9000 हे0 क्षेत्रफल में श्री अन्नों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिये अगले सप्ताह से बीज राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। किसान दिवस के अंतर्गत कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 8 विद्युत विभाग की रही। शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। डा0 दयाशंकर श्रीवास्तव, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र-कटिया द्वारा धान की सीधी बिजाई के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र पर विगत दो वर्षो के ट्रायल में इसका अच्छा परिणाम मिला है। वर्तमान प्रतिकूल मौसम में धान की खेती का यह अच्छा विकल्प है। उप कृषि निदेशक, द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि वर्तमान मौसमीय प्रतिकूल परिस्थितियों में सोलर पम्प सिंचाई का एक बेहतरीन साधन है। वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा जनपद में कुल 2650 सोलर पम्प स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष मात्र 324 कृषकों द्वारा ही बुकिंग की गयी है। वर्तमान में बुकिंग प्रक्रिया जारी है, इच्छुक किसान भाई स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से सोलर पम्प की बुकिंग कर अनुदान पर सोलर पम्प की स्थापना का लाभ प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल द्वारा बताया गया कि गांव के तालाबों में अवांछित रूप से जलकुम्भी पनपती है जिससे तालाब देखने में अच्छा नहीं लगता किसान भाई सम्बन्धित ग्राम पंचायत में अनुबन्ध करके अपने आस-पास के तालाबों में कमल, सिंघाड़ा, तालमखाना, आदि उगाकर स्वयं एवं ग्राम पंचायत हेतु अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते है।

## फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा से पैसा निकालने का सिलसिला जारी



सीतापुर। विकास खंड सकरन मे फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा से पैसा निकालने का सिलसिला निरंतर जारी है शिकायतों के बाद भी अधिकारी कोई कार्यवाही नही कर रहे है। विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में प्रधान, पंचायत सचिव व तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक द्वारा बगैर काम करवाये फर्जी हाजिरी लगाकर लाखों रुपए निकाले जा रहे है ग्राम पंचायत में बुधवार को पुलिया से हरीश सिंह के खेत तक तथा भोलई के खेत से जीवन स्वरूप के खेत तक ड्रेन सफाई का कार्य दिखाकर 52 मनरेगा मजदूर मास्टर रोल पर काम करते दिखाये गये है मगर हकीकत में उक्त ड्रेन की सफाई नही करवायी जा रही है और न ही मौके पर एक भी मजदूर कार्य कर रहा है केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा सिर्फ प्रधानों व ब्लाक कर्मियों की कमाई का जरिया मात्र बनकर रह गयी है विकास खंड सकरन में मनरेगा के नाम पर सिर्फ कागजों पर ही काम करवाया जा रहा है कई बार शिकायत के बाद भी सम्बंधित लोगों के बिरूद्ध कोई कार्यवाही नही की जा रही है ग्रामीण सुन्दरलाल, राजकुमार, महेन्द्र, सोबरन आदि ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की है। इस सम्बंध में जब एपीओ रवि सिंह से बात की गयी तो उन्होने बताया मामला जानकारी में आया है जांच कर दोषी लोगों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

## पांच माह पुरानी चोरी का खुलासा कर पाने में कोतवाली पुलिस नाकाम

उन्नाव। इन दिनों कोतवाली पुलिस की कार्यशैली कही न कही चोरों के प्रति उदार नजर आ रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीते जनवरी माह में हुयी चोरी है। इस मामले में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर खुलासे की बात कही। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस की लापरवाही देखिए मामले में अभी तक खुलासे से दूर है। इतना ही नही पुलिस विभाग की ताकत कही जाने वाली सर्विलांश टीम जिसमें कुछ पुलिस कर्मी कई सालों से जमे है फिर भी खुलासे में कोतवाली पुलिस की मदद न कर सकी। परिणामतः घटना को पांच माह का समय बीतने को है चोर खुलेआम घूम रहे है फरियादी दर दर भटक रहा है। लेकिन कोतवाली पुलिस जांच के नाम पर पीडित से ही सवाल जवाब मांगकर हवा में तीर चलाने का काम कर रही है। बता दें कि मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत का बताया जा रहा है। पूरा मामला स्थानीय शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला एचआईजी 17 गदनखेडा योजना आदर्श नगर का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पीडित नागेंद्र तिवारी ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायतीपत्र में बताया कि बीती 24 जनवरी को वह किसी काम से लखनऊ गया था। घर पर कोई मौजूद नही था। पीडित जब अपने घर सुबह पहुंचा तो देखा मुख्य दरवाजा खुला है और अंदर के दरवाजे टूटे है। जब अंदर जाकर देखा तो घर के जेवरात व नकदी नही मिला। पीडित के अनुसार चोरी में लगभग 25 लाख रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस सहित स्वाट की टीम द्वारा जांच पडताल की गयी। लेकिन नतीजा कोई निकल कर सामने नही आया। घटना को लगभग पांच माह से अधिक का समय बीतने को है लेकिन अभी भी पुलिस के हाथ कोई खास सुराग नही लगा है। पुलिस सिर्फ हवा में तीर चलाकर अपने दायित्व से इतिश्री कर रही है। लेकिन खुलासे की बात पर पुलिस का जवाब गोलमोल हो जाता है। कोतवाली प्रभारी की सुस्ती के चलते चोरों के हौसले इन दिनों बुलंदी पर है।

## प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज का छात्र बना ऑफिसर




महमूदाबाद/सीतापुर। नगर स्थित प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज के पुरातन छात्र मुकेश शर्मा निवासी शेखपुर बिलौलि का ऑल इंडिया 156 और ब्रांच रैंक 16 पाकर पेटेंट ऑफिसर जैसे प्रतिष्ठित पद पर चयन हुआ। समाजसेवी अरुण वर्मा मुन्ना ठाकुरपुर ने विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा के अनुरोध पर इण्टरमीडिएट के बाद मुकेश की पूरी पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाया, इंजीनियरिंग एवं गेट की पूरी पढ़ाई की हर प्रकार की व्यवस्था की। एक गरीब छात्र को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने का जो पुण्य कार्य अरुण वर्मा मुन्ना जी के द्वारा किया गया है वो बहुत ही सराहनीय है। विद्यालय और छात्र की लगन और अरुण वर्मा मुन्ना के अपार सहयोग ने ये साबित कर दिया है कि गरीबी के अंधरे को शिक्षा के दम पर मिटाकर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। विद्यालय परिवार, छात्र मुकेश शर्मा और अरुण वर्मा मुन्ना की इस सफलता पर शिक्षक एम.एल.सी उमेश द्विवेदी जी, सांसद राकेश राठौर जी, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता जी, मोहम्मद अहमद जी अध्यक्ष नगर पालिका, सुरेश वर्मा जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अम्बरीष गुप्ता जी, डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा जी, हरिशरण लाल वर्मा जी, बबलू वर्मा पूर्व प्रधान शेखपुर, अखिलेश वर्मा अध्यक्ष बार एशोसिएशन महमूदाबाद, अजय यादव ब्लाक प्रमुख पहला, मुकेश वर्मा ब्लाक प्रमुख महमूदाबाद, अमर सिंह वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## दस्तक अभियान को लेकर स्वास्थ विभाग की बैठक



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए चलाए जाने वाले दस्तक अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतर्कता अपनाते हुए विकास खण्ड कार्यालय में बीडीओ के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा संचारी रोगों से निपटने की बात की।

फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड कार्यालय में आज बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक हुई, बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोगों के रोकथाम के लिए चलाए जाने वाले दस्तक अभियान को लेकर जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डाव नरेंद्र सिंह द्वारा संचारी रोगो के फैलने एव उनके रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने ग्राम सचिवों से ग्राम सभा की नालियों की साफ सफाई एंटी लार्वा का छिड़काव एवं झाड़ियों की कटाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा की ऐसा करने से मच्छरों को फैलने से रोका जा सकेगा तथा डेंगू मलेरिया दिमागी बुखार जैसी बीमारियो से भी बचा जा सकेगा। इस अवसर पर बी एम सी यूनीसेफ संजू झा और बी पी एम सतेंद्र सिंह ने दस्तक अभियान की जानकारी दी। बैठक में शिक्षा विभाग, बालविकास विभाग, पंचायत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का शुभारंभ



सीतापुर। विकास खंड खैराबाद के ग्राम गनेशपुर, ग्राम पंचायत भिमरी में प्रदेश की दूसरे डिजिटल डाक्टर क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के सीईओ संजय कुमार ने किया। स्वास्थ्य विभाग के साथ हुये एमओयू के अन्तर्गत पहली डिजिटल डाक्टर क्लीनिक की शुरूआत लखनऊ के ग्राम पंचायत पिपरसण्ड में बीते माह 30 मई को की गई थी। जो पायलट क्लीनिक के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है।

आज यहां गनेशपुर में डिजिटल डाक्टर क्लीनिक के शुभारंभ के बाद डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि जिले में सात और क्लीनिक सिधौली रोड निकट नहर रोड नई बस्ती बिसवां ग्राम इलासिया, खैराबाद, पटारा कला कमलापुर भिनैनी बिसवां पटराकला और जनऊआ, बिसवां में खुलने के लिए तैयार हो चुकी है। ग्रामीणों को चिकित्सकों के द्वारा ऑनलाईन परामर्श के साथ सभी प्रकार के फीवर प्रोफाइल जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, लिवर फंक्शन, शुगर पीलिया आदि जरूरी टेस्ट के साथ आवश्कतानुसार अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर ही तीन से पांच मिनट में टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध होने के आधार पर दवाईयां भी उपलब्ध करायी जायेगी। इस मौके पर राम अवतार यादव, श्रद्धा देवी आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने 4 बैट्री और ई रिक्शा पर किया हाथ साफ



लहरपुर/सीतापुर। नगर के मोहल्ला मीरा टोला व शाहकुलीपुर से अज्ञात चोरों ने एक ई रिक्शा व 4 बैट्रा किए चोरी, पुलिस को दी गई तहरीर। प्राप्त जानकारी के अनुसार आफताब अहमद पुत्र मुज्जमिल निवासी मोहल्ला मीरा टोला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, मेरा ई रिक्शा घर के बगल में बने अर्बन अस्पताल के पास खड़ा था जिसे अज्ञात चोर रात में चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित आफताब ने आसपास काफी तलाश किया लेकिन कुछ भी पता नही चल सका, मोहल्ला चिक्की टोला स्थित लगे एक सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति ई रिक्शा ले जाते हुए दिखाई दिया। एक अन्य चोरी की घटना में नगर के मोहल्ला शाहकुलीपुर निवासी मोहम्मद हनीफ पुत्र मेहंदी हसन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, मेरा ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा था, मंगलवार बीती रात अज्ञात चोर ई रिक्शा के चारों बैट्रा चोरी कर ले गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है सीसीटीवी कैमरे की जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

## जगह-जगह किया भंडारा



थानगांव/सीतापुर। क्षेत्र थानगांव इलाके में ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को हनुमान भक्ति की धूम रही। हर तरफ जय हनुमान के जयकारे गूंजते रहे। हनुमान भक्तों ने जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया। यह क्रम देर शाम तक चलता रहा। हनुमान भक्तों ने अपने आराध्य देव को तरह - तरह की मिठाईयों का प्रसाद चढ़ाया। संदीप सिंह सोनू माधवराम, के द्वारा पूड़ी छोला का वितरण किया गया। इसी क्रम में जोगापुर स्कूल के पास पूरी सब्जी बूंदी का वितरण किया जय मंगल सिंह सोनू सिंह राजनाथ सिंह लोगों के साथ किया गया। रेउसा ब्लाक मुख्यालय पर पूड़ी छोला कड़ी चावल बूंदी एपीओ विनय सिंह बीडीओ शेष मणि त्रिपाठी ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी आदि लोगो के द्वारा कार्यक्रम किया गया। ब्रह्मा पांडे रजीत शरद दिनेश पाल टीए जीआरए आदि लोगों ने प्रसाद वितरण किया जिसमें क्षेत्र के लोगो ने खूब प्रसाद छक्का।

## नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया का स्वागत



सीतापुर। नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया मंगलवार को बबुदीर्पुर गांव पहुंचे। वहां पर ग्रामीणों ने सांसद का स्वागत लडडुओं सै तौल कर किया। इस अवसर पर सांसद ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र के अधिकतर गांव जसवंतपुर, ताविंदा नगर, सेंज खुर्द, बराह मऊ आदि गांव के मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर सपा के पक्ष मे मतदान किया। उन्होंने बताया इसी तरह अगले विधान सभा के चुनाव की तैयारी करें, जो परिवार के लोग दूसरों के बहकावे मे बहक गए हैं। उन्हें वापस जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र मे भाजपा सरकार कुछ दिनो की मेहमान है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफी, महिलाओं को एक लाख सालाना दिलाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने ताविंदा नगर, सेंज खुर्द, जलाईपुर, बराह मऊ आदि गांव पहुंच कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राघवेंद्र सिंह, मोनू दिक्षित, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

## लिंक रोड को राजमार्ग से न जोड़ने पर आक्रोश



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत बने एन एच 31 राष्ट्रीय राजमार्ग में थाना बिहार से चंद कदमो की दूरी पर स्थित गाँव रावतपुर से बिहार लिंक डामर रोड को राजमार्ग से न जोड़े जाने पर ग्राम वासियों में आक्रोश की भावना देखने को मिली।

ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी को ज्ञापन देकर गाँव को राजमार्ग से जोड़ने की मांग की है। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 31 का कार्य लगभग पूरा हो चुका है लेकिन रावतपुर से बिहार संपर्क मार्ग जो डामरीकृत है उसको न जोड़ा जाना गंभीर बिषय है। राजमार्ग निर्माण के समय इस संपर्क मार्ग को तोड़ दिया गया था लेकिन जोड़ा नही गया। गाँव की सतह से राजमार्ग की ऊँचाई लगभग 10 फिट से ऊपर है। राजमार्ग से रावतपुर -बिहार जाने वाले भारी वाहन, मोटरसाइकिल सवार आदि आये दिन चुटहिल होते आ रहे है। गाँव वालों ने जब इस लिंक मार्ग को राजमार्ग से जोड़े जाने की बात अधिकारियों से की तब अधिकारियों ने असमर्थता जताते हुए कहा अब राजमार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस समस्या से निजात पाने हेतु ग्रामवासी बुधवार को उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी से मिले व प्रार्थना पत्र देकर गाँव के लिंक मार्ग को जोड़ने की मांग की है। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया सर्वे करा कर गाँव के संपर्क मार्ग को जोड़ने का काम करवाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बच्चा हलवाई, रविन्द्र सिंह, कमलेश, भोलू दीक्षित, रंजीत, संजू आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम की वकीलों से हुई नोक-झोंक

### पुलिस ने किसी तरह हंगामे को कराया शांत

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। एसडीएम कोर्ट में वादकारों की सुनवाई कर रहीं एसडीएम की वकीलों से तीखी नोक-झोंक हो गई। इस दौरान काफी शोरशराबा देख एसडीएम ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह हंगामे को शांत कराया। जिसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सभागार में बार के अध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में वकीलों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कार्य का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया। जिसमे सीआरपीसी 107 और 151 की कार्यवाही भी शामिल है।

मालूम हो कि बीती 4 मई को महमूदाबाद तहसील स्थित बार एसोसिएशन में एक बैठक वकीलों द्वारा की गई थी। जिसके बाद अधिवक्तों ने एसडीएम न्यायालय का कार्य बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला की कार्यवाही पर सवाल खड़े किए थे। उस दौरान वकीलों का आरोप था कि एसडीएम शिखा शुक्ला द्वारा न्यायालय में भ्रष्टाचार करते हुए तानाशाही रवैया अपनाते हुए वादों के विधि विरुद्ध निर्णय पारित किए जाते हैं। अधिवक्ताओं के अनुसार इन्हीं वजहों से क्षुब्ध होकर लायर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कार्यों का अनिश्चितकाल तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बुधवार दोपहर एसडीएम बिना वकीलों के वादकारों और अपत्तिकर्ताओं की सुनवाई कर रहीं थी। बस इसी बात को लेकर जब



वकीलों द्वारा कोर्ट में पहुंचकर इस बात का विरोध किया गया। जिसके बाद एसडीएम और वकीलों में तीखी नोक-झोंक शुरू हो गई। बढ़ते हंगामे के बीच एसडीएम ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोर्ट और तहसील परिसर को छावनी में तब्दील करते हुए वकीलों को समझाया और किसी तरह मामला शांत कराया। जिसके बाद नाराज वकीलों ने बार एसोसिएशन सभागार में बैठक कर सीआरपीसी 107, 151 की कार्यवाही के बहिष्कार का ऐलान एसडीएम के स्थानांतरण होने तक किया।

### बहिष्कार का कोई आधार नहीं: एसडीएम

एसडीएम ने बताया कि कोर्ट न चलने के कारण आम जनमानस की परेशानी देखकर जब हमने कोर्ट में वादकारियों को बिना वकीलों के सुन रहीं थीं कि, तभी अधिवक्ताओं का समूह एकत्रित होकर विरोध करने आ गया, इस दौरान न्यायलय का कार्य बाधित हो गया, जिसके बाद सभी अधिवक्ता तो नहीं लेकिन कुछ अधिवक्ताओं ने अमर्यादित भाषा का भी प्रयोग किया। साथ हीं दो दिन पहले अभी कुछ अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव के साथ अभद्रता की थी। और मारपीट करने की बात अधिवक्ताओं द्वारा कही गई थी। इतना ही नहीं हमने अधिवक्ताओं से बैठ के बात करने की भी गुजारिश करी थी।

संक्षेप

## महिला से छेड़खानी दोनो पक्षों ने दी तहरीर

**बांदा।** घर में घुसकर युवक ने महिला से छेड़खानी की। शोर मचाने पर पति और पड़ोसी आ गये। हंगामा बढ़ता देखकर युवक ने फोन कर परिजनों को बुला लिया और महिला के पति की जमकर पिटाई की। जिससे उसका हांथ टूट गया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र की पल्हरी गांव निवासिनी नर्गिस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीते मंगलवार को जब वह अकेली थी शाम को गांव का युवक घर में घुस आया। उस समय पति गांव में काम करने गया था। युवक छेड़खानी करने लगा, शोर मचाया तो पति और पड़ोस के लोग आ गये उन्होंने बीच बचाव किया। इसी दौरान युवक ने फोन के जरिए परिजनों को बुला लिया। तीन युवकों ने आकर पति के साथ मारपीट की। महिला ने फोन पर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले आई। महिला ने चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि महिला का शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है। दूसरे पक्ष ने भी मारपीट की तहरीर दी है।

## यमुना नदी पुल में ट्रकों की भिड़ंत, लगा रहा लंबा जाम

**बांदा।** बेंदाघाट स्थित यमुना नदी के पुल में बुधवार सवेरे लगभग 3 बजे दो खाली ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे 11 घंटे तक बांदा-टांडा हाईवे में जाम लगा रहा। दिनभर वाहन रेंगते नजर आए। बांदा जनपद की ओर यमुना नदी के बेंदा पुल में दो खाली ट्रकों की भिड़ंत के बाद पुल में जाम लग गया। इससे बांदा जनपद के माटा गांव तक लगभग 7 किलोमीटर और फतेहपुर की ओर हाईवे में बेंदा पुल से शंकरपुर मोड़ तक करीब 5 किमी लंबा जाम लगा रहा। बेंदा घाट पुलिस ने एक्सीडेंट से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सुबह 9 बजे क्रेन के जरिए हटवाया। लेकिन जाम में सैकड़ों वाहनों के फंसे होने की वजह से दिनभर वाहन रेंगते नजर आए। बड़ी मुश्किल से 11 घंटे बाद दोपहर 2 बजे जाम खुल सका। इसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ। वाहन चालकों तथा राहगीरों ने जाम खुलने से राहत की सांस ली।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम सिमरधा में एक व्यक्ति ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना मृतक की पत्नी रामदेवी ने थाने पहुंच कर दी। रामदेवी ने बताया कि उसके पति का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनुराग अवस्थी अपने साथ उप निरीक्षक भारत सिंह को लेकर मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के शव को फंदे से उतारा और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कल आयोजित होगा दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

ललितपुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन के निदेशों के क्रम में 21 जून 2024 को सुबह 6 बजे से पुलिस लाइन में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में आमजन द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

# डीएम ने पेयजल सहित विकास कार्यो का लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** नगर में पेयजल की किल्लत किसी से छिपी नहीं है, कुछ इलाके तो ऐसे हैं, जहां पेयजल के लिए लोग एक-एक किलोमीटर दूर से पानी ला रहे हैं, तो कुछ पानी खरीदकर पी रहे हैं। पेयजल की समस्या को सुलझाने के लिए जनपद के जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी बेहद संजीदा नजर आ रहे हैं, वह स्वयं वार्डों का निरीक्षण कर

**● अधिकारियों को मौके पर दिये गये दिशा- निर्देश**

पेयजल की स्थिति सहित वार्डों में विकास कार्यो का भी जायजा ले रहे हैं। वार्ड नम्बर 17 में व्याप्त पेयजल समस्या के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सुबह देवगढ़ रोड पहुंचकर लोगों से जनसम्पर्क किया। जिलाधिकारी ने लोगों के बीच जाकर बारी-बारी से उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिये। जनजीवन को सुचारु रुप से गतिशील रखने के लिए जिन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता होती है, उनके शत-प्रतिशत आच्छादन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने एक मुहिम की शुरूआत की है, जिसके अंतर्गत वे सुबह में ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करते हैं, साथ ही लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनते हैं। इससे जहां धरातल स्तर पर सरकारी योजनाओं की भौतिक स्थिति का पता चलता है, तो वहीं उनके आच्छादन की कार्ययोजना बनाने में भी आमजन का सहयोग मिलता है। ऐसे में जिलाधिकारी पेयजल, विद्युत व सफाई जैसी व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु अधिकारियों को निर्देशित करते हैं और आगामी दिनों में उसका फीडबैक भी लेते हैं। इसी के क्रम में डीएम सुबह वार्ड नं0-17 में अचानक पहुंच गए, जब लोगों ने जिलाधिकारी को देखा तो उन्होंने जिलाधिकारी का स्वागत किया और बारी-बारी से अपनी समस्याएं सुनायीं। अधिकतर लोगों ने वार्ड में पेयजल की समस्या से अवगत कराया, बताया गया कि कई दिनों से नलों में पानी नहीं आया है, जिस कारण टैंकरों से आपूर्ति करायी जा रही है, परन्तु टैकरों के आने का कोई समय निर्धारित नहीं है, जिससे पानी लेने में असुविधा होती है। कुछ लोगों ने मोहल्ले में नियमित सफाई कराने की मांग की तो कुछ ने हैण्डपम्पों की मरम्मत की बात की। जिलाधिकारी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही वे सभी समस्याओं का समाधान करा देंगे और पुनः वार्ड का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को टैंकरों के चक्कर बढ़ाने व हैण्डपम्पों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये, प्रभारी ईओ को नियमित रुप से सफाई कराने प कचरे का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी ईओ, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान इंजी. शिवराज वर्मा, वार्ड पार्षद कुन्दन पाल सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, वार्ड मेम्बर व जनसमूह उपस्थित रहा।

## गूंगा-बहरा बना जलसंस्थान

**ललितपुर।** पेयजल की किल्लत के पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि नगर के अधिकतर इलाकों में कुछ लोगों ने सीधे सप्लाई लाइन में कटिया डाल लिये हैं और बड़े पाइपों को जुड़वा लिया है। वहीं सैकड़ों तो क्या हजारों की संख्या में लोग चोरी से नलों का संयोजन लगवाये हुये हैं, और चोरी छिपे पाइप लाइन डलवाकर उसे अंडरग्राउंड कर लिये हैं, जिससे कनेक्शनधारकों को पानी नहीं मिल पा रहा है। सबकुछ जानकारी होने के बावजूद भी जलसंस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी नगर का भ्रमण नहीं करते हैं और न ही जल संयोजनों की जानकारी ही लेते हैं, जिससे पेयजल की स्थिति और भी खराब हो गई है।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**बिजनौर।** पुलिस ने जानलेवा हमले की दो अनग-अलग घटनाओं के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने दोनो आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया है कोतवाली देहात थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 मई को अनीस पुत्र बुंदू शाह निवासी ग्राम फरीदपुर दुल्ला थाना कोतवाली देहात ने दर्ज कराया था। उसने थाने पर तहरीर दी थी कि उसके गांव के ही निवासी इमरान पुत्र अशरफ शाह, जुल्फकार व बाबू पुत्रगण अख्तर ने उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट की तथा तथा जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने फरार आरोपी जुल्फिकार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जबकि दूसरी घटना वसीरुद्दीन पुत्र मौ. इब्राहिम निवासी ग्राम करौंदा पचदू थाना कोतवाली देहात ने थाने पर तहरीर दी थी कि उसके गांव के ही निवासी वसीम पुत्र लतीफ, सुहैल, शाकिब व शुऐब पुत्रगण नसीम अहमद ने उसके घर में घुसकर उसके बेटे के ऊपर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बीते दिन पुलिस ने फरार आरोपी सुहैल को घटना में प्रयुक्त चापड़ के साथ गिरफ्तार करके उसे भी जेल भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहित कुमार, हे0का0 राजीव कुमार आदि शामिल रहे।

## वायरल ऑडियो का एसपी ने संज्ञान लेकर एसआई को किया निलम्बित

**बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो का संज्ञान लेते हुए एक दारोगा को निलम्बित किया है। पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी ऐसा कोई कृत्य न करें जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो, ऐसा करने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगीबुधवार को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ जिस वायरल ऑडियो में थाना मण्डावर पर तैनात उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गिरि द्वारा फोन कॉल पर बातचीत करते हुए दूसरे व्यक्ति से अनुचित मांग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए दारोगा धर्मेन्द्र गिरि को निलम्बित करते हुए मांमले की जांच क्षेत्राधिकारी, अपराध को सौंपते हुए आदेशित किया कि दो दिवस में जांच पूर्ण कर आख्या प्रेषित करें। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी ऐसा कोई कृत्य न करें जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# खेत में लगे पचास वर्ष पुराने पेड़ों को काटने का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** खेत पर करीब पचास वर्ष पुराने पेड़ों को चोरी से काट लिये जाने और शिकायत करने पर गालियां देते हुये जान से मार डालने की धमकी दिये जाने का प्रकरण प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस ने प्रकरण को लेकर मामला दर्ज कर लिया है। शहर क्षेत्र के

**● पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला**

मोहल्ला तालाबपुरा परमहंस मंदिर के पास रहने वाले मदनलाल चतुवेर्दी पुत्र स्व.महेशचंद्र चतुवेर्दी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत दिवस वह अपने भाईयों के साथ अपनी आराजी संख्या 972 रकवा 0.773 जो कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह नेहरू नगर के पास स्थित है को देखने के लिए गया हुआ था। जहां जाकर पता चला कि उसके खेत में लगे नीम, अचार व ढ़ाक के पेड़ जो कि 50 वर्ष से भी अधिक पुराने थे को बीती 9 जून की रात करीब 10 बजे नेहरू नगर निवासी रघुवीर सिंह यादव, कमल सिंह यादव, अजय बहादुर सिंह व नरेन्द्र सिंह पुत्रगण राजाराम यादव ने काट लिये। बताया कि पेड़ काटे जाने को लेकर अगले दिवस 10 जून को एक शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया था, जिसके बाद अगले दिवस उक्त लोगों ने खेत पर आकर गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। बताया कि वन विभाग को भी एक शिकायती पत्र दिया गया था, जिस पर विभागीय कार्यवाही के उपरान्त उन्होंने लकड़ी जब्त कर उसकी सुपुदर्गी उसके नाम की थी। आरोप है कि अब उक्त लोग सुपुर्द की गयी लकड़ी को खेत में नहीं उठाने दे रहे हैं। विरोध करने पर गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोप है कि उक्त लोग उसके खेत में आकर जबरन उत्पात मचाते हैं और विवाद करने पर आमादा रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि उसे करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मदनलाल चतुवेर्दी की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सिकिल सेल पखबाड़ा का विधायक ने किया शुभारंभ





जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में बुधवार को प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अमित तिवारी के निर्देशन में सिकिल

**● दो जुलाई तक चलेगा पखबाड़ा**

सेल एनीमिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा रहे।

कार्यशाला में सदर विधायक द्वारा सिकिल सेल पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा 19 जून से 02 जुलाई तक चलेगा। प्रभारी सीएमओ ने बताया कि जनपद के चार आयुष्मान आरोग्य मंदिर कड़ेसरा, रजवारा, जमालपुर एवं कचनौंदा नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स स्टैण्डर्ड (भारत सरकार आयोजित) द्वारा पूरे मंडल में शीर्ष पर हैं। जिस पर उक्त चारों आरोग्य मंदिरों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एनसीडी डा.आशीष अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग में पूरे प्रदेश में जनपद का 10वां स्थान है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य कर्मचारियों को पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। एसीएमओ/ एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा.आशीष अग्निहोत्री द्वारा समस्त सी.एच.ओ. को सिकिल सेल एनीमिया की जांचों के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम में जनपद के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सहित एन.सी.डी. कार्यक्रम के दीपक जैन, प्रमोद शर्मा, संजय त्रिपाठी, पवन कुमार एवं समस्त सामु.स्वास्थ्य अधिकारी, लैब टैक्नीशियन आदि एनसीडी के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## कृषकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें: सीडीओ



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों की समस्यायों को गम्भीरता पूर्वक सुना गया और प्राथमिकता के साथ उनका निस्तारण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के प्रति संवेदनशील हो कर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं व सुझावों को गंभीरता के साथ सुनें और उनकी समस्याओं का निस्तारण पूर्ण मानक एवं तत्परता के साथ करना सुनिश्चित करें ताकि किसान दिवस का औचित्य सिद्व हो सके। उनके द्वारा पूर्व में आयोजित हुए किसान बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि किसान दिवस के अवसर पर जो भी शिकायतें प्राप्त हो उन्हें रजिसर्टड करते हुए यह भी सुनिर्श्चित करें कि आगामी किसान दिवस से पूर्व प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत रूप से निस्तारण हो जाए। किसान दिवस बैठक के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना गया व उसके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, जिला उद्यान अधिकारी सहित विधूत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# बाढ़ प्रभावित कर्मियों को एनडीआरएफ का प्रशिक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** सबसे अधिक बाढ़ से प्रभावित होने वाले 67 ग्राम पंचायतों के लेखपालों, ग्राम विकास अधिकारियों, आशा कार्यकत्रियों व अन्य कर्मचारियों को बाढ़ से बचाव के लिए एनडीआरएफ टीम ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स(एनडीआरएफ) टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ की आकस्मिक स्थिति में बचाव के अनेक उपायों एवं प्राथमिक उपचार के तरीकों तथा बाढ़ में डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए सुरक्षित तरीकों के बारे में विस्तार से रिहर्सल कर प्रशिक्षण दिया गया ताकि बाढ़ में होने वाली जन, धन हानि को कम किया जा सके। प्रशिक्षण में एनडीआरएफ टीम ने जीवन रक्षा करने का प्रदर्शन कर लोगों को प्रेरित किया गया कि किस तरह किन तरीकों से बाढ़ की विषम परिस्थितियों में छोटे-छोटे उपाय कर लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में सर्पदंश से बचने के उपाय, सर में चोंट लगने से बचाव, प्राथमिक उपचार तथा आंख में चोंट लगने पर किस प्रकार प्रभावित व्यक्ति को बचाया जा सकता है के उपाय के बारे में जानकारी दी गयी। इसके साथ आग लगने पर उसके बचाव के तरीकों, भवन गिरने व भूकंप के समय किस तरह लोगों को बचने के लिए उपाय अपनाने चाहिए के बारे में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में आकाशीय बिजली गिरने से बचाव के उपायों, हार्ट अटैक होने पर सीपीआर देकर लोगों की जान बचाने के तरीकों के साथ सचेत ऐप और दामिनी ऐप के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। एनडीआरएफ के कमांडर निरीक्षक अजय सिंह व उनकी टीम ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित तहसीलदार सदर, लेखपाल व ग्राम पंचायतों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने आरोपी मिर्जा आबिद को किया गिरफ्तार



**नगीना, बिजनौर।** नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर कर्मचारी से गली गलोच करते हुए जातिसूचक शब्द कहने व कागज फाडने के आरोपी को कर्मचारियों ने पकडकर पुलिस को सौंप दिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अलग-अलग थानों में संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला लुहारी सराय निवासी नगर पालिका कर्मचारी अरविन्द बाल्मिकि पुत्र अमीचन्द ने थाना नगीना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे नगर पालिका परिषद नगीना कार्यालय में था ठीक उसी समय मौहल्ला लालसराय निवासी मिर्जा आबिद बेग पुत्र मिर्जा यूनुस बेग नगर पालिका में आया। मिर्जा आबिद अरविन्द को धमकाते हुए कहने लगा कि मुझे उनसे अभी मिलना है। आरोप है कि जब उसने कहा कि ईओ साहब जरुरी कुछ कार्य कर रहे है, आप उनसे थोडी देर बाद मिल लेना इतना सुनते ही आरोपी मिर्जा आबिद बेग आग बबूला हो गया और अरविन्द के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए माँ बहन की गन्दी गन्दी गॉलियां देकर मारपीट करने लगा। इतना ही नहीं आरोपी आबिद धक्का मुक्की करते हुए जबरदस्ती अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में घुस गया और उनकी मेज पर रखे सरकारी दस्तावेजो को फाडते हुए इधर उधर फेक दिया। कर्मचारी घटना की सूचना चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज खलील को फोन पर देने लगे तो यह सुनकर आरोपी आबिद बेग शाहनवाज खलील को भी गालियां देने लगा। शोर शराबे की आवाज सुनकर जुबैर अहमद, अंजार अहमद, जमशेद आदि लोग आ गए और उन्होनें आरोपी मिर्जा आबिद बेग को पकड लिया और घटना की सूचना नगीना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर लालसराय चैकी इंचार्ज उदयवीर सिंह, उपनिरीक्षक शहरोज खान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी मिर्जा आबिद बेग को हिरासत में लेकर थाने ले गए। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाही की जाएगी। पीडित का यह भी आरोप है कि मिर्जा आबिद बेग अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जिस पर पूर्व में कोतवाली देहात व नगीना थाना में संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

## एंटी रोमियो अभियान चलाया

**ललितपुर।** मुख्यालय पर अब रोमियो टाइप के लोगों की खैर नहीं। महिला थाना पुलिस अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जांच कर रही है। इसी क्रम में आज महिला थाना पुलिस ने एण्टी रोमियो अभियान के तहत सार्वजनिक स्थल कम्पनी बाग पार्क पहुंची। यहां आये हुये लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। साथ ही पार्क में बेकार बैठे लोगों को हिदायत दी गयी तो वहीं कुछ लोगों के चालान भी पुलिस द्वारा किये गये

## नशीला पदार्थ रखने के अभियुक्तों को कोर्ट ने कारावास व हर्जाने की सुनाई सजा

**बिजनौर।** न्यायालय ने अवैध तौर पर नशीला पदार्थ चरस रखने के दो अलग-अलग मामले में एक आरोपी को दोषी मानते हुए एक वर्ष के कारावास और दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि दूसरे मामले में डोडा पोस्त चूर्ण रखने के अभियुक्त को दोषी पाते हुए एक वर्ष का कारावास और 1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अधिकारी रितेश कुमार चौहान के अनुसार थाना कोतवाली शहर में तैनात तत्कालीन एसआई सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस बल के साथ 12 दिसंबर 2018 को आरोपी सलीम पुत्र अब्दुल सलाम को एक किलो डोडा पोस्ट चूर्ण तथा एसआई राजकुमार ने 12 सितंबर 2019 को आरोपी मतलूब पुत्र भूरा मंसूर को 150 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तथा एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने अभियुक्त सलीम को दोषी पाते हुए एक वर्ष का कारावास और 1500 रुपये अर्थदंड तथा अभियुक्त मतलूब को दोषी पाते हुए एक वर्ष का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार





**बांदा।** अवैध तमंचे से फायर कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते 18 जून को खाईं पार के रहने वाले लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा पर जमीन जोतने, बोने के विवाद को लेकर उसके सगे भाई शिव कुमार मिश्र निवासी महुआ थाना गिरवां ने उनके घर पहुचंकर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर कर दिया लेकिन लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा बाल बाल बच गये। कोतवाली नगर में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गयी। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी अनूप कुमार दुबे ने आरोपी को गिरफ्तारी करने के प्रयास तेज कर दिए। गिरफ्तारी का प्रयास कर रही कोतवाली पुलिस ने बुधवार को शहर के खूंटी चैराहा के पास से आरोपी शिव कुमार मिश्रा पुत्र कल्लू प्रसाद मिश्रा को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दानबहादुर पाल व हेड कां0 लक्ष्मीकांत रहे। बताते चलें कि शहर में पुलिस की सतर्कता के चलते अपराधों में कमी आई है। प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे की कड़ी कार्यशैली के चलते अपराधियों में दहशत देखी जा रही है।

# दिखावा साबित हो रही केन महाआरती



**बांदा।** बीते वर्ष से केन नदी में महाआरती कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। यह महज दिखावा साबित हो रही है। इस कार्यक्रम में विश्व हिन्दू महासंघ गौरक्षा समिति के कुछ गिने-चुने लोग पहुंचकर केन जल महाआरती में भाग लेते हैं। शहर के छोटी बाजार स्थित रामनारायण द्विवेदी, राजकिशोर गुप्ता, विनय कुमार बाजपेयी, कालू कुआं निवासी

**● भारी मशीनों से जीवन दायिनी का चीर हरण, नदी बचाओ के जिम्मेदार मौन**

रामप्रकाश शुक्ला व राजेश त्रिपाठी आदि शहर के बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि यह कार्यक्रम समझ से परे है। इससे अब तक केन नदी को क्या लाभ मिला है। यह अब तक दिखाई नही दे रहा है। एक ओर जीवन दायिनी केन नदी में महाआरती की जा रही है। दूसरी ओर भारी पोकलैंड मशीनों के जरिए प्रतिदिन हजारों ट्रक बालू की निकासी की जा रही है। इसके अलावा शहर का निम्नी नाला इसी केन नदी में पहुंचकर जल को प्रदूषित कर रहा है साथ ही बड़े पैमाने पर पॉलीथीन व अन्य कचरा डाला जा रहा है। लोगों का कहना है कि बेतहाशा बालू खनन से केन नदी की जलधारा पूरी तरह सिमट गयी है और पानी का बहाव लगभग ठहर गया है। केन नदी में प्रत्येक मंगलवार को केन नदी की महाआरती की जा रही है। यह महज अखबार में छपकर पॉपुलैरिटी पाने का जरिया है। लोग कहते हैं कि हाल ही में भीषण गर्मी के दौरान लाखों की तादाद में छोटी मछलियां नदी में मृत तैरती पायी गयीं। लेकिन जिम्मेदार लोगों ने इस मामले पर न तो कोई संवेदना व्यक्त की और न ही केन नदी के हो रहे चीर हरण पर बचाव का समाधान ढूंढने का प्रयास किया। बताते चलें कि इस महाआरती में यदाकदा जिला प्रशासन के लोगों को भी शिरकत करने के लिए बुला लिया जाता है और अखबारों में खबर छपवाकर सुर्खियां बटोरी जा रही हैं। शहर के प्रबुद्धजनों का यह भी कहना है कि इस महाआरती के मायने क्या हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व जिलाधिकारी हीरालाल ने जिले की नदियों, कुआं व अन्य जलाशयों में महाआरती की परंपरा शुरू की थी और वह अब सिमट कर केवल केन नदी में महाआरती के रूप में बची हुई है। पूर्व जिलाधिकारी की इस कार्यशैली से लोग आहत थे लेकिन बड़े ओहदे पर होने के कारण कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नही था।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत सात पर मुकदमा दर्ज

**बहेड़ी, बरेली।** दहेज में दो लाख नकद व सामान की मांग पूरी न होने पर एक ब्याहता का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, ससुर व सास समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गाँव गुलड़िया अता हुसैन निवासी अली हसन की बेटी शाइस्ता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया था कि प्रेम संबंधों के बीच उसका गाँव के ही रहने वाले साजेब पुत्र कमालुद्दीन के साथ दो साल पहले निकाह हुआ था। उस समय दहेज की कोई मांग नहीं की गई थी। उसके द्वारा साजेब के बच्चे के जन्म के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में दो लाख नकद और सामान की मांग कर शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। बीती 13 जून की रात सबने एक राय होकर दहेज की मांग की और मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर मारपीट शुर कर दी। साथ ही बच्चे के साथ उसे घर से निकाला जाने लगा।

## जिंदगी से खिलवाड़

यह श्रमिकों के जान से खिलवाड़ करने का आपराधिक कृत्य है। कुवैत के मंगाफ शहर में जर्जर एवं पुरानी बिल्डिंग में आग लगने से 45 भारतीयों की मौत हो गयी। इस इमारत में 196 विदेशी कामगार, मजदूर आदि भेड़-बकरियों की तरह रहने को विवश थे। इस लाक्षा गृह में भीषण आग लगी, तो वह फैलती ही गई। आग बुझाने के उपकरण नहीं थे। आग से बचकर बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। आग फैलने लगी, तो भगदड़ के हालात बन गये, नतीजतन मजदूर अपनी जिंदगी बचाने में असहाय, असमर्थ रहे। जलकर भस्म होने वालों में 45 भारतीय थे। उनमें सर्वाधिक 23 केरल के, 7 तमिलनाडु के, 3 आंध्रप्रदेश के और उप्र, बिहार, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के एक-एक व्यक्ति थे। दरअसल भारतीय दुनियाभर में नौकरी करने, रोजी-रोजगार करने जाते हैं। मकसद होता है अपने परिवार के लिए आजीविका अर्जित करना। अधिकतम पैसा कमाया जाए और भारत में परिजनों को कुछ पैसा वापस भेजा जाए, लेकिन त्रासदियों के आंकड़े सिर्फ खाड़ी देशों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि अमरीका, रूस, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे देशों में मजदूर ही नहीं, भारतीय छात्र भी त्रासदियों के शिकार होते रहे हैं। चूंकि मजदूरी, राजमिस्त्री, बढ़ई, बिजली कर्मी, फैक्टरी एवं घरेलू कामगार, फूड डिलीवरी एजेंट के तौर पर इतने भारतीय कुवैत में काम करते हैं कि वे वहां के कुल कार्य बल के 20 फीसदी से अधिक हैं। करीब 10 लाख भारतीय कुवैत में रहते और काम करते हैं। विदेश मंत्रालय के डाटा के मुताबिक, करीब 88 लाख भारतीय खाड़ी देशों में रहते और काम करते हैं। कुवैत इमारत की घटना त्रासद के साथ-साथ अमानवीय भी है। करीब 50 भारतीय घायल भी हुए हैं। कुवैत के उप प्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ अल-सबा ने इमारत के मालिकों पर लालच का आरोप लगाया और कहा कि भवन मानकों के उल्लंघन की वजह से यह त्रासदी हुई, लेकिन हम सिर्फ कारणों से ही संतुष्ट नहीं हो सकते। बुनियादी सवाल यह है कि क्या कुवैती सरकार 'लाक्षा गृह' वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी? दरअसल यह सामूहिक जिंदगी का सवाल है। खाड़ी और अरब देश नौकरी, मजदूरी, कौशल-पेशेवर रोजगार के बड़े आकर्षक गंतव्य हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के नियमों के अनुसार विदेशों में श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित है। कुवैत के लिए भारत ने राज्यों के साथ मिल कर 2016 में 64 श्रेणियों के काम के लिए वेतन तय किया था। कुवैत में भारतीय कामगारों को भेदभाव से लेकर खराब, अमानवीय कामकाजी परिस्थितियों तक से जूझना पड़ता है। ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, प्रवासी मजदूर दुर्व्यवहार, जबरन मजदूरी और निर्वासन आदि के शिकार होते रहते हैं। एक खोजी रपट में खुलासा हुआ था कि कतर में जब फुटबाल स्टेडियम निमार्णाधीन था और जो भारतीय कामगार काम कर रहे थे, उनकी जिंदगी बेहद अनिश्चित और मुश्किल थी। बेशक खाड़ी देशों में ठीक वेतन और अच्छी-खासी दिहाड़ी दी जाती है, लेकिन अकुशल, सेमी कुशल श्रमिकों ने अन्य प्रवासी कुशल कामगारों की सौदेबाजी की क्षमता को कम किया है। अधिकांश अर्द्धकुशल कामगार किसी एजेंसी या बिचौलिए के जरिए ही रखे जाते हैं, लिहाजा वे काम और आवास की कैसी भी स्थिति से समझौता कर लेते हैं। खराब हालात में रहने और काम करने के कारण श्रमिकों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसी शोषण और लापरवाही का नतीजा है कुवैत अग्निकांड। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है और सभी दोषियों पर कार्रवाई के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रवासी श्रमिकों का शोषण और उनकी जिंदगी से खिलवाड़ न हो सके।



**कुवैत में 45 भारतीय श्रमिकों की दर्दनाक मौत, मजदूरों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ का गंभीर आपराधिक कृत्य है।**

### विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

–स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

# पेपरलीक की महामारी से आखिर कैसे निपटें



लोकमित्र

**तथ्य इस बात के गवाह हैं कि पेपर लीक की बीमारी बहुत जटिल और गहरी जड़ें पकड़ चुकी है, इसलिए महज छोटे मोटे उपचार और ऊपर से खा लेनी वाली दवाओं से यह बीमारी काबू में नहीं आने वाली। वास्तव में अगर इस बीमारी से मुक्ति पाना है, तो सरकार को बहुत कठोर होकर इस बीमारी से मुक्ति के लिए परीक्षाओं की गहरी चीड़फाड़ वाली सर्जरी करनी होगी। तभी इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।**

मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश की अखिल भारतीय परीक्षा नीट यूजी-2024 में पेपर लीक सहित कई दूसरी अनियमितताओं के संबंध में पिछले एक पखवाड़े में सुप्रीम कोर्ट तीन बार सुनवाई कर चुका है, लेकिन अभी भी उम्मीदवारों का अखिल भारतीय प्रदर्शन थमा नहीं है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के इतर विभिन्न प्रदेशों के हाईकोर्ट्स में भी इस संबंध में अलग अलग याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपने देश में प्रवेश परीक्षाओं और विशेषकर सरकारी नौकरियों में चयन के लिए होने वाली परीक्षाओं में किस स्तर तक धांधली बढ़ चुकी है। 'पेपर लीक' की समस्या, सरकारी नौकरियों और महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं के संबंध में, महामारी ही बन चुकी है। चिंताजनक बात यह है कि यह स्थिति तब है, जबकि देश के आठ राज्यों में पेपर लीक और परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों से निपटने के लिए कठोर कानून हैं और जल्द ही केंद्र सरकार का भी इस संबंध में एक केंद्रीय कानून आने वाला है, क्योंकि इस कानून का बिल लोकसभा में पहले ही पारित हो चुका है।

आये दिन सरकारी नौकरियों और महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में पेपर लीक की यह बीमारी कितनी ज्यादा बढ़ गई है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले सात वर्षों में 15 राज्यों की 45 सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं और अगर इनमें अकादमिक परीक्षाओं के लीक हुए पेपरों को भी जोड़ दें तो इनकी संख्या बढ़कर 70 हो जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कोई छोटी मोटी बीमारी नहीं बल्कि नई पीढ़ी के भविष्य के लिए कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक हो चुकी है। युवाओं के कॅरियर के लिए यह कितनी जानलेवा बीमारी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल में आयी एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सात सालों में 1.5 करोड़ से अधिक छात्र इस महामारी से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं, जिसका मतलब यह है कि पेपर लीक के इस अपराध के कारण या तो इन छात्रों का कॅरियर बर्बाद हो चुका है या इनके हाथ, इनके कॅरियर का जो सुखद अवसर आ सकता था, वह इस पेपर लीक बीमारी के कारण हाथ से निकल चुका है। ऐसा नहीं है कि देश में परीक्षाओं से संबंधित इस बीमारी से निपटने के लिए किसी तरह की कानूनी व्यवस्था नहीं है। देश के 8 राज्यों में पेपर लीक से लेकर नकल तक को रोकने के लिए कई तरह के कड़े कानून हैं और ये पिछले कई सालों से मौजूद हैं। मसलन महाराष्ट्र में 1982 से नकल विरोधी कानून लागू है, उड़िसा में 1998 से, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 1997 से, झारखंड में 2001 से, छत्तीसगढ़ में 2008 से, उत्तर प्रदेश में 2017 से और राजस्थान में जुलाई 2023 से, नकल विरोधी और पेपर लीक जैसी समस्या से सख्ती से निपटने के लिए बेहद सख्त कानून मौजूद हैं। बावजूद इसके पेपर लीक होने की बीमारी है कि उसमें किसी भी तरह की कोई कमी ही नहीं आ रही। हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि उत्तर प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए जल्द ही एक कठोर कानून लाया जायेगा, जिससे कि किसी भी कीमत पर युवाओं के भविष्य के साथ किसी किस्म का खिलवाड़ न हो सके।





### नीट परीक्षा

लेकिन सोचने वाली बात यह है कि पहले से ही यूपी में नकल को रोकने और पेपर लीक जैसी समस्या से निपटने के लिए कानून के मौजूद होने के बावजूद पिछले सात सालों में सरकारी नौकरियों में भर्ती के आठ महत्वपूर्ण पेपर लीक हुए हैं, जिसमें यूपी एसआई भर्ती परीक्षा-2017, यूपी एसएसएससी परीक्षा-2018, यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2024, इन तीन परीक्षाओं में ही करीब 42 लाख परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की जिंदगी से खिलवाड़ हुआ। जबकि इन तीनों परीक्षाओं में लगभग 80 हजार नौकरियों के पद थे। ऐसा नहीं है कि इन परीक्षाओं के पेपर लीक होने के दौरान उत्तर प्रदेश में पेपर लीक और नकल रोकने के लिए कोई कानून मौजूद नहीं था। उत्तर प्रदेश में पहले से ही ऐसा कानून मौजूद है, जिसमें प्रश्नपत्र लीक करने, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ करने आदि में शामिल किसी व्यक्ति या समूह को कम से कम तीन सालों के लिए जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुमार्ने की सजा का प्रावधान है, इसके बाद भी एक के बाद एक पेपर लीक और कई दूसरी तरह की परीक्षाओं से संबंधित गड़बड़ियां लगातार हो रही हैं।

अब उत्तर प्रदेश सरकार एक साल की सजा के बजाय 10 साल तक की सजा और 1 करोड़ की जगह 10 करोड़ रुपये तक के जुमार्ना लगाने की बात पर विचार कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के न्याय एवं विधि विभाग तथा गृह विभाग को इस संबंध में जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वो कठोर से कठोर कानून का मसौदा बनाकर मुख्यमंत्री के सामने पेश करें। लेकिन जानकारों का मानना है कि कितना भी मसौदा कड़ा बना दिया जाए, यह राजस्थान में मौजूद इसी तरह के कानून से ज्यादा कड़ा कानून नहीं होगा, जिसमें इस तरह का अपराध करने वालों को उम्र कैद तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। यही नहीं ऐसे अपराधियों पर एनएसए या गैंगस्टर जैसे एक्ट लगाये जाने की भी बात है और अगर ये कानून इसके दायरे में आये तो फिर अपराधियों की संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया जायेगा और अपराधियों की हर तरह की संपत्तियों को छीनकर इस अपराध में हुए आर्थिक नुकसान की भरपायी की कोशिश की जायेगी।

मगर सवाल है क्या इसके बाद भी पेपर लीक जैसी महामारी भारत के युवाओं के कॅरियर के ऊपर जो मंडरा रही है, वह हमेशा हमेशा के लिए गायब हो जायेगी? पारंपरिक विशेषज्ञ भले इससे मुतमईन हों कि कड़ी से कड़ी सजा देकर अपराधियों में दहशत बनायी जा सकती है, मगर जब पहले से ही आठ राज्यों में मौजूद तरह तरह के नकल और नौकरियों से संबंधित परीक्षाओं में होने वाले धांधलियों से निपटने के लिए कड़े कानून मौजूद हैं, फिर भी न नकल रूक रही है, न पेपर लीक होने की समस्या रूक रही है और न ही परीक्षाओं में होने वाली तरह तरह के धांधलेबाजियां ही रूक रही हैं, तो भला कैसे उम्मीद की जा सकती है कि एक और कानून आ जाने भर से इस समस्या से छुटकारा मिल जायेगा? दरअसल यह समस्या इसलिए भी छोटी मोटी नहीं है, क्योंकि देश के सभी महत्वपूर्ण और बड़े प्रदेशों में ये समस्या एक लंबे अर्से से मौजूद है, जिसके विरूद्ध अब तक कई तरह के कानूनों को आजमाये जाने के बाद भी ऐसे अपराधों में रत्तीभर भी कमी नहीं आयी।

देश के जिन महत्वपूर्ण राज्यों में पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों से संबंधित अपराध लगातार हो रहे हैं, उनमें पहला नंबर गुजरात का है, जहां पिछले सात सालों में 14 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं। जीपीएससी मुख्य अधिकारी परीक्षा, तलाटी परीक्षा, तलाटी सुरेंद्रनगर और गांधीनगर परीक्षा, शिक्षक योग्यता परीक्षा, मुख्य सेविका परीक्षा सहित अलग अलग तरह की जूनियर क्लर्क परीक्षा से लेकर वन रक्षक और उप ऑडिटर तक की परीक्षाओं के यहां पेपर लीक हो चुके हैं। गुजरात के बाद दूसरा स्थान राजस्थान है, जहां पिछले आठ सालों में यानी 2015 से 2023 तक 13 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। पश्चिम बंगाल में इसी अवधि में 10, उत्तर प्रदेश में 8, बिहार में 6, तेलंगाना में टीपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर लीक हुआ है, तो तमिलनाडु और महाराष्ट्र भी ये अपराध हो चुके हैं। तमिलनाडु में तमिलनाडु लोकसेवा आयोग का प्रश्नपत्र लीक हो चुका है, तो महाराष्ट्र में नौकरियों के इतर अकादमिक परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं।

### सोशल मीडिया

केजरीवाल ने सही कहा था, देख लीजिए ताजा वीडियो, देश के सबसे बड़े सूबे के मुख्यमंत्री को सुरक्षाकर्मियों से भी पीछे रखा, केजरीवाल की बात कभी गलत नहीं होती है। संजय सिंह.



भाजपा सरकार ने उ. प्र. पुलिस व्यवस्था के प्रति लापरवाही भरा नजरिया अपना रखा है और कुछ पुलिस सेवा के आउटसोर्सिंग पर भी विचार किया जा रहा है। अखिलेश यादव



माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की माता जी के अस्वस्थ होने की सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से माताजी के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केशव प्रसाद मौर्य.



## माया का बंधन

### अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

## अब मैं पुरस्कृत हो जीना चाहता हूं

### व्यंग्यलोक

आदरणीय, परमादरणीय सरकार जी! आज भी मेरा कद उतना ही है, वही अंगूठा भर। वैसे मेरा कद बढ़ता भी कैसे? मेरे लेखन से मेरा कद दो इंच बढ़ता है तो दूसरे मठ के मेरा कद चार इंच काट जाते हैं। सरकार जी! साहित्य लेखन से उपकृत संपृक्त हो बहुत जी लिया। अब मैं पुरस्कृत हो जीना चाहता हूं। मैं जानता हूं कि जिस पर मां सरस्वती का वरद हस्त होता है वह लेखन से उपकृत संपृक्त होता है और जिस पर सरकार जी का वरद हस्त होता है वह बिन लिखे ही पुरस्कृत होता है। सरकार जी! जैसे कि आपने साहित्यिक वृत्ति योजना में यह भी शर्त रखी है कि उस साहित्यकार को ही साहित्यकार वृत्ति योजना का लाभार्थी माना जाएगा जो साहित्यकार बीपीएल श्रेणी में होगा। तो सर जी! इस शर्त बाबत आपसे सादर निवेदन है कि मैं पूरी तरह से बीपीएल श्रेणी का ही साहित्यकार हूं। आप तो सरकार जी जानते ही हैं कि आज की तारीख में लेखन से कमाई ही क्या होती है? इसका जिंदा प्रमाण मेरे पास साहित्य से होने वाली वार्षिक आय का अपने क्षेत्र के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी है। मत पूछो मैंने किस किस की मिन्नतें किस किस से मन्नतें कर यह असली प्रमाणपत्र बनवाया है। जो कभी किसी रोज कहीं से गलती से किसी महीने किसी रचना का पारिश्रमिक आ जाता है तो उस दिन पानी के दीए जला दीवाली मना लेता हूं। सरकार जी! बीसियों शारीरिक और मानसिक रोगों ने मुझे चारों ओर से बुरी तरह घेर रखा है। मेरी मानसिक बीमारी का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि मुझे अपने से बड़ा साहित्यकार आज की डेट में पूरे ब्रह्मांड में कोई नहीं दिखता। कई बार तो मुझे जब मानसिक साहित्यिक बीमारी का दौरा पड़ता है तब मैं अपने सामने सूर, तुलसी, शेक्सपियर, आल्बेयर कामू, गोर्की को भी बहुत बौना पाता हूं। तब वे सब बेबस मुझे अपनी हीनता को दबाए टुकुर टुकुर निहारते हैं बस! अतः मैं साहित्यिक वृत्ति का सुपात्र आपके द्वारा अखबारों में प्रकाशित साहित्यकार वृत्ति का निर्धारित प्रपत्र को गौर से पूरी तरह भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित आपकी मेल आईडी पर आपको मेल कर ही रहा हूं, साथ ही साथ हार्ड कापी भरे प्रपत्र की प्रति पंजीकृत पत्र से आपकी सेवा में भेज रहा हूं। आपसे इल्तिजा है कि आप मेरे आवेदन पर ईमानदारी से गौर फरमाएं। **सरकार जी से साहित्यिक वृत्ति की आस में,** अनुग्रह से पूर्व धन्यवाद सहित, एक बीपीएली, शारीरिक और मानसिक अक्षम साहित्यिक बगुला।



अशोक गौतम

## नयी खोज से खुलेंगे आकाशगंगा के रहस्य



### विज्ञान

आसमान में शक्ति और शिव का मिलना खगोल विज्ञान के क्षेत्र में निःसंदेह एक क्रांतिकारी घटना है। तारों के समूह के इस अतिप्राचीन शृंखला का हिंदू देवी-देवता के नाम पर शिव और शक्ति नामित करने के भी गहरे निहितार्थ हैं। हिंदू वांग्मय में शिव और शक्ति के मिलन से ब्रह्मांड की उत्पत्ति का विवरण मिलता है। सृजन और ब्रह्मांड के गठन का प्रतीक यह नामकरण आकाशगंगा की लौकिक कथा में भारतीय दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। सितारों के दो नए समूह शृंखला शिव और शक्ति के मिलने के बाद अब हम अपनी आकाशगंगा और बह्मांड के कई गूढ़ रहस्यों को जान सकेंगें। ये तारा समूह आकाशगंगा की प्राचीन वंशावली का मानचित्रण करते हैं। नये भारत में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान या लाइफ साइंसेज जितना लोकप्रिय विषय नहीं रहा। माना जाता है कि यह आम जीवन को सीधे सीधे प्रभवित नहीं करता। इसलिए इस क्षेत्र की बड़ी से बड़ी खोजों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती और बहुधा नक्षत्र या ज्योतिष विज्ञान तक पहुंचकर ऐसी चर्चाओं की इतिश्री हो जाती है।

आमधारणा है कि जीवन संभावना से रहित किसी ग्रह, नये सितारे, उसके व्यवहार, क्रिया कलापों की खोज अथवा फिर उनके नामकरण से हमें आखिर क्या हासिल होने वाला है? आकाशगंगा के शोध अध्ययन से जो भी निकलेगा वह मात्र खगोल संबंधी, वायवीय और सैद्धांतिक होगा, व्यवहारिक नहीं। पर ऐसा नहीं है। इस संदर्भ में मात्र इतना ही कहना पर्याप्त है कि आकाशगंगाएं तारों की एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जिन सामग्री या तत्वों का पुनर्चक्रण करती हैं, उनके और इस पुनर्चक्रण की क्रिया के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। आकाशगंगाएं हमारा आकाशीय घर हैं, हमारी उत्पत्ति और उद्भव की मूल हैं। हमें अपनी जड़ों को जहां तक हो, जानना चाहिए। आकाशगंगाओं के अध्ययन से हम ब्रह्मांड की प्रकृति के अलावा यह भी जान पाते हैं कि ब्रह्मांड में पदार्थ बड़े पैमाने पर कैसे व्यवस्थित रहता है? आकाश गंगाओं का इतिहास हमें बताएगा कि वर्तमान आकाशगंगा और उसका संगठन पुरानी आकाश गंगा से क्यों और कैसे भिन्न है? आकाशगंगा में स्थित तारों की आबादी की घटत-बढ़त का पता लगाने से तारों के विलय, जन्मने या मर जाने का पता चलता है। 100 अरब आकाशगंगाओं वाली इस अंतरिक्ष प्रणाली में गुरुत्वाकर्षण से बंधे अरबों तारे, तारकीय अवशेष, धूल, अंतर्तारकीय गैस और ब्लैक मैटर मौजूद हैं। पृथ्वी के आकार के कम से कम 17 अरब क्षुद्र ग्रह आकाशगंगा में रहते हैं और हम अपनी आकाशगंगा की विकास प्रक्रिया को जानने के बाद इसे दूसरी आकाश गंगाओं पर लागू करके देख सकते हैं कि यह प्रक्रिया उन पर कैसे काम करती है। इन संदर्भों में देखें तो जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टिट्यूट में खगोलविद ख्याति मल्हान द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया टेलीस्कोप से पुरानी सितारों की दो शृंखलाओं शिव और शक्ति की खोज का महत्व समझ में आता है।

'एस्ट्रोफिजिकल' नामक पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र बताता है कि हमारे सूर्य से एक-एक करोड़ गुना ज्यादा भार वाली ये दोनों शिव और शक्ति शृंखलाएं 12 से 13 अरब साल पुरानी हैं। बिग-बैंग से आकाशगंगाओं का निर्माण भी 13.8 अरब पहले आरंभ हुआ था, इस लिहाज से ये तकरीबन नई आकाशगंगा के निर्माण की समकालीन हुईं। ऐसे में हमारी आकाशगंगा कैसे बनी यह रहस्य जाना जा सकेगा? आकाशगंगा के केंद्र से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित शिव और शक्ति दो धाराएं हैं। शिव केंद्र के पास है, जबकि शक्ति समूह दूर। माना जाता है कि बड़ी आकाश गंगा का निर्माण छोटी आकाशगंगाओं के टकराने से होता है। टक्कर में तारे नहीं टकराते बल्कि तारों का समूह मिलता है और छोटी आकाशगंगा का बड़ी में विलय हो जाता है। ज्यादातर सितारे विलय के बावजूद मूल आकाशगंगा की कोणीय गति और दिशा से जुड़े बुनियादी गुण बनाए रखते हैं, सितारों की स्थिति, दूरियां और गति का आंकलन करने से पता चला कि शिव और शक्ति दो अलग-अलग आकाशगंगाओं के अवशेष हैं, जिन्होंने मिलकर संभवतः हमारी पृथ्वी की आकाशगंगा मंदाकिनी के निर्माण में महती भूमिका निभाई। शोधकताओं ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया दूरबीन से उपलब्ध कराए गए डाटा और यूएस स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे के आंकड़ें का मिलान करने पर पाया कि शिव और शक्ति के तारों की कोणीय गति आकाशगंगा के केंद्र में स्थित तारों की तुलना में अधिक है। नए तारों में धात्विक तत्व अधिक होते हैं, जबकि इनमें बहुत कम था सो जाहिर है इनका निर्माण बहुत समय पहले हुआ होगा। **संजय श्रीवास्तव.**

## आप की बात

### बढ़ती जनसंख्या का बोझ

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।

ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, जो चिंता का विषय है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

### भविष्य की ऊर्जा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## पीटीएस के सिपाही को ट्रक ने रौंदा, मौत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमहट स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तैनात इंस्पेक्टर सुजीत कुमार को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया, जिसमें उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब 07:30 बजे सुजीत पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के गेट से कुछ सामान लेने के लिए बाहर निकले। लखनऊ की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें टक्कर मारी दी, जिसमें उनकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया कि पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपित ट्रक ड्राइवर व ट्रक को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में सुजीत के साथ तैनात अन्य साथी काफी गमगीन नजर आए। गौरतलब है कि अभी हाल में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तैनात दारोगा व उनकी पत्नी की भी मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

## बीए समाजशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 जून को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बीए, षष्ठ सेमेस्टर समाजशास्त्र विषय के संस्थागत छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा 21 जून को प्रातः 07:00 बजे से समाजशास्त्र विभाग में सम्पन्न होगी। सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र, असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समयानुसार समाजशास्त्र विभाग में उपस्थित हों। प्रयोगात्मक मौखिकी परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर परीक्षा परिणाम बाधित होगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र-छात्राओं की होगी। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी के त्रिपाठी ने प्रदान की।

## सैकड़ों चमगादड़ की अचानक मौत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर पंचायत कोइरीपुर में भीषण गर्मी के कारण सैकड़ों की संख्या में चमगादड़ मर गये। नगर पंचायत कोइरीपुर के श्री रामजानकी मन्दिर परिसर में स्थित पीपल एवं अशोक के पेड़ पर बड़ी संख्या में चमगादड़ कई वर्षों से लटक रहे थे। अचानक सैकड़ों की संख्या में ये चमगादड मृत अवस्था में पेड़ से नीचे गिर गये। जिसकी सूचना पर नगर पंचायत प्रशासन ने कर्मचारियों से मृत चमगादड़ को उठवाकर गड्ढा खुदवाकर उसमे दफनवाया। कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि चमगादड़ों की मृत होने की सूचना वन क्षेत्रीय अधिकारी रेंज लम्भुआ धीरेन्द्र यादव को दी गयी तो उन्होंने मिट्टी में दफनाने की बात कही।

## कॉलेज की ई-पत्रिका का 7वां अंक लोकार्पित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई-पत्रिका प्रतिबिम्ब के सातवें अंक का बुधवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। इसमें ग्रीष्मावकाश पर विशेष सम्पादकीय है। यह अंक विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर किया जा रहा है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर हुए विभिन्न कार्यक्रम




**रायबरेली।** जनपद के नव निर्वाचित सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लालगंज सरिता गुप्ता द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में भोजन वितरण किया गया। अतुल सिंह विधायक प्रत्याषी ऊँचाहार द्वारा जिला अस्पताल में व्हील चेयर भेंट की गई, डा.मनीष सिंह चैहान सदर विधायक प्रत्याषी ने सिमहैंस हास्पिटल में स्वास्थ्य षिविर का आयोजन किया, सरदार हरमिन्दर सिंह सलूजा ने सुपर मार्केट एवं जे.पी.त्रिपाठी ने उपनिबंधन कार्यालय के गेट पर शर्बत वितरण किया। अभिनव राय द्वारा तिलक भवन में केक काटकर और जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने जिला अस्पताल व कुष्ठ सेवा आश्रम में फल एवं भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर अपने प्रिय नेता का जन्मदिन मनाया। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने मा.सांसद श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिन की बधाई देते हुए ईश्वर से उनकी दीर्घायु की कामना की एवं उपस्थित कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर जननायक का जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता गण उपस्थित रहें।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, कई घायल

- गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पुलिस ने किया रेफर
- दोनों पक्षों के सत्रह आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** पड़ोसी से जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी डंडे चले और धारदार हथियार से भी प्राण घातक हमला किया गया। मारपीट में दोनों पक्ष के दर्जनों घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 17 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

लंभुआ कस्बा निवासी रामतीर्थ सिंह का पड़ोसी शेर बहादुर सिंह से जमीनी विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी प्राप्त है। आरोप है की आदेश के बावजूद शेर बहादुर सिंह जबरन निर्माण करने का प्रयास करते रहते हैं। राम तीर्थ सिंह द्वारा पुलिस तहरीर देकर विपक्षियों पर आरोप लगाया गया कि शेर बहादुर सिंह, राजबहादुर सिंह, राजेश सिंह, रतन सिंह, शिखा सिंह, निशी सिंह हाथ में लाठी, डंडा हसिया लेकर एक राय होकर दरवाजे पर पहुंच गए और गाली देते हुए प्राण घातक हमला कर दिए। जान बचाने के लिए घर में भागे तो हमलावर घर में घुस गए, अंदर मारे पीटे और सामान इत्यादि तोड़ दिए। शोर गुल मचाने पर उन्हें बचाने सुशील सिंह, सुनील सिंह, चंद्रशेखर सिंह, रेखा सिंह, बिक्रमजीत सिंह, संगीता सिंह, राज सिंह, सुनीता सिंह समेत कुल ग्यारह लोगों को गंभीर चोट आ गई। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुनील सिंह तथा रामतीर्थ सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

उधर दूसरे पक्ष मुन्नी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह अपने दरवाजे पर मिट्टी डलवा रही थी। उसी समय रामतीर्थ सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुनील सिंह, अनिल सिंह, सुशील सिंह, राज सिंह, शेखर सिंह, बिक्रमजीत सिंह, संगीता सिंह, रेखा सिंह, नीलम सिंह ने विरोध किया और उनके बेटे रतन सिंह तथा बेटी निशी सिंह व शिखा सिंह को मारा पीटा। जिसमें मुन्नी सिंह पक्ष के भी कई लोगों को चोटे आई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्ष के कल 17 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर पुलिस जांच कर रही है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व विधायक सूर्यभान सिंह



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्व विधायक सूर्यभान सिंह की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनको श्रद्धा व शिद्दत से याद किया गया। उनके पुत्र अपर मुख्य सचिव न्याय सुधीर सिंह व रूपेश सिंह के संयोजन में कुड़वार रोड के बांसी स्थित हरिहर प्रसाद महाविद्यालय में पुण्यतिथि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्मृति शेष पूर्व विधायक सूर्यभान सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्रा समेत उनके परिजनों ने दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे पार्टी नेताओं, समर्थकों व शुभचिंतकों को तीन हजार आम व नीम के पौधे वितरित किए। पुण्यतिथि में शामिल होने वालों में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह, करूणा शंकर द्विवेदी, जगजीत सिंह छंगू, सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, डॉ. एके सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल, तारकेश्वर सिंह, आनन्द द्विवेदी, समाजसेवी लहुरी सिंह, किन्नू तिवारी, प्रदीप शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरकारी धन गबन मामले में सचिव व प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विभागीय जांच में सरकारी धन की अनियमितता मिलने के बाद सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर सेवानिवृत सचिव व ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। कुड़वार विकास खंड के ग्राम पंचायत मसेतवा में ग्राम प्रधान दिलीप यादव व तत्कालीन सचिव दुर्गा देवी द्वारा डेस्क बेंच व स्ट्रीट लाइट के लिए सरकारी भुगतान निकाल लिया गया था। जिसकी शिकायत होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने एडीओ पंचायत कुड़वार सतीश पाल से जांच कराई। जांच में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा 64 हजार 215 रुपए की गबन की बात सामने आई। जिसकी लिखित शिकयत कुड़वार पुलिस को एडीओ पंचायत द्वारा की गई। पुलिस ने सरकारी धन के गबन की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि एडीओ पंचायत की तहरीर पर प्रधान व सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## राहुल गांधी के जन्म दिवस पर दर्जनों नव जवानों ने किया रक्त दान

**रायबरेली।** देश के नेता एवं रायबरेली के सांसद राहुल गाँधी के जन्मदिवस के अवसर पर एआईसीसी सदस्य व जिला पंचायत सदस्य डलमऊ वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया, शिविर का आयोजन



समर्पण चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, रायबरेली में सम्पन्न हुआ। रक्त दान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुशील पासी और पूर्व जिलाध्यक्ष वी के शुक्ला उपस्थित रहे, जननायक राहुल गाँधी से प्रेरित दर्जनों नव जवानों ने रक्त किया। सुशील पासी ने कहा कि आज जननायक राहुल गाँधी जी का जन्मदिन पूरा देश बड़े हर्ष उल्लास के साथ मना रहा है जननायक राहुल गाँधी जी ने गरीबों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के हक और सम्मान की लड़ाई को लड़ा है। वी के शुक्ला ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव से राहुल गाँधी की लोकप्रियता पूरे विश्व पटल पर स्थापित हुई है, राहुल गाँधी ने पूरे देश को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी है। रक्त दान शिविर के आयोजन वीरेन्द्र यादव ने कहा कि राहुल गाँधी युवाओं की प्रेरणा व देश के मसीहा हैं, राहुल गाँधी पूरे देश में गरीबों पिछड़ो दलितों शोषितों के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं मुझे पूरा विश्वास है की राहुल गाँधी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और देश उनके नेत्रत्व को स्वीकार कर रहा है देश के पढ़े लिखे युवाओं को राजनीति और सेवा के क्षेत्र में आगे आकर नेतृत्व करने से देश में विकास होगा और खुशहाली आयेगी। रक्त दान से किसी को भी नया जीवन मिल सकता है ब्लड सेंटर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जननायक राहुल गाँधी का जन्मदिन बनाया गया। इस अवसर पर शीतांशु मौर्य, लाल गोपाल यादव, अखिलेश कुमार, पुष्पेन्द्र यादव, प्रदीप कुमार, जमुना प्रसाद, अनूप कुमार सिंह रमेश कुमार, शिव मोहन पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर दी गयी योजनाओं की जानकारी




**सुलतानपुर (वीओएल)।** कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित किसानों को किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। किसानों की समस्याओं का निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में जिला विकास अधिकारी द्वारा जगन्नाथपुर एवं रिखपुर में ट्रांसफार्मर 63 से 100 केवीए में अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। यूपी ग्रामीण बैंक कयामुद्दीनपुर लम्भुआ में अविनाश सिंह को नियुक्त किया गया है, जो उसी गांव के हैं। शिकायत की जॉच हेतु जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी लम्भुआ एवं सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई की टीम गठित कर आख्या 21 दिन में उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता नलकूप को खराब नलकूपों को सही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसान भाई पौधरोपण अनिवार्य रूप से करें एवं फसलों की बुवाई लाइन से करें। उक्त बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ एके सिंह ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 10 दिवस के अंदर करना सुनिश्चित करें एवं संबन्धित किसानों को उनकी समस्या के समाधान का निस्तारण से उनको अवगत करा दिया जाय। इस मौके पर उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चैधरी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार तिवारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बल्दीराय अरूण कुमार, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड-16 शरद कुमार, प्रबंधक अग्रणी बैंक अनुराग शंखवार, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई मंगल यादव आदि मौजूद रहे।

## ट्रक-पिकअप की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जामो, अमेठी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रामशाहपुर पेट्रोल पम्प के पास मंगलवार की देर रात्रि आम से लदी पिकअप को पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ पिकअप ड्राइवर की मौत हो चुकी थी वही खलासी को जिला अस्पताल रेफर किया गया।ट्रक ड्राइवर अपनी गाड़ी को भगा कर ले जाना चाहा लेकिन अनियंत्रित हो कर थोड़ी दूर आगे बाग में घुस गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। मालूम हो कि मंगलवार की देर रात्रि लगभग 10.30 बजे अमन सोनकर पुत्र वारिशराम सोनकर उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी श्री रामनगर इन्होंना चौराहा थाना इन्हौना एवम जावेद पुत्र रईस उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी आरा मशीन के सामने इन्हौना थाना अपनी पिकअप गाड़ी नंबर वढ36 ळ5371 से आम लाद कर गौरीगंज की तरफ जा रहे थे की रामशाहपुर पेट्रोल पम्प के पास पीछे से आ रही ट्रक नम्बर वढ36 ळ3012 ने जबरदस्त टक्कर मार दिया।टक्कर से आस-पास के लोग जग गये।सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र भेजवाया जहाँ पहुँचने पर ड्राइवर की मौत हो चुकी थी जबकि खलासी की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।ट्रक ड्राइवर कुछ दूर बाद अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गया है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन



**अमेठी।** केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता में सैकड़ो कांग्रेसी इकट्ठा होकर राहुल गांधी के 54 वे साल पर केक काटकर व मिठाई बाटकर जन्मदिन खूब धूमधाम से मनाया। बुधवार को अमेठी कांग्रेस जनों में राहुल गांधी के जन्मदिन को लेकर काफी उत्साह दिखा।

पिछले वर्ष 19 जून 2023 को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर 101 बार हनुमान चालीसा पाठ करा कर राहुल गांधी के जन्मदिन को मनाया गया था। वही इस बार 2024 में गौरीगंज कार्यालय पर कांग्रेसियों में बड़ा उत्साह रहा लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर उत्साहित कॉन्ग्रेस कार्यकताओं को पहला कार्यक्रम अपने जन प्रिय नेता के जन्मदिन मनाने का अवसर मिला उत्साहित कार्यकर्ता आज कड़कड़ाती धूप में जिला कांग्रेस कमेटी के सामने कई घंटे तक शर्बत वितरण करते रहे। राहगीर, दुपहिया, व गुजरने वाले लोगों को कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी तन्मयता के साथ शरबत पिलाने में डटे रहे शर्बत वितरण के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने साथियों के साथ भयंकर गर्मी व धूप की परवाह न करते हुए कार्यकताओं को दिशा निर्देश देते रहे और शर्बत वितरण का कार्यक्रम चलता रहा।

पूर्व प्रत्याशी आशीष शुक्ला, जिला प्रवक्ता अनिल सिंह, अर्जुन पासी, मो मतीन, वरिष्ठ नेता रामलखन शुक्ला, शत्रुहन सिंह, सर्वेश सिंह, अशोक दुबे, रामप्रताप पांडेय,,इन्द्रपाल माली, माता ,रविन्द्र प्रताप सिंह, पवन शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह राजा, अजीत यादव, देवमणि बब्बन द्विवेदी, धर्मेंद्रसिंह अवनीश मिश्र, हीरामणि, राजू ओझा, अयाज खा चंदा, जितेंद्र बहादुर सिंह, आनंद सिंह, युका अध्यक्ष शुभम सिंह, सौरभ मिश्रा, जगन्नाथ उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति की हुई मौत से मचा हड़कंप

**रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है ग्रामीणों के मुताबिक जहर देकर मारे जाने की जताई गई आसंका। आपको बता दे कि बुधवार को समय करीब 11 बजे जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतनशीपुर गांव में उसे समय हड़कंप मच गया जब संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की मौत हो गई घटना की जानकारी पर पहुंची मिल एरिया थाने की पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया वही ग्रामीणों के मुताबिक मृतक कमलेश तिवारी को जहर देकर मर गया है जिसको लेकर ग्रामीणों ने घटना की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग किए जाने हेतु हंगामा भी किया मिल एरिया थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है औरे घटना की जांच पड़ताल की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा पुलिस टीम लगाकर जांच पड़ताल की जा रही है जो भी तथ्य जांच में सामने आएंगे उसे आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे देवी मजरे कोरिहरा गांव में चोरी की वारदात हुई है। घर मालिक कौशल विश्वकर्मा पुत्र शिवशरन विश्वकर्मा पुणे शहर गए हुए थे। इसी बीच घर में बाहर से ताला बंद देख चोरों ने वारदात करते हुए सोने चांदी के जेवरात और पीतल के बर्तन सहित 5000 नगदी पार कर दिया। पड़ोसी ने घर का ताला टूट देख कौशल विश्वकर्मा को फोन पर सूचना दी। सूचना पर घर आए कौशल विश्वकर्मा ने घर में इधर-उधर सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए।

## घर बैठे डाकिया से मिल सकेगी पीएम किसान सम्मान निधि

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसान अब घर बैठे इस राशि को तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि विभिन्न बैंकों के अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से निकाल सकते हैं। इसके लिए किसानों को किसी बैंक की शाखा या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी। प्रतापगढ़ मण्डल के अधीक्षक डाकघर एम.एम. हुसैन ने बताया कि देश के किसी भी बैंक में स्थित मोबाईल और आधार लिंक्ड खाते से घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में 10 हजार तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए डाक विभाग द्वारा



कोई शुल्क नहीं लगेगा। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को लाभार्थी किसान घर बैठे डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से निकाल सकते हैं। इसके लिए किसी बैंक या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उ0नि0 ऋषिकेश तिवारी थाना जायस मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 164/24 धारा 363,366,376 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना जायस जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अक्षय सम्भलवार पुत्र शंकर सम्भलवार निवासी ग्राम लोधी टोला थाना तिरोड़ा जनपद गोंदिया राज्य महाराष्ट्र उम्र करीब 26 वर्ष को रेलवे स्टेशन जायस से समय करीब 08.30 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## दबंगों के द्वारा सरेराह ट्रक चालक की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के धंमौर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास बोलेरो सवार चार दबंगों द्वारा मोरंग लेकर पहुंचे ट्रक चालक के साथ मारपीट व ट्रक में तोड़फोड़ का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दबंगों ने हाथों में लोहे के राड व डंडे से लैस होकर ट्रक ड्राइवर पर हमलावर है। दिनदहाड़े सरेराह ट्रक चालक के पिटाई व तोड़फोड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली से महज 500 मीटर दूर धंमौर रोड पेट्रोल पंप के पास का है। जहां पिछले कई सालों से संचालित हो रही अवैध मोरंग मंडी में बुधवार की सुबह बांदा से मोरंग लादकर ट्रक ड्राइवर मोरंग बेचने मंडी पहुंचा था। तभी यहां बोलेरो सवार युवकों ने उसकी लाठी डंडों और लोहे की रॉड से पिटाई कर दी। ड्राइवर के विरोध करने पर युवकों ने ट्रक में भी तोड़फोड़ की और ट्रक चालक से 15 हजार रुपये भी छीनकर घटना को अंजाम देने के बाद सभी युवक मौके से फरार हो गए।

**पुराने विवाद को लेकर घटना की आशंका :** अवैध मोरंग मंडी में मौजूद अन्य ट्रक मालिकों ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी युवक की ट्रक का खनिज अधिकारियों ने एक गांव में जाकर 60 हजार रुपए का चालान कर दिया था। जिस समय चालान हुआ, उस समय इस ट्रक ड्राइवर की गाड़ी भी ओवरलोड थी, लेकिन उसका चालान नही किया गया। आशंका थी इसी ट्रक ड्राइवर और मालिक की सूचना पर खनिज विभाग के अधिकारियों ने गाड़ी का चालान किया था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कई दिनों से विवाद चल रहा था।

# कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस आयोजित

- किसानों की समस्याओं और सुझावों को सुना गया तथा निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिये गये निर्देश




**अमेठी।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

किसान दिवस में किसान बन्धुओं द्वारा नहरों में पानी ना आने, निराश्रित गोवंश की समस्या, पेयजल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के दौरान सड़कों को खोदने के उपरांत उन्हें पुनः गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत न किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई। किसान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

### योग हमारे तरीकों को प्रभावित करता है

**अमेठी।** दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को बेनीपुर स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद काशिफ ने कहा कि योग हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीकों को प्रभावित करता है। योग अवसाद, तनाव और चिंता को प्रतिबंधित करने में मदद करता है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि योग से शारीरिक तंदुरुस्ती और मानसिक शांति मिलती है योग और ध्यान से बड़ी से बड़ी बीमारियां ठीक हो जाती है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद डॉक्टर दीपेंद्र नाथ मलिक ने कहा कि योग बेहतर स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और शरीर की छवि को सुधार करने व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होता है। मौके पर चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## कर्मचारियों द्वारा धोखाधड़ी कर चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर धनराशि गबन करने की शिकायत

**ऊँचाहार, रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगी आईटीडी कर्मचारियों द्वारा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कर्मचारियों ने भुगतान राशि के चेक पर फर्जी हस्ताक्षर करने और धनराशि गबन करने की शिकायत कोतवाली में की गई है। पूरा मामला एक्सप्रेस वे किराए पर लगाए गए ट्रैक्टर भुगतान का है। क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर लबेदवा निवासी रमेश कुमार का कहना है कि उन्होंने अपना ट्रैक्टर गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगी आईटीडी कंपनी में किराए पर लगाया था। जिसका भुगतान कुल 73 हजार रुपया कंपनी पर बकाया है। उसे इस भुगतान का एक चेक कंपनी द्वारा दिया गया। जब वह भुगतान हेतु बैंक गया तो पता चला कि चेक पर हस्ताक्षर फर्जी है। इसके बाद जब वह कंपनी के स्थानीय ऑफिस पहुंचा तो वहां के कर्मचारियों द्वारा उसे भुगतान देने के लिए बहाना बताया जा रहा है। लगातार कंपनी कार्यालय के चक्कर काटते काटते परेशान किसान ने बुधवार को कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि उसे आशंका है कि उसका भुगतान कंपनी से लेकर लोगों ने गबन कर लिया है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले में जिम्मेदार लोगों को बुलाया गया है। बातचीत करके समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# प्रधानमंत्री जम्मू- कश्मीर का करेंगे दौरा

## पीएम इस दौरान I,500 करोड़ से अधिक की 84 प्रमुख विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास एवं उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 और 21 जून को जम्मू कश्मीर का दौरा करेंगे। इस दौरान वह केंद्र शासित प्रदेश में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे तथा 10वें अंर्ताष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह सहित कुछ अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की जम्मू कश्मीर की यह पहली यात्रा है। हाल के दिनों में इस केंद्र शासित प्रदेश में कुछ आतंकवादी घटनाएं भी हुई हैं।

पीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री 20 जून की शाम लगभग छह बजे श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंर्ताष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर को बदलना कार्यक्रम में भाग लेंगे। बयान के मुताबिक यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो यहां की प्रगति को प्रदर्शित करता है और युवाओं को प्रेरणा प्रदान करता है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री स्टालों का निरीक्षण करेंगे और जम्मू-कश्मीर के यंग अचीवर्स (उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं) के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान I,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 84 प्रमुख विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन



करेंगे। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, उनमें सड़क बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति योजनाओं और उच्च शिक्षा में बुनियादी ढांचे आदि से संबंधित परियोजनाएं हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री चेनानी-पटनीटॉप-नाशरी खंड में सुधार, औद्योगिक सम्पदा के विकास एवं छह सरकारी डिग्री कॉलेज के निर्माण जैसी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री I,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और संबद्ध क्षेत्रों (जेकेसीआईपी) परियोजना में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार की भी शुरुआत करेंगे। यह परियोजना जम्मू एवं कश्मीर के 20 जिलों के 90 ब्लॉकों में लागू की जाएगी। प्रधानमंत्री सरकारी सेवा में नियुक्त 2,000 से अधिक व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। पीएमओ ने कहा, इन परियोजनाओं की आधारशिला रखे जाने और उद्घाटन किए जाने से युवा सशक्त होंगे और जम्मू एवं कश्मीर में बुनियादी ढांचे का विकास होगा। प्रधानमंत्री अगले दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सुबह साढ़े छह बजे श्रीनगर में मुख्य समारोह का नेतृत्व करेंगे। पीएमओ ने कहा, इस वर्ष का आयोजन युवा मन और शरीर पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करता है। उत्सव का उद्देश्य योग के अभ्यास में हजारों लोगों को एकजुट करना, वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री साल 2015 से हर साल योग दिवस पर आयोजित समारोहों का नेतृत्व करते रहे हैं। उन्होंने दिल्ली, चंडीगढ़, देहरादून, रांची, लखनऊ मैसूर और यहां तक कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय सहित विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर योग दिवस समारोहों का नेतृत्व किया है। इस वर्ष योग दिवस का विषय स्वयं और समाज के लिए योग है और यह व्यक्तिगत व सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में दोहरी भूमिका पर प्रकाश डालता है।

# नीट विवाद : आप ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

नीट विवाद : आप ने शिक्षा मंत्रालय को बर्खास्त करने की मांग की

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पेपर लीक को संस्थागत रूप देने का आरोप लगाया और नीट में अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पाठक ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा में भ्रष्टाचार देश के साथ विश्वासघात करने से कम नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में नीट परीक्षा में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। नीट परीक्षा देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मेडिकल कॉलेजों में सभी प्रवेश नीट के जरिए होते हैं। उन्होंने कहा, करीब एक लाख सीट हैं और इन परीक्षाओं में 24 लाख छात्र बैठते हैं। विद्यार्थी इन



परीक्षाओं की तैयारी काफी पहले से ही शुरू कर देते हैं और उनके परिवार भी परीक्षा तैयारी में शामिल होते हैं। शिक्षा में भ्रष्टाचार देश के साथ विश्वासघात से कम नहीं है। पाठक ने कहा कि उनकी पार्टी इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहती, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा ने देश में पेपर लीक को संस्थागत बना दिया है। पूरी समस्या की जड़ गुजरात है और 2015 से अब तक वहां एक भी परीक्षा ऐसी नहीं हुई, जिसका प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ हो। हम इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहते हैं। पाठक ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। उन्हें शिक्षा मंत्री को निलंबित करना चाहिए या संबंधित मंत्री को खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए। इससे पहले दिन में, आप ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) विवाद को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन किया।

**कांग्रेस नीट के मामले को लेकर शुक्रवार को राज्य मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेगी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-स्नातक में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को सभी राज्य मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर छात्रों के लिए न्याय की मांग करेगी।

### संक्षेप

## पाकिस्तान में 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक जान-माल के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में 98 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके इस्लामाबाद, रावलपिंडी, पेशावर, स्वात, मलकंद, उत्तरी वजीरिस्तान, पाराचिनार, लोअर दीर, हांगू, चारसद्दा और स्वाबी सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं क्योंकि मुल्क इंडियन और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट की सीमा पर स्थित है। दक्षिण एशिया का एक बड़ा हिस्सा भूकंपीय दृष्टि से सक्रिय है क्योंकि इंडियन टेक्टोनिक प्लेट उत्तर की ओर यूरेशियन प्लेट से टकराती हैं। इस महीने की शुरुआत में कराची के कुछ हिस्सों में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था। पाकिस्तान के गदप, कटोहर और मालिर जिले के आसपास के इलाकों सहित कई हिस्सों में दो मई को 2.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों में 13 मार्च को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया था।

# रूस व उ. कोरिया के संबंधों की मजबूती पर समझौता

एजेंसी

सियोल। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि रूस और उत्तर कोरिया आर्थिक तथा सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। रूसी राष्ट्रपति ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ बुधवार को प्योंगयांग में मुलाकात की।

पुतिन ने यूक्रेन पर रूस की नीतियों का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया का आभार भी व्यक्त किया। रूस ने यूक्रेन पर 2022 में आक्रमण किया था और यह संघर्ष आज भी जारी है। उत्तर कोरियाई नेता के साथ अपनी वार्ता की शुरुआत में पुतिन ने कहा कि नया मौलिक दस्तावेज दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में हमारे संबंधों का आधार बनेगा। पुतिन के इस बयान को रूस की समाचार एजेंसी तास और रिया नोतोस्ती ने प्रकाशित किया। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में दोनों नेताओं के बीच बैठक को एक ऐतिहासिक क्षण करार दिया जो दोनों देशों की दोस्ती और एकता की शानदार मिसाल और स्थायित्व को प्रदर्शित करती है।

# राहुल सत्ता को सच का आईना दिखाने वाले नेता

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया। राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य हैं। इससे पहले वह



केरल के वायनाड से सांसद थे। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के संविधान में निहित मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाज़ों के प्रति आपकी सशक्त करुणा, ऐसे गुण हैं जो आपको दूसरों से अलग करते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा का लोकाचार आपके सभी कार्यों में दिखाई देता है, क्योंकि आप सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाकर अंतिम व्यक्ति के आंसू पोंछने के अपने मिशन में लगे हुए हैं। मैं आपके लंबे, स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करता हूं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं अपने प्रिय नेता राहुल गांधी जी को शुभकामनाएं देने वाले करोड़ों भारतीय नागरिकों में खुद को शामिल करता हूं।

# रामफोसा ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल की ली शपथ

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। सिरिल रामफोसा ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) पिछले महीने हुए चुनाव में बाहुमता हासिल नहीं करपायी थी। पिछले महीने हुए चुनावों में रामफोसा की एएनसी ने 30 साल में पहली बार अपना संसदीय बहुमत खो दिया। हालांकि, एएनसी और डेमोक्रेटिक अलायंस ने अपनी प्रतिद्वंद्विता को दरकिनार करके गठबंधन सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक समझौता किया। चुनाव में एएनसी को 40 प्रतिशत वोट मिले, जबकि डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) 22 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहा। प्रीटोरिया की यूनियन बिल्डिंग में प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो ने रामफोसा (71) को शपथ दिलाई। रामफोसा ने कहा, मैं शपथ लेता हूं कि मैं दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के प्रति वफादार रहूंगा, मैं गणराज्य के संविधान और अन्य सभी कानूनों का पालन, अनुपालन और समर्थन करूंगा। रामफोसा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के नागरिकों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काने के प्रयासों से विचालित नहीं होना चाहिए, क्योंकि देश राष्ट्रीय एकता की सरकार के दौर में प्रवेश कर रहा है। कई देशों को राष्ट्र प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ हजारों मेहमानों की मौजूदगी में रामफोसा ने कहा, हमें विभाजित करने या विचलित करने, संदेह या निराशा फैलाने या एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के हर प्रयास को अस्वीकार करना चाहिए। जो लोग हमारे रास्ते में खड़े होना चाहते हैं, जो तनाव को भड़काना चाहते हैं, वे सफल नहीं होंगे, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी दृढ़ निश्चयी हैं। राष्ट्रीय एकता की नयी सरकार में रामफोसा एएनसी, मध्य-दक्षिणपंथी डीए और छोटी पार्टियां शामिल हैं।



# यमन के हूती विद्रोहियों का हमला, पोत डूबा

एजेंसी

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से निशाना बनाए जाने के बाद मालवाहक पोत लाल सागर में डूब गया। हूती विद्रोहियों के हमले में पोत के डूबने की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी।

ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर (यूकेएमटीओ) ने क्षेत्र में नाविकों को सचेत करते हुए बताया कि द ट्यूटर लाल सागर में डूब गया। यूकेएमटीओ ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि उन्होंने समुद्री मलबा और तेल



देखा है। माना जा रहा है कि जहाज डूब गया है। हूती विद्रोहियों ने पोत के डूबने के संबंध में फिलहाल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

पोत द ट्यूटर पर एक सप्ताह पहले लाल सागर में हमला किया गया था। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सोमवार को बताया था कि इस हमले में चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई।

चालक दल का यह सदस्य फिलीपींस से था।

# मंगाफ अग्निकांड में मारे गए लोगों के परिजन को 15 -15 हजार डॉलर

एजेंसी

दुबई।कुवैत सिटी। कुवैत की सरकार दक्षिण अहमदी गवर्नरेट में पिछले दिनों हुए अग्निकांड में मारे गए 46 भारतीयों समेत सभी 50 लोगों के परिजनों को 15-15 हजार डॉलर का मुआवजा देगी। एक खबर में यह दावा किया गया। कुवैत के अधिकारियों के अनुसार मंगाफ इलाके में 12 जून को सात मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे जिनमें अधिकतर भारतीय थे। अरब टाइम्स अखबार में मंगलवार को प्रकाशित खबर के अनुसार कुवैत के अमीर, शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के आदेश पर मृतकों के परिजन को 15-15 हजार डॉलर (12.5 लाख रुपये) की राशि मुआवजे के तौर पर दी जाएगी। सरकारी सूत्रों के हवाले से अखबार ने लिखा कि संबंधित दूतावासों को यह राशि पहुंचाई जाएगी। अग्निकांड में फिलीपीन के तीन नागरिक भी मारे गए थे और एक मृतक की पहचान नहीं हुई है। खबर में कहा गया है कि संबंधित दूतावास मृतकों के परिजनों तक राशि पहुंचाने का काम करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पुष्पा-2' अपडेट

**मुंबई।** मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बात की जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। फिल्म पहले 15 अगस्त को थिएटर में दस्तक देने वाली थी।

मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट में हुए बदलाव की वजह भी बताई। मेकर्स ने कहा कि वे क्वालिटी कॉम्प्रोमाइज नहीं करना चाहते थे, इसलिए यह फैसला लिया। पुष्पा 2 की पॉपुलैरिटी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म के गाने और टीजर को 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। हाल में रिलीज हुए फिल्म के दो गाने 'पुष्पा पुष्पा'



और 'अंगारों' यूट्यूब पर हिट रहे। रिलीज डेट में हुए बदलाव से फिल्म को भारी नुकसान भी हो सकता है। 15 अगस्त को नेशनल हॉलिडे रहता है। इस कारण फिल्म के पहले दिन की कमाई शानदार हो सकती थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस दिन नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट को मिलाकर फिल्म ओपनिंग डे पर 180-200 करोड़ की कमाई कर सकती थी। वहीं, सिर्फ हिंदी बेल्ट में फिल्म 65 करोड़ तक की कमाई कर सकती थी। इस तरह से देखा जाए तो रिलीज डेट में हुए बदलाव की वजह से फिल्म को लगभग 30 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। अगर फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होती तो 4 दिन का लंबा वीकेंड भी मिलता।

फिल्म पुष्पा 2 का डायरेक्शन सुकुमार कर रहे हैं। पहले पार्ट का भी डायरेक्शन इन्होंने ही किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को 500 करोड़ के बजट में बनाया जा रहा है। फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल को देखा जाएगा।

# मर्डर के आरोपी दर्शन का पुराना केस भी ओपन

मुंबई। कन्नड़ एक्टर दर्शन थूगुदीपा इन दिनों एक फैन रेणुकास्वामी के मर्डर केस में जेल में बंद हैं। फैन रेणुकास्वामी मर्डर केस में फंसे कन्नड़ एक्टर दर्शन थूगुदीपा से जुड़ा एक और मामला सामने आया है। यह मामला एक्टर के 39 साल के मैनेजर श्रीधर से जुड़ा है जिन्होंने इस साल अप्रैल में दर्शन के ही फार्महाउस पर सुसाइड कर लिया था। अब लोकल पुलिस इस मामले में फिर से इन्वेस्टिगेशन करके यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं श्रीधर की सुसाइड और दर्शन पर चल रहे रेणुकास्वामी मर्डर केस के बीच में कोई कनेक्शन तो नहीं। पुलिस के हाथ श्रीधर का एक वीडियो लगा है।

सुसाइड से पहले बनाए गए इस वीडियो में श्रीधर ने डिप्रेशन से जूझने का जिक्र किया था। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया था कि इस मामले से जुड़ी किसी भी जांच में उनके परिवार को शामिल न किया जाए। श्रीधर, दर्शन के फार्महाउस का काम देखा करते थे। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान भी लगाए थे और इस कदम को उठाने के पीछे की वजह अकेलापन बताई थी। अपनी मौत से पहले उन्होंने एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। पुलिस हिरासत में रेणुकास्वामी मर्डर केस में फंसे एक्टर दर्शन थूगुदीपा।

# अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म सबसे सस्ती इंडियन एयरलाइन सिंपली डेक्कन के फाउंडर जी आर गोपीनाथ की बायोपिक है। फिल्म में अक्षय कुमार और



राधिका मदान बतौर लीड एक्टर नजर आएंगे। ट्रेलर में परेश रावल भी नजर आ रहे हैं। अक्षय और परेश को कई फिल्मों में एक साथ काम करते हुए देखा गया है। दोनों की जोड़ी को दर्शक खूब पसंद करते हैं। लेकिन इस फिल्म में उनकी जोड़ी कुछ अलग अंदाज में दिखाई देने वाली है। ये फिल्म साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म 'सूरारई पोट्रू' का ऑफिशियल हिंदी रीमेक है, जिसे सुधा कोंगरा ने डायरेक्ट किया है।

# 'मुंज्या' की अब तक की कमाई 61.25 करोड़

मुंबई। शरवरी, अभय और मोना सिंह स्टारर 'मुंज्या' लगातार बेहतरीन कलेक्शन कर रही है। अपने दूसरे सोमवार को फिल्म ने 5 करोड़ 50 लाख रुपए कमाए हैं। इसके साथ ही 11 दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 61 करोड़ 25 लाख रुपए हो चुका है। फिल्म ने पहले हफ्ते में भी वर्किंग डेज में अच्छा बिजनेस किया था। अगर यह इसी तरह का प्रदर्शन करती रही तो जल्द ही 100 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकती है। सोमवार को फिल्म की ओवरऑल ऑक्यूपेंसी 28.88% रही। सुबह 14.79%, दोपहर में 32.48%, शाम के शोज में सबसे ज्यादा 35.60% और रात के शोज की ऑक्यूपेंसी 32.64% रही। कहानी में मराठी बैकग्राउंड होने के चलते इस फिल्म को मुंबई में 37% और पुणे में 32% ऑक्यूपेंसी मिली है। सुपरनैचुरल कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' ने दूसरे हफ्ते में वर्किंग डेज में भी अच्छी कमाई की और फिर सेकेंड वीकेंड पर भी फिल्म को पब्लिक से कमाल का रिस्पॉन्स मिला। इसने दूसरे शुक्रवार को 3.75 करोड़ दूसरे शनिवार को 6.75 करोड़ और दूसरे रविवार को 8.75 करोड़ रुपए कमाए। कुल मिलाकर देखा जाए तो 'मुंज्या' का



कलेक्शन हाल फिलहाल में रिलीज हुई 'भैया जी' और 'सावी' जैसी फिल्मों के कलेक्शन से कई गुना बेहतर है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com